

- भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट - 12



- तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक लुढ़का - 12



- ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई - 13



- प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.21 सूर्यास्त 06.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी 01:30 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 13 मई 2026, वर्ष 6, अंक 77, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### ऑर्केस्ट्रा समूहों के चंगुल से 44 नाबालिग लड़कियां मुक्त कराईं

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा डांस समूहों के चंगुल से करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है और इस मामले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना पुलिस ने पटना पुलिस मुख्यालय के समन्वय से यह कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और विभिन्न राज्यों से आईं करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि अधिकांश लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं, जबकि कुछ उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लाई गई थीं।

### सीबीआई ने शुभेंदु के पीए की हत्या की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने जांच का जिम्मा संभाला है। सीबीआई ने दिल्ली के विशेष अपराध विभाग के एक डीआईजी के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है, जिसमें एजेंसी की विभिन्न इकाइयों के कुछ बेहतरीन जांचकर्ता शामिल हैं। यह दल कोलकाता के संयुक्त निदेशक को जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि सीबीआई के कोलकाता जोन के अधिकारी भी जांच के लिए इस दल में शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और उसने जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने अपने हवाई अड्डे पर छिपाए थे ईरानी एयरक्राफ्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने हवाई अड्डों में जगह दी थी। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक खबर में यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ईरान-अमेरिका और अन्य पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान द्वारा निभाई जा रही भूमिका पर एक बार फिर पूरी तरह से विचार करने की आवश्यक होगी।

### बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

**कोलकाता।** यहां के तिलजाला इलाके में मंगलवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को घटना की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 1:45 बजे इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई और कुछ ही क्षणों में लपटें फैल गईं, जिससे पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। इस मंजिल का इस्तेमाल चमड़े के गोदाम के रूप में किया जाता था।

# नीट यूजी का पेपर लीक, परीक्षा रद्द, सीबीआई को जांच

## देशभर में कई जगहों पर कार्रवाई सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर | एनटीए के डीजी बोले- नहीं बदले जाएंगे परीक्षा केंद्र, निष्पक्ष होगी पुनर्परीक्षा | 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों ने 3 मई को 551 शहरों में दी थी परीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा अब नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां अलग से अधिसूचित की जाएंगी। सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की।

एनटीए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गयी थी। एजेंसी ने कहा कि निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को वाकई बड़ी असुविधा होगी। उसने कहा कि लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था।



नई दिल्ली : नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसएफआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

### छात्रों में आक्रोश, अभ्यर्थियों ने कहा-बेहद निराशाजनक

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के रद्द किए जाने के बाद देशभर के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। छात्रों ने एनटीए की कार्यक्षमता पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का आयोजन एम्स-दिल्ली द्वारा कराया जाए। कोलकाता की एक अभ्यर्थी मौमिता दास ने कहा कि यह घटनाक्रम उनके और उनके माता-पिता दोनों के लिए बेहद निराशाजनक है।

### महानिदेशक ने कहा परीक्षा प्रक्रिया 7 से 10 दिन में होगी शुरू



**नई दिल्ली।** प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के चलते नीट-यूजी 2026 को रद्द करने की जिम्मेदारी लेते हुए एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा कि फिर से परीक्षा का कार्यक्रम अगले सात से दस दिन के भीतर घोषित किया जाएगा। सिंह ने कहा, फिर से परीक्षा की तारीख के लिए, मैं अपनी टीम के साथ बैठक करूंगा और अगले कुछ दिनों में परीक्षा का पूरा कार्यक्रम और तारीखें घोषित करूंगा। हमारा प्रयास रहेगा कि परीक्षा जल्द आयोजित की जाए ताकि मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रवेश कार्यक्रम में कोई बाधा न आए। उन्होंने प्रश्न पत्र लीक होने को दुखद बताते हुए सिंह ने कहा, प्रश्न पत्र लीक होना तुरंत रुकना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### नहीं लिया जाएगा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क : एनटीए

एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुन: आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर पुन: आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नई तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जाएगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

### नासिक पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया



**नासिक।** नासिक पुलिस ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने मामले में मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। यहां के पुलिस उपायुक्त किरणकुमार चौहान ने कहा, नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के लिए आज सुबह राजस्थान पुलिस से अनुरोध प्राप्त हुआ। उसी के अनुसार, नासिक पुलिस की अपराध शाखा की द्वितीय इकाई ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। राजस्थान पुलिस की एक टीम उसे हिरासत में लेने के लिए यहां आएगी।

### जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में भेजेगी टीम

सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र से निर्देश मिलने के बाद सीबीआई ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में एक टीम भेजेगी, ताकि राज्य पुलिस के एसओजी से सामग्री एकत्र की जा सके, जो इस मामले की जांच कर रहा था। सीबीआई ने इससे पहले 2024 के नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले को सुलझाया था।

# हिमंत ने ली शपथ, लगातार दूसरी बार असम के सीएम बने

- मोदी-शाह भी रहे मौजूद, भाजपा और सहयोगी दलों के 2-2 मंत्री बने

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में राजग की सरकार बन गई है। उनके साथ चार विधायकों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली जिनमें भाजपा के अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं।

राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा क्षेत्र में वेटरनरी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शर्मा और चारों विधायकों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मारगेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। धोती-कुर्ता पहने और गले में पारंपरिक गमछा डाले हुए मुख्यमंत्री और तीन विधायकों तेली, बोरा और नियोग ने असमिया में जबकि बोरो ने बोडो भाषा में शपथ ली।

प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को बधाई दी। समारोह से जाने से पहले प्रधानमंत्री ने जनता और मंच पर मौजूद लोगों का आभार जताया। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, मां कामाख्या, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और असम की जनता के आशीर्वाद से मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद के साथ हम जनता की सेवा करने और उसकी आकांक्षाएं पूरी करने को लेकर उत्सुक हैं।



गुवाहाटी : शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### सुशासन की नई ऊंचाइयां पाएगा असम: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में असम में हिमंत सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने एनडीए की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक विजय और असम के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनकी कैबिनेट को शपथ ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सरमा के नेतृत्व में निश्चित ही असम सुशासन, विकास और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# केदारनाथ मंदिर की आय में 34 फीसदी इजाफा, 71.06 करोड़ हुई

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की वित्त वर्ष 2024-25 में चढ़ावे, दान और विभिन्न सेवाओं से कुल 71.06 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.32 प्रतिशत अधिक है। बता दें कि वर्तमान में चारधाम यात्रा जारी है और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए माना जा रहा है कि इस यात्रा सीजन में इस आय में और इजाफा होगा।

आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता के सूचना के अधिकार आवेदन के जवाब मंदिर समिति ने ये आंकड़ें उपलब्ध कराए हैं। इनमें, वर्ष 2023-24 में मंदिर की आय 52.90 करोड़ रुपए रही थी। मंदिर समिति ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 3.77 करोड़ रुपये की शुरुआती शेष राशि को शामिल करने के बाद रुद्रप्रयाग जिले में मंदिर के लिए कुल उपलब्ध धनराशि 74.84 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। समिति ने बताया कि मंदिर में विशेष पूजाओं से 14.18 करोड़ रुपये और थाली भेंट (दान) से 9.59 करोड़ रुपये अर्जित किए गए जबकि हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से 3.19 करोड़, विशेष दान और हुंडी (संग्रह पेटी) से 4.46 करोड़ प्राप्त हुए। मंदिर समिति ने 'यात्री भोग' से 1.56 करोड़ व निवेश पर ब्याज के रूप में 2.75 करोड़ भी प्राप्त किए। 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष में मंदिर पर 66.39 करोड़ रुपये व्यय हुआ। मंदिर की वित्तीय वर्ष 2023-24 में 52.90 करोड़ रुपये की आय हुई और 54.16 करोड़ रुपये खर्च हुए।



- आरटीआई में खुलासा: वर्ष 2023-24 में 52.90 करोड़ आय तो 54.16 करोड़ हुए खर्च

### खर्चा भी है बेहिसाब : द्विवेदी

बदरीकेदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि समिति केदारनाथ मंदिर के अलावा बदरीनाथ समेत 47 अन्य मंदिरों का प्रबंधन करती है। हमारे अस्थायी और सीजनल कर्मियों समेत करीब 700 कर्मचारी हैं। 20-25 करोड़ रुपए तो वेतन पर ही खर्च हो जाते हैं। इस धनराशि से मंदिरों, 27 अतिथि गृहों और सात स्कूलों का रखरखाव होता है। प्रमुख खर्चों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाएं और मंदिरों के खुलने व बंद होने की अवधि के दौरान किए जाने वाले रखरखाव कार्य शामिल हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को चीन ने दी थी मदद, भारत ने चेताया

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के पाकिस्तान को मदद देने संबंधी खबरें पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। साथ ही, यह भी कहा कि जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें विचार करना चाहिए कि आतंकी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने से उनके रुख और अंतर्राष्ट्रीय साख पर क्या प्रभाव पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने चीन के सरकारी मीडिया की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर यह बात कही। खबरों में कहा गया है कि पहलगाम हमलों का बदला लेने के लिए भारत द्वारा मई 2025 में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। चीनी मीडिया के अनुसार, चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की कि उसने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में एक सटीक, लक्षित और सुनियोजित कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से संचालित और उसके इशारे पर काम कर रहे सरकार-प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था।



- विदेश मंत्रालय ने कहा- जिम्मेदार देशों को साख पर सोचना चाहिए

# हल्द्वानी निवासी नवविवाहिता की दिल्ली में हत्या, पति फरार

**हल्द्वानी।** यहां के बनभूलपुरा निवासी युवती की दिल्ली में हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, निशा परवीन (28) नाम की युवती का शव पलंग के बॉक्स में मिला है जबकि इस मामले में संदिग्ध उसका उसका पति फरार है।

निशा ने बीती 26 अप्रैल को ही वैशाली, बिहार निवासी मो. एजाज से निकाह किया था और दोनों मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में किराए पर रह रहे थे। युवती के परिजनों ने नबी करीम थाने में एजाज और उसके भाई सरफराज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सरफराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, एजाज की तलाश जारी है।

विस्तृत पेज-3

# सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज

**महोबा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी व उनके अज्ञात समर्थकों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मामला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप गुप्ता की तहरीर पर 11 और 12 मई की दरमियानी रात को महोबा शहर कोतवाली में दर्ज किया गया।

हमीरपुर-महोबा सीट से सपा सांसद लोधी और उनके समर्थकों ने सोमवार को बिजली विभाग को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली कटौती, स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को उठाया गया था। गुप्ता ने आरोप लगाया कि लोधी के सरकारी कार्यालय तक मार्च के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ, यातायात बाधित हुआ और सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा आई। यह भी आरोप लगाया कि लोधी ने मोदी को राष्ट्र-विरोधी कहा। तहरीर में आरोप लगाया गया कि संवाददाताओं ने जब सपा सांसद से उनके प्रदर्शन के बारे में पूछा तो उन्होंने प्रधानमंत्री पर अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की।



- प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप, महोबा में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**निर्णय** | सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' समेत मंत्री, सांसद, विधायक और अफसर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चलेंगे

# मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों की फ्लीट में आधी कटौती

- पीएम के आह्वान पर मुख्यमंत्री की बड़ी पहल, बोले-अनावश्यक सोने की खरीद व विदेशी यात्रा से भी बचे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को प्रदेश में लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों एवं प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, ऐसे में संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के काफिलों से अनावश्यक वाहन हटाए जाएं। सीएम ने सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मेट्रो, पीएनजी, बस, कार पूलिंग, साइक्लिंग और ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रदेशवासियों से ईंधन की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सचिवालय और निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सेमिनार, वर्कशॉप और बैठकों को ऑनलाइन मोड में करने पर जोर दिया गया। ऊर्जा बचत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी भवनों में अनावश्यक बिजली का उपयोग रोका जाए।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने लोगों से अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने और देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की।



लखनऊ में अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

स्टेट ब्रीफ

## पहाड़ों पर बरसे बादल, मैदान में लोग तरसे

**देहरादून :** प्रदेश में मंगलवार को पहाड़ों पर मौसम का मिजाज बिगड़ा रहा तो मैदानी इलाकों में मंडराए काले बादल दोपहर होते-होते धूप में खिल गए। मौसम विभाग ने बुधवार को भी ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है। राज्य मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में 12 और 13 मई को आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को उच्च पर्वतीय इलाकों में बारिश के बाद धुंध छायी रही जबकि मैदानी इलाकों में सुबह काले बादल छाने से बारिश का माहौल तो बना लेकिन हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम खुल गया।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर, 5 घायल

**हरिद्वार :** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर मंगलवार को सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हरिद्वार से स्नान कर बरेली लौट रहे यात्रियों की कार को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। सभी घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, घटना के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# ट्रॉमा केयर, अंगदान व नर्सिंग सेवा मानव रक्षा के सशक्त स्तंभ: सिंह

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर एम्स में समारोह संबोधित किया

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि, ट्रॉमा केयर, अंगदान और नर्सिंग उत्कृष्टता केवल चिकित्सा विज्ञान के विषय नहीं हैं, बल्कि मानवता की रक्षा के तीन सशक्त स्तंभ हैं। ये सेवा-भाव, संवेदनशीलता और जीवन के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित ''उन्नत ट्रॉमा देखभाल, अंगदान और नर्सिंग उत्कृष्टता'' विषयक समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नर्सिंग सेवा करुणा, समर्पण और मातृत्व की भावना का जीवंत स्वरूप है। गंभीर अवस्था में मरीज के लिए नर्स केवल स्वास्थ्यकर्मी नहीं, बल्कि विश्वास, सहारा और आत्मीयता का प्रतीक बन जाती है। राज्यपाल ने नर्सिंग पेशे के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि नर्सें समाज में मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

ट्रॉमा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद का ''गोल्डन ऑवर'' अत्यंत महत्वपूर्ण होता है


एम्स ऋषिकेश में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

और समय पर उपचार मिलने से मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

उत्तराखंड जैसे दुर्गम एवं पर्वतीय राज्य में प्रभावी ट्रॉमा प्रबंधन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। अंगदान के महत्व पर बल देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह मानवता का सर्वोच्च दान है, जो किसी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है। शरीर भले ही नश्वर हो, लेकिन दान किए गए अंग मानवता के साथ जीवित रहते हैं। उन्होंने समाज से अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर मेयर शंभू पासवान, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग कुसुम कंडवाल, एम्स की कार्यकारी निदेशक डॉ. मीनू सिंह, एचओडी ट्रॉमा केयर डॉ. कमर आजम, डॉ. शैलेन्दु शंकर, कर्नल बीनू शर्मा, डॉ. मधुर उनियाल मौजूद रहे।

### आधुनिक तकनीकों से स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़

राज्यपाल ने प्रसन्नता जतायी कि एम्स ऋषिकेश हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस, टेलीमेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में एआई आधारित तकनीकों, रोबोटिक्स, आधुनिक डायग्नोस्टिक्स, नेत्र चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की भी प्रशंसा की। राज्यपाल ने नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित करने के साथ अंगदान करने वाले दानदाताओं एवं उनके परिजनों को सम्मान प्रदान किया।

## शोरूम से लाखों के जेवरातों का गबन

**हल्द्वानी:** हल्द्वानी शहर के भोटिया पड़ाव क्षेत्र स्थित एक गोल्ड एन्ड डायमंड शोरूम में मंगलवार देर शाम लाखों रुपये के जेवरात गबन का मामला सामने आया। सूचना मिलते ही शोरूम और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।



यह खुलासा तब हुआ जब शोरूम में ऑडिट हुआ। सूचना पर कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में भोटिया पड़ाव पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में शोरूम में कार्यरत दो महिला कर्मचारियों पर गबन का आरोप लगाया गया। बताया जा रहा है कि शोरूम के स्टॉक मिलान के दौरान जेवरात गायब पाए गए, जिसके बाद शोरूम प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेजों की जांच में जुटी, जिसके बाद दो महिला कर्मचारियों पर शक गहराया।

पुलिस को देख महिला कर्मी टूट गईं। उन्होंने गबन किया माल शोरूम मालिक के सुपुर्द कर दिया जिसके बाद शोरूम प्रबंधन ने तहरीर न देते हुए दोनों महिला कर्मियों को माफ कर दिया। सीओ सिटी अमित सैनी ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।


गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे मां कामाख्या के दरबार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गुवाहाटी (असम) में स्थित प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां कामाख्या से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड की निरंतर प्रगति, विकास और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

● सीएम को देख उत्साह में दिखे स्थानीय लोग और श्रद्धालु

वहीं, मुख्यमंत्री धामी को मंदिर में देखकर स्थानीय नागरिकों के साथ ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने भी पूरा उत्साह दिखाया और मुख्यमंत्री के साथ बातचीत का मौका पाया। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाने के साथ ही सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने लोगों को देवभूमि उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

## कैबिनेट बैठक आज, कई अहम फैसले होंगे

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आज मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर फैसला लिया जाएगा। माना जा रहा है कि जैसे यूपी कैबिनेट की बैठक में वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच फैसले लिए गए हैं, उसकी तरह से धामी कैबिनेट भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को लेकर अहम निर्णय ले सकती है। इसके अलावा, राज्य के विकास से जुड़े फैसले भी होंगे।

# एएनएम पूजा राष्ट्रपति से सम्मानित

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में अनुकरणीय योगदान और सेवा के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तरकाशी की सहायक नर्स दाई (एएनएम) पूजा परमार राणा सहित 15 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2026 के 'नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल' पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा, नर्सिंग कर्मी सेवा के उच्चतम मानकों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और अक्सर सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैं सभी पुरस्कार विजेताओं को कर्तव्य के प्रति उनकी प्रेरणादायक निष्ठा और रोगियों की देखभाल के


एएनएम पूजा परमार पाल को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

उच्चतम मानकों को बनाए रखने के उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देती हूं।

उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी के नोगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर तैनात एएनएम पूजा परमार राणा ने सुदूर हिमालयी क्षेत्र में 15 वर्षों तक समर्पित सेवाएं दी हैं। यमुना के तटवर्ती क्षेत्र में कोविड-19 का टीका लगाने वालीं पहली स्वास्थ्यकर्मी रहीं, जिन्होंने सौ प्रतिशत टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य हासिल किया था। साथ ही, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्मों को लागू करने में भी अहम भूमिका निभायी है। अपनी अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ एएनएम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## हाईकोर्ट का डायनेस्टी रिसॉर्ट को राहत देने से इनकार

**नैनीताल :** नैनीताल के खुर्पाताल स्थित डायनेस्टी रिसॉर्ट के मामले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं दी। याचिकाकर्ता द्वारा कहा गया कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने 28 अप्रैल को आदेश जारी कर डायनेस्टी रिसॉर्ट को बंद करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया कि खुर्पाताल को लेकर याचिका हाईकोर्ट में लंबित है, ऐसे में पीसीबी का यह कदम अनुचित है। बोर्ड ने हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन उचित समय पर नहीं किया है। वहीं, पीसीबी बताया कि ललित मिगलानी बनाम राज्य सरकार मामले में दायर जनहित याचिका के क्रम में हाईकोर्ट ने खुर्पाताल क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वाले होटल और रिसॉर्ट के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# रास्ते का विवाद हाईकोर्ट पहुंचा, रिपोर्ट तलब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने खटीमा (ऊधमसिंह नगर) के सालभोजी और अन्य गांवों के वन विभाग द्वारा वर्षों पुराने संचालित रास्ते को अपना बताकर बंद किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

खंडपीठ ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में इस पर अपना जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। खंडपीठ ने सरकार से यह भी बताने को कहा है कि जनहित याचिका में लगाए गए दस्तावेजों के अनुरूप ही उसका उत्तर कोर्ट के सामने पेश करें। मामले के अनुसार, क्षेत्रीय निवासी नरेश कुमार ने क्षेत्र के हित में जनहित याचिका दायर कर कहा

● यूएस नगर के सालभोजी व गांवों का रास्ता बंद कर रहा वन प्रभाग

है कि सालभोजी और अन्य गांवों के निवासी वर्ष 1959 से इस रास्ते का उपयोग करते आए हैं, जो कि ग्राम सभाओं के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। अब वन विभाग इस भूमि को अपना बताकर इस रास्ते को बंद कर रहा है जबकि क्षेत्रवासियों का यह एकमात्र रास्ता है।

हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह भूमि वन प्रभाग की है। अब वन प्रभाग अपना कब्जा लेने जा रही है, जिस पर क्षेत्रवासी इसका विरोध कर रहे हैं। जिस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि जो रिकॉर्ड जनहित याचिका मे लगाया गया वह भी आपने दिया है तो आप कैसे कह सकते हैं कि यह प्रभाग की भूमि है, इस पर स्थिति से अवगत कराएं।

## पत्नी को ससुराल से बंधनमुक्त कराने की मांग

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक पति द्वारा अपनी पत्नी की सुरक्षा को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए एसएसपी हरिद्वार को अगली सुनवाई में महिला को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। याची वैभव गुप्ता ने अदालत को बताया कि वह हरिद्वार जिले में अपनी पत्नी के साथ खुशी-खुशी रह रहा था, लेकिन उसके ससुराल वाले उसकी पत्नी को जबरन अपने साथ ले गए। याचिका में आरोप लगाया गया कि महिला को वर्तमान में उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले में कहीं बंधक बनाकर रखा गया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि बहादराबाद (हरिद्वार) के थाना प्रभारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महिला से बात की है और वह सुरक्षित है। हालांकि, याची के वकील अजीत यादव ने तर्क दिया कि महिला अपने माता-पिता के डर और दबाव में है। उन्होंने मांग की कि महिला को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश किया जाए ताकि वह बिना किसी बाहरी दबाव के अपनी स्वतंत्र इच्छा से अपना बयान दर्ज करा सके। खंडपीठ ने एसएसपी हरिद्वार को आदेश दिया कि वे उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। स्पष्ट निर्देश दिया कि अगली सुनवाई की तिथि 18 मई को महिला को हर हाल में अदालत के समक्ष पेश किया जाए। इस मामले में राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों को भी प्रतिवादी बनाया गया है।

## सीईओ ने एसआईआर की समीक्षा की

**देहरादून:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम ने मंगलवार को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के मद्देनजर सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद अपनी तैयारियों को अन्तिम रुप देते हुए, मैपिंग में तेजी लाएं। फार्म 6, 7 और 8 का दैनिक रुप से अनिवार्य रिव्यू कर उनका निष्पादन करें। कहा कि प्रत्येक बूथ पर तैयार ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ (एएसडी) लिस्ट को राजनैतिक दलों के बीएलए को भी अनिवार्य रुप से साझा किया जाए।

# पानी की टंकी पर चढ़े नर्सिंग बेरोजगार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** वर्षवार नर्सिंग भर्ती की मांग पूरी कराने के लिए परेड ग्राउंड के पास पानी की टंकी पर सोमवार तड़के चढ़े नर्सिंग एकता मंच के सदस्य मंगलवार को भी डटे रहे।

35 घंटे से अधिक का समय बीतने और स्वास्थ्य मंत्री से कई बार उनके प्रतिनिधिमंडल की बैठक होने के बावजूद प्रदर्शनकारी तत्काल शासनादेश जारी करने की मांग पर अड़े रहे। इस बीच उन्हें नीचे उतारने के सभी प्रशासनिक प्रयास निष्फल साबित हुए। उनके साथ महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला भी टंकी पर चढ़ी हुई हैं। नर्सिंग अभ्यर्थियों की वर्षों से लंबित मांगों और लगातार हो



वर्षवार नर्सिंग भर्ती की मांग को लेकर धरना देते नर्सिंग बेरोजगार।

रही अनदेखी के विरोध में जारी आंदोलन मंगलवार को 159वें दिन में प्रवेश कर गया जबकि आमरण अनशन का 23वां दिन रहा। इस दौरान, अनशन के कारण अनेक प्रदर्शनकारी अस्पताल भेजे जा चुके हैं। नर्सिंग बेरोजगार सोमवार तड़के पांच बजे मांग पूरी करवाने के लिए परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए, जब तक पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें रोकती तब तक पांच लोग ऊपर चढ़ चुके थे। स्वास्थ्य मंत्री के साथ दिन भर चली कई दौर की वार्ता भी विफल रही। वे मांगों का शासनादेश जारी करने की जिद पर लगातार अड़े रहे।

## वाहन के हुए ब्रेक फेल सूझबूझ से बचे विदेशी

**नयी टिहरी:** टिहरी में मंगलवार को मॉरीशस के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर ले जा रहे वाहन के ब्रेक फेल हो गए, परंतु चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए 'हैंड ब्रेक' की मदद से उसे नियंत्रित कर लिया और यात्री बाल-बाल बच गए। पुलिस के अनुसार, मॉरीशस के श्रद्धालुओं का दल टेंपो ट्रैवलर से बदरीनाथ और केदारनाथ जा रहा था। इसी दौरान जिले के कीर्तिनगर क्षेत्र में दुगड्डा पुलिस चौकी के पास अचानक वाहन के ब्रेक फेल हो गए। स्थिति गंभीर होने के बावजूद हरियाणा निवासी 30 वर्षीय चालक कन्हैया ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए हैंड ब्रेक की सहायता से वाहन को नियंत्रित कर सुरक्षित रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा बच गया।

# शीर्ष कोर्ट में 21 से विशेष लोक अदालत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून की सचिव एवं सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) सीमा डुंगरकोटी ने मंगलवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में आगामी 21, 22 एवं 23 अगस्त को 'समाधान समारोह' के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सीमा डुंगरकोटी ने जानकारी दी कि इस विशेष लोक अदालत में फौजदारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, चेक बाउंस, बैंक ऋण एवं वसूली, दीवानी एवं वैवाहिक, बीमा, सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित प्रकरण, शैक्षणिक एवं सेवा संबंधी आदि वाद शामिल हैं।

### ज्यादा जानकारी के लिए यहां करें संपर्क

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त वादकारियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के दूरभाष नंबर 0135-2520873 एवं ई-मेल dehradundlsa13@gmail-com पर संपर्क किया जा सकता है।



सचिव ने बताया कि जिन वादकारियों के मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं तथा जो अपने मामलों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान चाहते हैं, वे 20 अगस्त तक अपने मामलों को आवश्यक रूप से सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध करा लें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि, अभियान के अंतर्गत देहरादून जनपद से संबंधित शीर्ष कोर्ट में लंबित मामलों के पक्षकारों को नोटिस भेजकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्री-मीटिंग एवं सुलह वार्ता हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। वार्ता सफल होने पर संबंधित मामलों को विशेष लोक अदालत में निस्तारित कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्राधिकरण के सहयोग से की जाएगी।

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

राहत

अभी गर्मी का डेढ़ माह से ज्यादा समय शेष, वनाग्नि की संभावनाएं बरकरार

# जलवायु परिवर्तन से नुकसान, फॉरेस्ट फायर में राहत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जलवायु परिवर्तन से जहां नुकसान हैं तो कहीं फायदे भी हैं। ग्रीष्मकाल में लगातार वर्षा से बड़ा लाभ जंगलों में लगने वाली आग की संख्या कम होने का मिल रहा है।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार बताते हैं कि फॉरेस्ट फायर का समय अमूमन 15 फरवरी से जून तक माना जाता है। मगर दो वर्षों में इस दौरान निरंतर वर्षा होने से जंगलों को आग से राहत मिली है। नैनीताल वन प्रभाग में इस वर्ष आग लगने की तीन घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमे मनोरा, गेठिया और भवाली का वन क्षेत्र शामिल है। इन घटनाओं में चार हेक्टेयर



वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। हालांकि गत वर्ष फॉरेस्ट फायर की छह घटनाओं में 3.55 हेक्टेयर जंगल जले थे। इधर, जनपद में इस बार जंगलों में आग की 19 घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 21.1 हेक्टेयर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है जबकि 2 मई से आग की घटना दर्ज नहीं हुई है। इससे पूर्व जंगलों में भारी भरकम पेड़ों में आग लगने की घटनाएं देखी जाती रही हैं। इस वर्ष घटनाएं तो हुईं लेकिन वह जमीनी स्तर पर सीमित रहीं। बड़ा नुकसान नहीं हुआ और आग बुझाने में वनकर्मियों ने तत्परता रही है। जिसमें अग्निशमन और ग्रामीणों का योगदान भी रहा है। जिस कारण आग की घटनाओं पर जल्दी काबू पा लिया। अभी गर्मी का डेढ़ माह से अधिक समय शेष है। लिहाजा जंगलों की आग की घटनाएं होने की संभावना बनी रहेगी। जिसके लिए वन विभाग की पूर्व तैयारियां पूरी हैं। प्रभागीय वनाधिकारी का कहना है कि, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पैटर्न बदलने लगा है। समर सीजन में बारिश होने से जंगलों की आग को काफी हद तक राहत मिली है, लेकिन शीतकाल में सूखे की स्थिति रहने से आग की घटनाएं होने की संभावना बढ़ गई है। पिछले दोनों शीतकाल सूखे रहे हैं जिसके चलते अब वन प्रभाग शीतकाल की आग बुझाने को लेकर भी तैयारियां कर रहा है।

**03** घटनाओं में 4 हेक्टेयर वन संपदा को नुकसान हुआ

**06** मामलों में 3.55 हेक्टेयर जंगल जले थे पिछले सीजन में

### 60 हेक्टेयर वन क्षेत्र में फैला प्रभाग

नैनीताल वन प्रभाग में कुल 60 हेक्टेयर वन क्षेत्र हैं जिनमें नैनीताल के अलावा भवाली और रानीबाग से नैनीताल शामिल है। उधर कालाढूंगी मार्ग में मंगोली से नैनीताल के बीच वन क्षेत्र है।

## दो बसों और कार की जोरदार भिड़ंत, कई लोग हुए चोटिल

**देहरादून :** ऋषिकेश-देहरादून राजमार्ग पर मंगलवार सुबह सात मोड़ के पास भीषण सड़क हादसे से अफरातफरी मच गई। एक बस और कार की आमने-सामने की टक्कर और बस की कार के पीछे जोरदार टक्कर में वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना की शुरुआत हरियाणा नंबर की एक कार से हुई। कार चालक को अचानक झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर आगे जा रही बस से जा टकराई। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी यात्री बस भी नियंत्रण नहीं रख सकी और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों बसों के अगले हिस्सों को भी भारी नुकसान पहुंचा। दोनों बसों में करीब 30-30 यात्री सवार थे। हादसे के बाद कई यात्री सदमे में सड़क किनारे बैठे नजर आए।

## सिटी इवेंट्स

● कमलुवागांजा जीएनजी एरिना में क्रिकेट अंडर-15 बालिका वर्ग के ट्रायल सुबह 8 बजे से

## सिटी ब्रीफ

### 21 मई से उत्थान मंच में शुरू होगा कुमाऊं कौतिक

**हल्द्वानी :** समर्पण एक सेव सामाजिक संस्था की ओर से 21 से 30 मई तक 10 दिवसीय कुमाऊं कौतिक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कौतिक में कुमाउनी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। लोक गायकों के साथ ही बबल बॉय और विभिन्न सांस्कृतिक दल भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

### स्कूटी से शराब सप्लाई कर रहा युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्कूटी से शराब ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर एसआई रेनू टीम के साथ चेकिंग पर थीं। रेलवे क्रॉसिंग से रॉयल होटल की ओर जाते समय पुलिस ने एक संदिग्ध स्कूटी सवार को रुकने का इशारा किया। स्कूटी सवार भागने के चक्कर में स्कूटी समेत गिर पड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सचिन कश्यप (29 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र कश्यप निवासी राजेंद्र नगर, राजपुरा हल्द्वानी बताया। पुलिस ने उसके पास से 41 अंग्रेजी और 48 पाउच देसी शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खर्च चलाने के लिए शराब बेचता है और पहले भी शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।

### वरिष्ठ नागरिक समिति ने लिया कार्यकाल विस्तार का फैसला

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को समिति कार्यालय (पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन) में अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता व महामंत्री डीके पांडे के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में हाल ही में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान व खेल समारोह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया गया। निर्णय लिया गया कि 30 मई को प्रस्तावित कार्यकारिणी चुनाव के स्थान पर वर्तमान कार्यकारिणी को 3 अप्रैल 2027 (स्थापना दिवस) तक बढ़ाया जाएगा। इस दौरान नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया व चिकित्सकों का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# लालकुआं में अनियमितता की मजिस्ट्रेटी जांच हुई शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

● डस्टबिन खरीद, अलाव की लकड़ी में गड़बड़ी की होगी जांच

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल ने नगर पंचायत लालकुआं में विभिन्न कार्यों में अनियमितताओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। एपी बाजपेयी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार हाल ही में सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ था। आरोप था कि यह विवाद विभिन्न विकास योजनाओं में कमीशन के बंटवारे को लेकर हुआ। बताया गया कि पहले दोनों पक्षों में समझौता हुआ, लेकिन बाद में दोबारा मारपीट की घटना सामने आई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपते हुए आशंका जताई थी कि इस प्रकार के विवाद से कानून व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत लालकुआं में डस्टबिन खरीद, शौचालय पुनर्निर्माण, छठ पूजा स्थल के पुनर्निर्माण और शीतलहर के दौरान अलाव के लिए लकड़ी की खरीद एवं खपत में संभावित अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच अधिकारी एपी बाजपेयी ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास मामले से संबंधित तथ्य या साक्ष्य हों तो वे 16 मई तक उपलब्ध करा सकते हैं।

## तराई पूर्वी वन डिवीजन ने मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए नई तकनीक का लिया सहारा

# खेत हो या जंगल, बाघ-तेंदुए को ढूंढ निकालेगा 'थर्मल ड्रोन'

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** ज्येष्ठ की तपती दोपहरी में गन्ने का खेत हो या रात के अंधेरे में झाड़ियों का डेरा, बाघ-तेंदुए का छिपना आसान नहीं होगा। वन विभाग का थर्मल ड्रोन वन्यजीवों के शारीरिक तापमान से उन्हें कहीं से भी ढूंढ निकालेगा। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम में मदद मिलेगी।

तराई भाबर में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वन्यजीव लगातार आबादी की ओर रुख कर रहे हैं कभी भोजन तो कभी पानी की तलाश में। ऐसे में वन्यजीव को रेस्क्यू करना वन विभाग के लिए लोहे के चने चबाने से कम नहीं होता है।

खासकर, जब वन्यजीव बाघ-तेंदुए गन्ने के खेत में छिप जाएं ऐसे में इनको ढूंढना बेहद मुश्किल होता है। इसी तरह को रात को झाड़ियों में छिपे वन्यजीव को भी खोजन में पसीने छूट जाते हैं। इसको देखते हुए वन विभाग अब इंटेलीजेंस मोड'' पर आ गया है। वन विभाग ने परंपरागत ड्रोन से इतर एक थर्मल ड्रोन लिया है।

### कर्मियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

**हल्द्वानी :** वैसे तो वन डिवीजन के प्रत्येक रेंज में ड्रोन ऑपरेशन के लिए तीन-तीन कर्मियों को ट्रेंड किया गया है लेकिन यह स्पेशल ड्रोन है इसके लिए कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। फिलहाल थर्मल डिवीजन हेड क्वार्टर पर रहेगा और जरूरत पड़ने पर संबंधित रेंजों में भेजा जाएगा।



थर्मल ड्रोन मंगाया गया है। यह शरीर के तापमान से किसी की भी लोकेशन डिटेक्ट कर सकता है। इससे मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम में मदद मिलेगी।
**-हिमांशु बागरी**, डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन

### शारीरिक तापमान से ढूंढ लेता है लोकेशन

थर्मल ड्रोन में थर्मल सेंसर्स लगे होते हैं जो किसी भी प्राणी के तापमान से उसकी लोकेशन डिटेक्ट कर लेते हैं। इसके अलावा नाइट विजन और उच्च रिजॉल्यूशन का एचडी कैमरा होता है जो रात में भी वन्यजीव के ढूंढने में मददगार होता है। अब यदि कोई वन्यजीव गन्ने के खेत या रात के अंधेरे में झाड़ियों के बीच छिपता है तो उसे अपेक्षाकृत आसानी से रेस्क्यू किया जा सकता है। फिलहाल एक थर्मल ड्रोन वन डिवीजन हेडक्वार्टर पर रहेगा, जो जरूरत के अनुसार संबंधित रेंज को भेजा जाएगा।

# 'नोटिस पर नोटिस'... निजी स्कूलों की मनमानी पर कार्रवाई का इंतजार

## जिले में 105 स्कूलों को नोटिस जारी, अभिभावकों ने उठाए विभागीय कार्रवाई पर सवाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** साल 1993 में आई दामिनी में अभिनेता सनी देओल का चर्चित डायलॉग 'तारीख पे तारीख' आज भी लोगों की जुबान पर है। कुछ ऐसा ही हाल निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ चल रही कार्रवाई का दिखाई दे रहा है। अभिभावकों का कहना है कि वर्षों से निजी स्कूलों को 'नोटिस पर नोटिस' भेजे जा रहे हैं, लेकिन कार्रवाई अब भी शून्य है।

अभिभावकों के अनुसार अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से लगातार निजी स्कूलों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके अब तक न तो स्कूलों के स्पष्टीकरण सार्वजनिक किए गए हैं और न ही किसी बड़े स्तर की कार्रवाई सामने आई है। जिले में अब तक 105 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें शहर के कई चर्चित स्कूलों के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के विद्यालय भी शामिल हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्कूलों को अतिरिक्त फीस वापस या समायोजित करने, निजी प्रकाशकों की जगह एनसीईआरटी पुस्तकों की सूची जारी करने और फीस विवरण स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आदेशों का पालन नहीं होने पर मान्यता रद्द करने तक की चेतावनी भी दी गई है।

हालांकि अभिभावकों का कहना है कि हर दूसरे या तीसरे दिन नए स्कूलों को नोटिस भेजे जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। उनका कहना है कि पहले भी कई बार नोटिस जारी हुए, लेकिन स्कूलों पर कोई प्रभावी एक्शन नहीं हुआ।




प्रतीकात्मक एआई फोटो।

जारी नोटिस में सभी स्कूलों को 15 दिन के भीतर आदेश का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। पहला नोटिस 5 मई को भेजा गया था। निर्धारित समय तक आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।
**- गोविंद राम जायसवाल**, सीईओ, नैनीताल

### पुराने नोटिसों पर भी कार्रवाई अधर में

निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर हर वर्ष शिकायतों और विभागीय जांच के बाद नोटिस जारी किए जाते हैं। इसके बावजूद नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो जाता है और कार्रवाई की प्रक्रिया अधूरी ही रह जाती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुराने नोटिसों के जवाब मिलने के बाद रिपोर्ट राज्य शिक्षा सलाहकार समिति को भेज दी गई है, जिस पर आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चार और स्कूलों को जारी हुए नोटिस

**हल्द्वानी :** हाल ही में जिन चार स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें माउंट कार्मल सेरा स्कूल, हैप्पी स्टेप्स स्कूल, एवर ग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और लेक्स इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। इससे पहले हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली और भीमताल क्षेत्र के 101 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ ही जिले में नोटिस पाने वाले स्कूलों की संख्या 105 पहुंच गई है।

## सड़क पर स्टंट, पुलिस ने 35 बाइकें की सीज

**हल्द्वानी :** डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चोरगलिया क्षेत्र में पुलिस ने नंबर प्लेट हटाकर हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कुल 35 बाइकें सीज की गईं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि चालक आखिर पहचान छिपाकर बाइक क्यों चला रहे थे।

हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट या नंबर प्लेट छिपाकर घूम रही बाइकों को चिह्नित किया। अभियान के दौरान चौकी कुंवरपुर क्षेत्र में 15 बाइकें और थाना चोरगलिया क्षेत्र में 20 बाइकें सीज की गईं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में नाबालिग और युवा जानबूझकर नंबर प्लेट हटाकर स्टंट और सड़क पर हुड़दंग करते मिले। जांच में यह भी सामने आया कि कई अभिभावक घर में बिना नंबर की बाइक होने के बावजूद बच्चों को रोकने के बजाय चुप्पी साधे रहते हैं। पुलिस ने ऐसे अभिभावकों को भी सख्त चेतावनी दी है। एसएसपी नैनीताल ने स्पष्ट कहा कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार आगे भी जारी रहेगा और सड़क को रेसिंग ट्रैक समझने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कैंचीधाम आया युवक बाइक समेत गिरा, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● दोस्त के साथ एक रिजॉर्ट का रैंप चढ़ते वक्त हुआ हादसा
● बाइक समेत गिरा कई फीट नीचे पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** दोस्तों और एक महिला मित्र के साथ कैंचीधाम दर्शन के लिए आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक बाइक से रिजॉर्ट का रैंप चढ़ रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर कई फीट नीचे जा गिरी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता ने युवक के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार बिथरी चैनपुर निवासी 25 वर्षीय केशव भारद्वाज पुत्र दिनेश भारद्वाज सोमवार को अपने दोस्तों और एक महिला मित्र के साथ भूमियाधार स्थित एक रिजॉर्ट में ठहरा था। बताया गया कि रिजॉर्ट का रैंप चढ़ते समय उसकी बाइक असंतुलित हो गई और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे पहले नजदीकी अस्पताल और बाद में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता दिनेश भारद्वाज ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, हालांकि अभी तहरीर नहीं दी गई है। डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण पता चलेगा।

### निर्माणाधीन मकान में मिला मजदूर का शव

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा स्थित एक निर्माणाधीन मकान में रविवार देर रात एक मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, रविवार रात डायल 112 पर सूचना मिली कि किसी ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी है। सूचना पर थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा पुलिस टीम के साथ मल्ला प्लाट, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा पहुंचे। यहां एक निर्माणाधीन मकान के भीतर तख्त पर एक व्यक्ति चित अवस्था में पड़ा था। उसके मुंह और नाक से झाग निकल रहा था और आंखें अधखुली थीं। मौके पर मौजूद मृतक के भाई प्रकाश चन्द्र ने उसकी पहचान 46 वर्षीय जीवन चन्द्र गंगोला निवासी वार्ड नंबर 35, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा के रूप में की। उन्होंने बताया कि जीवन चन्द्र लंबे समय से नशे का आदी था और निर्माणाधीन मकान में मजदूरों के साथ रह रहा था।

# प्रेम विवाह के 17 दिन बाद दिल्ली में हल्द्वानी निवासी निशा की हत्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● निशा परवीन का गला घोंटने के बाद शव बेड के नीचे छिपाकर फरार हुआ पति
● पति के अवैध संबंध होने का खुलासा होने के बाद आरोपी ने दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा निवासी एक युवती की दिल्ली में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रेम विवाह के कुछ ही दिनों बाद पति ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को बेड के नीचे छिपाकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-32 निवासी निशा परवीन रोजगार की तलाश में कुछ वर्ष पहले दिल्ली गई थी। वहां एक निजी कंपनी में नौकरी के दौरान उसकी मुलाकात बिहार के वैशाली निवासी मोहम्मद एजाज से हुई। दोनों के बीच दोस्ती हुई और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। बताया जा रहा है कि 26 अप्रैल 2026 को दोनों ने दिल्ली में प्रेम विवाह किया था।

सूत्रों के मुताबिक शादी के कुछ समय बाद निशा को पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने की जानकारी मिली। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि निशा इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कह रही थी, जिससे एजाज नाराज रहने लगा। आरोप है कि इसी विवाद के चलते एजाज ने निशा का गला घोंटकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद उसने शव को बेड के नीचे छिपा दिया और कमरे में ताला लगाकर फरार हो गया। कई दिन बाद कमरे से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर शव बरामद किया। पुलिस जांच में हत्या की पुष्टि होने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि हल्द्वानी पुलिस के पास अब तक मामले की आधिकारिक सूचना नहीं पहुंची है।

## कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी बंद

**हल्द्वानी:** राजकीय कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी सेवा बंद हो जाने से मरीजों और उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र का यह एकमात्र राजकीय कैंसर संस्थान है, जहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 मरीज रेडियोथेरेपी कराने आते थे, लेकिन नई मशीन लग रही इसलिए जांच नहीं हो रही है।रेडियोथेरेपी सेवा बंद होने से अब मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। कई मरीजों को देहरादून, दिल्ली या निजी अस्पतालों में जाना पड़ सकता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। खासकर गरीब मरीजों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। निदेशक डॉ. केसी पांडे ने कहा कि मशीन फिट करने के बाद रेडियोथेरेपी फिर से शुरू कर देंगे।

कार्रवाई | रविवार रात महिला चौकी इंचार्ज पर कार चढ़ाने की कोशिश करने का आरोप

# वर्दी उतरवाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी आरती को धमकाने, वर्दी उतरवाने और अपनी कार से कुचलने की कोशिश करने वाले को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। उसके खिलाफ चौकी प्रभारी आरती की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था, जिसे सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने धर-दबोचा।

पुलिस के अनुसार, 10 मई की रात कोतवाली हल्द्वानी पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। तिकोनिया स्थित 'कबाड़ी कबाब' के पास भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी आरती ने काली फिल्म लगी एक संदिग्ध कार को रोका। वाहन के चालान की कार्रवाई के दौरान चालक एसआई आरती से उलझ गया। आरोपी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि चालक ने पुलिसकर्मियों व एसआई आरती को जान से मारने और "वर्दी उतरवा देने" तक की धमकी दी। एसआई ने उसे रोका तो आरोपी ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी कार समेत मौके से फरार हो गया। मामले में एसआई आरती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से फरार आरोपी लवजीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी भवान सिंह नवाड़, लालकुआं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की कार को भी कब्जे में ले लिया है।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों या अन्य लोकसेवकों के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी को कुचलने की कोशिश करने वाला पुलिस की गिरफ्त में।

NABH मान्यता प्राप्त मल्टी स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल

SRMS Goodlife
A Multi Speciality Hospital

अत्याधुनिक सर्जरी के लिए विशिष्ट सेंटर



लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रो सर्जरी
गाल ब्लैडर, अपेंडिक्स, हर्निया, CBD स्टोन, कैंसर सर्जरी, कोलो-रैक्टल सर्जरी
डॉ. अमित सक्सेना
एमएस (सर्जरी), FIAGES
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रो सर्जन
Awarded by Wills Health System USA

यूरोलाजी, यूरो कैंसर व किडनी ट्रांसप्लांट
लेजर सर्जरी, RIRS, किडनी स्टोन, प्रोस्टेट, गुर्दा कैंसर सर्जरी, मूत्र संबंधी समस्याऐं
डॉ. महेश त्रिपाठी
एमसीएच (यूरोलॉजी), गोल्ड मैडलिस्ट
वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण (अत्याधुनिक जीरो तकनीक से दोनों घुटनें एक साथ बदलवायें)
डॉ. ध्रुव गोयल
एमएस (आर्थोपैडिक्स)
वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
रोबोटिक व कम्प्यूटर नेबीगेशन में प्रशिक्षित

अन्य विभाग
• जनरल मेडिसिन • मानसिक रोग • नैफ्रोलॉजी व डायलिसिस • न्यूरो साइंसेज़
• रिप्रोडक्टिव मेडिसिन • नाक, कान व गला रोग • कार्डियोलॉजी
• ऑप्थलमोलॉजी (नेत्र रोग) • रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी • फिजियोथैरेपी व डाइट सेवाएं
24x7 इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर (ICU)

क्यों चुनें गुडलाईफ हास्पिटल?
✧ अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टर
✧ आधुनिक आपरेशन थिएटर एवं डायग्नोस्टिक सुविधाएं
✧ मरीज-केंद्रित देखभाल एवं पारदर्शी इलाज
✧ SRMS का 23 वर्षो का अनुभव एवं लोगों का विश्वास

एसआरएमएस गुडलाइफ हॉस्पिटल
101/2, 101/3, स्टेडियम रोड, बरेली
✆ 9458705112, 9458707000

आयुष्मान भारत योजना एवं इंश्योरेंस / टीपीए द्वारा कैशलैश इलाज की सुविधा

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक समर्थित 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, योजना के तहत 30 महिलाओं को दिया जाएगा उन्नत कौशल प्रशिक्षण

# कुमाउनी पिछौड़ा बनाने के प्रशिक्षण से महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) समर्थित सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 'कुमाऊँनी पिछौड़ा : पारंपरिक एवं आधुनिक उन्नत कौशल' विषय पर 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का आयोजन चेष्टा संस्था के माध्यम से किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में 10 स्वयं सहायता समूहों से चयनित 30 महिलाओं को उन्नत कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक समूह से तीन महिलाओं का चयन किया गया है।



कुमाऊं में पहली बार नाबार्ड और चेष्टा संस्था महिलाओं को पारंपरिक पिछौड़ा बनाने का प्रशिक्षण देंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ते हुए बैंक ऋण सुविधा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उद्घाटन अवसर पर मुकेश बेलवाल, अमित बाजपेयी, उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक, नैनीताल जिला सहकारी बैंक, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमन अधिकारी ने की। मुकेश बेलवाल ने कहा कि नाबार्ड की ओर से स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण, बैंक संबद्धता, विपणन सहायता और उद्यमिता विकास जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुमाऊँनी पिछौड़ा केवल पारंपरिक परिधान नहीं, बल्कि कुमाऊँ की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कुमाऊँनी पिछौड़ा निर्माण की आधुनिक तकनीक, नवीन डिजाइन, रंग संयोजन, आकर्षक परिष्करण, पैकेजिंग और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही बैंकिंग, वित्तीय साक्षरता, विपणन, उद्यमिता विकास और डिजिटल माध्यमों से विपणन संबंधी विशेष सत्र भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन भ्रमण भी प्रस्तावित है, जिससे प्रतिभागियों को सफल उद्यमों और बाजार व्यवस्था की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित बैंक अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों को ऋण सुविधा और वित्तीय सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने भी इसे स्वरोजगार और आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर मुकुल, कंचन बिष्ट, नीतू, रिंकू, तुलसी शाह, मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

> इस प्रशिक्षण से हमें कुमाऊनी पिछौड़ा बनाने की नई तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। इससे हम घर बैठे रोजगार शुरू कर सकेंगे। – **तनुजा**, प्रशिक्षु

> इस कार्यक्रम से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। हमें डिजाइन, पैकेजिंग और मार्केटिंग की जानकारी भी दी जा रही है, जो बहुत उपयोगी है। – **पूजा**, प्रशिक्षु

> हमारी पारंपरिक कला को नई पहचान मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद हम अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। – **योगिता**, प्रशिक्षु

> नाबार्ड और संस्था की यह पहल महिलाओं के लिए बहुत अच्छी है। इससे हम आत्मनिर्भर बनकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर पाएंगे। – **नीमा**, प्रशिक्षु

# नीट यूजी परीक्षा-2026 रद्द, युकां का प्रदर्शन

### हल्द्वानी में बनाए गए तीन केंद्रों पर आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा में 1104 अभ्यर्थी थे पंजीकृत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के अंतर्गत आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा को लेकर नैनीताल जनपद के हल्द्वानी शहर में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों की परीक्षा अब रद्द कर दी गई है। परीक्षा 3 मई को पेन एंड पेपर मोड में आयोजित हुई थी, जिसमें कुल 1104 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा रद्द होने की सूचना मिलने के बाद अभ्यर्थियों और अभिभावकों में असमंजस और चिंता का माहौल है।

प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। विभिन्न केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति के साथ सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम भी किए गए थे। परीक्षा भी सही तरह से संपन्न हुई थी, इसके बावजूद अब परीक्षा निरस्त होने से छात्रों की मेहनत और भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी में 384 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। वहीं एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में 360 तथा एमबी इंटर कॉलेज, दुर्गा सिटी सेंटर के निकट स्थित केंद्र में भी 360 अभ्यर्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था थी। तीनों केंद्रों पर कुल 1104 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अभ्यर्थी अब नई परीक्षा तिथि और आगे की प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और प्रशासन की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।



नीट परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने हल्द्वानी में बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

### पेपर लीक पर भड़के नेता प्रतिपक्ष, उठाए सवाल

**हल्द्वानी :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने देशभर में हुई परीक्षा रद्द होने की घटना को युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के कारण सीएमएसटी 2026 की परीक्षा रद्द होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि 23 लाख छात्रों और उनके परिवारों के सपनों के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और युवाओं के साथ घोर अन्याय करार दिया। आर्य ने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में लगातार हो रहे पेपर लीक यह साबित करते हैं कि भाजपा सरकारें युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार के पास इतनी भी प्रशासनिक क्षमता और जवाबदेही नहीं बची है कि एक सामान्य परीक्षा को निष्पक्ष ढंग से आयोजित कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं यह सब सत्ता के संरक्षण में चल रहा कोई ऐसा "संयोग और प्रयोग" तो नहीं, जिसमें युवाओं की परेशानियों पर राजनीति की जा रही हो।

### नीट परीक्षा रद होने पर निकाला मशाल जुलूस

हल्द्वानी : नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष विशाल भोजक ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से मेहनती छात्रों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार रोजगार देने और भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू और जिला अध्यक्ष सुमित कुमार ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, भानु कबडाल और अनस हुसैन ने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे वर्षों मेहनत करते हैं, ऐसे में पेपर लीक होना बेहद शर्मनाक है। प्रदर्शन में दिग्विजय सिंह चौहान, भानु कावड़वाल, मनदीप सिंह गुजराल, नदीम सैफी, उमेश जोशी, मेहुल शाह, राहुल रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पीएम की अपील से प्रभावित हुए डॉक्टर, साइकिल से पहुंचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने की अपील के बाद एसटीएच के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अतुल सक्सेना ने साइकिल चलाकर ऑफिस पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन देकर बैट्री चलित वाहन, साइकिल और पैदल मार्च को बढ़ावा देने की मांग की है।

मंगलवार को डॉ. सक्सेना राजकीय मेडिकल कॉलेज कैंपस स्थित आवास से साइकिल से एसटीएच के लिए रवाना हुए। इसके बाद उन्होंने उत्तराखंड मेडिकल फैकल्टी एसोसिएशन की सचिव डॉ. साधना अवस्थी को ज्ञापन दिया। इसमें मेडिकल विद्यार्थियों, डॉक्टर्स से निजी वाहनों का प्रयोग कम करने, पैदल चलने के लिए प्रोत्साहन देने, साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा देने, ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल, पेट्रोल-डीजल के स्थान पर बैट्री चलित वाहनों को बढ़ावा देने, लोगों को पैदल चलाने के लिए जनजागरूकता शिविर लगाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज फैकल्टी को आगे आना चाहिए। निजी वाहनों का न्यूनतम प्रयोग, पैदल चलने को प्रोत्साहन, सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग पर जोर देना चाहिए। मेडिकल कॉलेज कैंपस के अंदर वाहनों का प्रयोग बहुत ही कम किया जाए। साइकिल चलाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे तन-मन स्वस्थ्य रहता है। ईंधन की बचत होती है। पर्यावरण स्वच्छ रहता है। हमको अब फिर से साइकिल को अपनाना चाहिए।




साइकिल से अस्पताल जाते डॉ. सक्सेना।

- **वाहन छोड़ साइकिल से चलने की करेंगे तैयारी**
- **मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में शुरू हुआ मंथन**

# उस्ताद इलमास हुसैन की प्रस्तुति ने मन मोहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** स्वर संगम संगीत संस्थान की ओर से लखनऊ घराने के प्रख्यात तबला वादक व खलीफा उस्ताद इलमास हुसैन का प्रभावशाली व्याख्यान-प्रदर्शन स्वर संगम प्रांगण, हीरानगर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उनकी पत्नी निगार फातिमा खान का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उस्ताद इलमास हुसैन ने लखनऊ तबला घराने के इतिहास, परंपरा व अपनी आठवीं पीढ़ी तक की संगीत यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने पूर्वजों स्व. उस्ताद वाजिद हुसैन व स्व. खलीफा उस्ताद आफाक हुसैन के योगदान का उल्लेख करते हुए विभिन्न तालों, पेशकार, गत, कायदे एवं रेला की प्रभावी प्रस्तुति दी। उन्होंने स्वर संगम के तबला आचार्य डॉ. मुकेश चंद्र पंत के प्रयासों की सराहना की और उपस्थित शिष्यों को नियमित अभ्यास हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में हारमोनियम पर गौरव बिष्ट ने संगति दी व मंच संचालन रणविजय ने किया। इस अवसर पर आचार्य हरीश चंद्र पंत, पं. चंद्रशेखर तिवारी, विनीता पांडे, मीरा पंत, सरोद वादक स्मित तिवारी सहित कई पदाधिकारी व छात्र कलाकार उपस्थित रहे।



तबला वादन की प्रस्तुति देते उस्ताद इलमास।

## नैनीताल टीम ने जीते 19 स्वर्ण समेत 52 पदक

**हल्द्वानीः** देहरादून के आमवाला स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में आयोजित तीसरी राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में नैनीताल जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 स्वर्ण, 19 रजत और 14 कांस्य पदक जीत जिले का नाम रोशन किया। कोच वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विनीता जोशी, साक्षी जोशी, पायल मेहता, निकिता यादव, किरण तिवारी, ईशा पलड़िया, करन भंडारी, निष्ठां गुरुरानी, देवांश, वरुणा लोहनी, स्वरा नेगी आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हल्द्वानी पहुंचने पर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह किरौला, महासचिव राजेंद्र क्योरा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट, नीरजा बोहरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने भी टीम को जीत पर बधाई दी। टीम कोच वीरेंद्र राठौर, मदन बिष्ट व टीम मैनेजर आशा बिष्ट ने खुशी जताई है।

# नर्स डे पर हुए कार्यक्रम, नाइटिंगेल को किया याद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे (फ्लोरेंस नाइटिंगेल जयंती) पर कई कार्यक्रम हुए। इस वर्ष की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य : सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं' रही।

प्राचार्य प्रो. डॉ. जीएस तितियाल ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और मरीजों की सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि यह दिवस नर्सों के त्याग, समर्पण और अथक परिश्रम के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने निस्वार्थ सेवा की जो मिसाल कायम की, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगी। राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शबिस्ता अहमद ने कहा कि नर्सें सेवा, संवेदना, करुणा और मानवता की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रसिद्ध कुमाऊनी लोकगीत 'बेड़ू पाको बारो मासा' और 'ओ भिना कसिके जानू द्वारहाटा' पर पारंपरिक लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य तथा राजस्थानी, पंजाबी, मराठी और पहाड़ी लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

कार्यक्रम का संचालन दीपिका जंगपांगी एवं सागर जोशी ने किया। इस अवसर पर राज्य कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. केसी पांडे, डॉ. आर.जी. नौटियाल, डॉ. सुभाष जोशी, नर्सिंग अधीक्षक जीबी मोल टी मैथ्यू, उप नर्सिंग अधीक्षक ईला चौधरी, ललिता बिष्ट, अनिता अधिकारी, उमेश पांडे, रेनू रमोला रहे।




नर्स दिवस पर मेडिकल कॉलेज में छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाई।

### ग्राफिक एरा में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सेवा, समर्पण और मानवता की भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने का संकल्प लिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य–सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं रही, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक नाइटिंगेल शपथ लेकर मरीजों की सेवा, करुणा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने की प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने हाथों में जलते दीप लेकर आशा, संवेदनशीलता और सेवा का संदेश दिया।

## मांगों को लेकर जूहा शिक्षकों का धरना

**हल्द्वानी :** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की हल्द्वानी ब्लॉक इकाई ने मंगलवार को उप शिक्षाधिकारी कार्यालय में 13 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने, 17140 वेतनमान लाभ, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, तीन पदोन्नतियों की गारंटी और अंग्रेजी विषय के पद सृजित करने सहित कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। शिक्षकों ने 5400 ग्रेड वेतन पाने वालों को बोनस या राजपत्रित अधिकारी का दर्जा देने की भी मांग उठाई। जिला मंत्री डॉ. डीएन भट्ट ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में जिले के सभी विधायकों और सांसद को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# संगठनात्मक कार्यों पर ध्यान दें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का मंगलवार को समापन हो गया। दो दिवसीय शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों, सोशल मीडिया, मीडिया प्रबंधन और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

मंगलवार को रामगढ़ स्थित एक रिसोर्ट में प्रशिक्षण का समापन सत्र हुआ। दूसरे दिन आयोजित छह सत्रों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने पर जोर दिया। प्रथम सत्र में प्रदेश महामंत्री दीप्ति भारद्वाज ने भाजपा के विस्तार और संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बगोली ने व्यवहारिकता के साथ संगठनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। प्रदेश सह सोशल मीडिया संयोजक गांधार अग्रवाल ने सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। चौथे सत्र में दर्जा राज्यमंत्री विनोद सुयाल ने कार्यकर्ताओं को मीडिया प्रबंधन के गुर बताए। समापन सत्र में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने केंद्र और उत्तराखंड सरकार की विकास योजनाओं और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मंत्र पर आधारित कार्यों की जानकारी साझा की। जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिला प्रभारी खिलेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री एवं प्रशिक्षण संयोजक रंजन बर्गली, विधायक बंशीधर भगत, प्रदीप बिष्ट, जोगिंदर रौतेला रहे।




प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा।

## काला मास्क लगाकर विरोध प्रदर्शन किया

**हल्द्वानीः** हल्द्वानी सहित देशभर में मंगलवार को बैंक के लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर काला मास्क पहनकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के आह्वान पर किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने बताया कि कर्मचारी 4 मई से प्रदर्शन, ट्विटर अभियान और मौन धरने के माध्यम से अपनी मांगें उठा रहे हैं। चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर 25 और 26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। कुसुमखेड़ा स्थित प्रशासनिक कार्यालय में भी कर्मचारियों ने विरोध जताया। लोकेश गरुरानी, भवान सिंह महरा, आशीष प्रेमी, प्रियंका यादव सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

# खेल परिषद अध्यक्ष बुटोला ने परखीं खेल की सुविधाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बुटोला अपने कुमाऊं भ्रमण के दौरान मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचने पर उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी सहित खेल प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया।

सुबह 7 बजे खेल परिषद अध्यक्ष ने गौलापार स्थित क्रिकेट स्टेडियम, इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हॉकी टर्फ, तरणताल व टेबल टेनिस कोर्ट का निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खेल प्रशिक्षकों की समस्याएं भी सुनीं। बुटोला ने कहा कि प्रशिक्षक किसी भी खेल की रीढ़ होते हैं। खिलाड़ियों को तैयार कर उनके खेल को नई दिशा देने के लिए प्रशिक्षकों का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वह शीघ्र ही खेल सचिव व मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। उन्होंने 1 से 4 जून तक अंतरराष्ट्रीय इंडोर कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय यूथ मुए थाई चैंपियनशिप की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने हाल ही में जुजित्सु खेल में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी नव्या पांडे के घर पहुंचकर उनके परिजनों को बधाई दी।

## सिटी ब्रीफ

### कुमाऊं विवि में 13 से 15 मई तक प्लेसमेंट ड्राइव

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से 13 से 15 मई तक हरमिटेज परिसर में वृहद प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। कुलपति प्रो. कर्नल दीवान एस रावत की पहल पर होने वाले इस आयोजन में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। 13 और 14 मई को वोडा कैमिकल्स प्रा. लि. द्वारा तकनीकी पदों के लिए भर्ती की जाएगी, जिसमें रसायन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। 14 और 15 मई को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एमआरएफ, निडेक, एटीएल बैटरीज, इल्जिन इलेक्ट्रॉनिक्स सहित कई कंपनियां सामान्य प्लेसमेंट ड्राइव करेंगी। प्लेसमेंट सेल ने सभी छात्रों से समय पर दस्तावेजों के साथ प्रतिभाग करने की अपील की है।

### 52 शोध परियोजनाओं की प्रस्तुति दी

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केयूआईएफआर-4 के अंतर्गत शोध परियोजना प्रस्तावों की प्रगति अनुश्रवण समिति की दो दिवसीय बैठक कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन में आयोजित हुई। बैठक में पिछले तीन वर्षों की शोध परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी उपलब्धियों, प्रकाशित शोध पत्रों, पेटेंट और समाजोपयोगी पहलुओं का मूल्यांकन किया गया। विशेषज्ञों ने विभिन्न शोध प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की और चयनित परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने पर विचार किया। डॉ. कपिल खुल्बे, प्रो. मनोज आर्य, डॉ. संतोष उपाध्याय और प्रो. एच.सी.एस. बिष्ट के शोध कार्यों का विशेष उल्लेख किया गया। बैठक में 52 शिक्षकों ने अपने शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

### संघ की बैठक में छात्रों की समस्याओं पर चर्चा

**हल्द्वानी:** एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक हुई। बैठक में छात्र-छात्राओं की समस्याओं, उनके समाधान और समग्र विकास को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अभिभावकों की ओर से विद्यार्थियों की पार्किंग व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया, जिस पर डॉ. नवल लोहनी ने समाधान के सुझाव दिए। प्रो. सीएस नेगी ने कॉलेज की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी। यहां प्रो. बीआर पंत, शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष जगमोहन रौतेला और सचिव ईश्वर दत्त पलड़िया, प्रो. अनिता जोशी आदि रहे।

# नए अनाज का भोग लगा विधि विधान से पूजा की

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के तोक माल गांव स्थित पौराणिक भूमिया मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नये अनाज का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की गई।

गौरतलब है कि दशहरे से पूर्व हर वर्ष भूमिया मंदिर में विशेष पूजा आयोजित किए जाने की परंपरा है, जिसमें ग्रामवासी अपने खेत-खलिहानों की उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इस दौरान पुए, हलवा और आलू का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया गया। मंदिर के पुजारी कुंवर सिंह बिष्ट ने बताया कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और नई पीढ़ी को भी इससे सीख लेनी चाहिए। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने सभी ग्रामीणों के सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली का संचार होता है। इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह कुल्याल, त्रिलोक सिंह, लक्की कुल्याल, उमेश पड़ियार, गोधन सिंह पड़ियार, हरेंद्र सिंह पड़ियार, आन सिंह कुल्याल, बिशन सिंह कुल्याल, देवेंद्र सिंह मेहता, उमेद सिंह बिष्ट, चारु कुल्याल, मोहन सिंह पड़ियार, प्रेम सिंह कुल्याल सहित दर्जनों महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

### भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील चीना पीक में बिना अनुमति कराया जा रहा था निर्माण कार्य

# चीना पीक की तलहटी में अवैध निर्माण किया सील

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माने जाने वाले चीना पीक (नैना पीक) की तलहटी में हो रहे अवैध निर्माण पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण को सील कर दिया। प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण कर पाया कि बिना अनुमति पहाड़ी क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी गई।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन को शिकायत दी थी कि चीना पीक की तलहटी में बाहरी व्यक्तियों द्वारा पहाड़ी काटकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया कि सड़क किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा 90 के दशक में बनाई गई सुरक्षा दीवार को क्षतिग्रस्त कर वहां गेट का निर्माण कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



चीना पीक क्षेत्र में अवैध निर्माण को सील करती प्रशासनिक टीम। • अमृत विचार

शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित भूमि निजी स्वामित्व की है, लेकिन निर्माणकर्ता के पास न तो स्वीकृत मानचित्र था और न ही किसी प्रकार की वैध अनुमति ली गई थी। इसके बाद उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खालिक ने संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसडीएम नवाजिश खालिक ने बताया कि स्थानीय निवासी पुरुषोत्तम द्वारा संवेदनशील क्षेत्र में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को सील कर दिया है और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने कहा कि चीना पीक क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। बरसात के दौरान यहां अक्सर पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं।

पहाड़ी के नीचे आबादी होने के कारण किसी भी प्रकार का अनियंत्रित निर्माण लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इसी कारण पूर्व में इस क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस दौरान कानूनगो हेतराम ममगई, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना, जिला विकास प्राधिकरण समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृष्णापुर भूस्खलन के समाधान की प्रक्रिया तेज

### कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने किया स्थलीय निरीक्षण, विशेषज्ञ एजेंसी को वैकल्पिक मार्ग के सर्वे के निर्देश

- पहाड़ी से गिर रहे विशाल बोल्डरों के कारण बढ़ गया था खतरा
- बोल्डरों के सुरक्षित तरीके से पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** नैनीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में लगातार हो रहे भूस्खलन और पहाड़ी से गिर रहे विशाल बोल्डरों के खतरे को देखते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से सुरक्षा एवं राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। कृष्णापुर क्षेत्र बीते कुछ समय से भूस्खलन और पहाड़ी दरकने की घटनाओं के कारण संवेदनशील बना हुआ है। हाल ही में पहाड़ी से गिरे बड़े बोल्डरों की चपेट में आने से एक कार और एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई थी। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश बना हुआ है।



नैनीताल के कृष्णापुर क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्देश देते कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत व स्थानीय लोग।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि अब केवल बोल्डरों को जाल या अन्य अस्थायी उपायों से रोकना पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अस्थिर बोल्डरों का वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से पूर्ण निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए स्लोप स्टेबलाइजेशन में विशेषज्ञ एजेंसी की सेवाएं ली जाएंगी, जो आधुनिक तकनीक के माध्यम से बड़े बोल्डरों को छोटे हिस्सों में विभाजित कर हटाने का कार्य करेगी। इस संबंध में उन्होंने अपर जिलाधिकारी को तत्काल विशेषज्ञ एजेंसी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे क्षेत्र का भू-वैज्ञानिक सर्वे भी शीघ्र कराने को कहा गया है ताकि भविष्य के खतरे का वैज्ञानिक आकलन किया जा सके।

स्थानीय निवासियों ने निरीक्षण के दौरान आयुक्त के समक्ष जर्जर पैदल मार्ग और बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। इस पर आयुक्त ने सिंचाई विभाग को तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक बलिया नाले का स्थायी स्थिरीकरण नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए रेलिंग लगाई जाए ताकि लोगों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे। क्षेत्रवासियों ने कृष्णापुर के लिए वैकल्पिक दोपहिया मार्ग निर्माण की मांग भी उठाई।

उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के मैदान से पुराने कूड़ा खड्ड तक हल्के वाहनों के लिए मार्ग विकसित करने का सुझाव दिया। इस पर आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को शीघ्र सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी मिलने पर आयुक्त ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि जो सफाई कर्मचारी क्षेत्र में तैनात होने के बावजूद कार्य नहीं कर रहे हैं, उनका संबंधित दिन का वेतन काटा जाए।

आयुक्त ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में स्वच्छता और निकासी व्यवस्था बनाए रखना बेहद आवश्यक है। आयुक्त दीपक रावत ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि कृष्णापुर में भूस्खलन और मार्ग धंसने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या की जानकारी सीधे प्रशासन को दें। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल, एडीएम सौरभ असवाल, एसडीएम नवाजिश खलिक, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजना नेगी आदि मौजूद रहे।

# खुर्पाताल में डायनेस्टी होटल सील, विद्युत संयोजन काटा



कार्रवाई पर विरोध जताते होटल स्वामी व होटल परिसर मे रहने वाले लोग। • अमृत विचार

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** नैनीताल के खुर्पाताल क्षेत्र में स्थित डायनेस्टी होटल को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के मानकों का पालन न करने पर सील कर दिया। साथ ही होटल का विद्युत कनेक्शन काटते हुए उसके व्यावसायिक संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई।

जानकारी के अनुसार, पीसीबी ने पूर्व में होटल के एसटीपी की जांच की थी, जिसमें लिए गए सैंपल निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे थे। इसके बाद होटल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रबंधन ने सुधार का आश्वासन दिया, लेकिन दोबारा सैंपलिंग में भी मानकों का उल्लंघन पाया गया, जिसके बाद यह सख्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रशासन और बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर होटल का बिजली कनेक्शन काटा और मुख्य गेट पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया। इस दौरान होटल प्रबंधन और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। होटल डायरेक्टर सचिन गुप्ता ने कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुए बिजली बहाल करने की मांग की, जिसे नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया। पीसीबी ने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे संस्थानों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# बैंक कर्मचारियों ने काला मास्क पहन जताया विरोध



रामनगर में प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। • अमृत विचार

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** हल्द्वानी मॉड्यूल की 196 शाखाओं में सभी लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारियों ने काला मास्क पहनकर अपनी मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन हल्द्वानी मॉड्यूल के सहायक महासचिव चन्दन सिंह बिष्ट ने कहा कि देश में बैंकों के अन्दर बैंक कर्मचारियों द्वारा काला मास्क पहनकर विरोध जताया जा रहा है। 25 मई और 26 मई को हड़ताल की जाएगी, अगर जल्दी हमारी मांगों को नहीं माना गया तो राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। इस विरोध में आंचलिक सचिव हेम चंद्र आर्या, विजय जोशी, रघुवरी सिंह, मान सिंह, विनोद रावत, संजीव गुसाई, प्रेरणा बिष्ट, रितिका खुल्बे, महेंद्र भण्डारी, यस अग्रवाल व कैलाश धूलिया आदि रहे।

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर साधा निशाना



**लालकुआं:** नीट पेपर लीक मामले को लेकर किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हेमवती नंदन दुर्गापाल ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं।

दुर्गापाल ने कहा कि जिस परीक्षा के लिए लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत करते हैं, उसी परीक्षा की गोपनीयता सरकार सुरक्षित नहीं रख पा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने भी इस वर्ष नीट परीक्षा दी है, इसलिए वे छात्रों और अभिभावकों की पीड़ा को बेहद करीब से महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ चुकी है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# कट ऑफ डेट बढ़ाने की मांग, मंत्री से मिले लोग



कट ऑफ डेट बढ़ाने को लेकर कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल।

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** राज्य में संविदा, दैनिक एवं नियत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण के लिए कट ऑफ डेट मार्च 2026 तक बढ़ाने की मांग को लेकर कुमाऊं विश्वविद्यालय के संविदा कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल कैबिनेट मंत्री एवं संबंधित समिति के सदस्य सौरभ बहुगुणा से उनके सितारगंज स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने बताया कि राज्य सरकार इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य कर रही है तथा नियमितीकरण संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। विवि के वरिष्ठ संविदा कर्मी मुकेश डालाकोटी के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में आनंद रखोला, मनोज शर्मा व कमल कुमार रहे।

# नेचर गाइडों ने दिया सांकेतिक धरना

- मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** सीतावनी नेचर गाइड एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार सुबह भण्डारपानी गेट (कोटा रेंज) पर नेचर गाइडों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। गाइडों ने वन विभाग पर बिना उचित प्रक्रिया के दूसरे गेट के नेचर गाइड को भण्डारपानी गेट पर नियुक्त करने का आरोप लगाया।

एसोसिएशन द्वारा वन विभाग को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि इस संबंध में पूर्व में उप प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर, प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर तथा वन क्षेत्राधिकारी कोटा रेंज को लिखित आपत्ति दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन कर रहे गाइडों का कहना था कि इस निर्णय से स्थानीय गाइडों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



भण्डारपानी गेट पर सांकेतिक धरना देते नेचर गाइड। • अमृत विचार

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान जंगल सफारी के लिए पहुंचे कुछ पर्यटकों ने भी नेचर गाइडों की मांग को उचित बताते हुए वन विभाग से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

हालांकि प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य पर्यटकों के भ्रमण में बाधा पहुंचाना नहीं था। इसी कारण प्रदर्शन को सीमित समय तक रखा गया और सफारी संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। इस अवसर पर सीतावनी नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल नैनवाल, संजय सिंह बिष्ट, बलवंत सहित अन्य नेचर गाइड मौजूद रहे।

**निरीक्षण**

### एसएसपी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण, अभिसूचना इकाई को उत्कृष्ट व्यवस्था पर मिला नगद पुरस्कार

# बीट आउट व्यवस्था को प्रभावी ढंग से करें संचालित : एसएसपी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने सोमवार को पुलिस कार्यालय नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं के कार्यों, अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालय व्यवस्था तथा ऑनलाइन कार्य प्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने बीट आउट व्यवस्था को मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी संपत्तियों के रखरखाव, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संरक्षण तथा कार्यालयों में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। एसएसपी ने आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, वाचक कार्यालय, समन सेल, एचआरएमएस, एमसीयू, डीसीआरबी शिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, अभिसूचना इकाई कार्यालय और रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न शाखाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित शाखा प्रभारियों ने कार्यालयों की कार्यप्रणाली और अभिलेखों की स्थिति की जानकारी दी।



पुलिस कार्यालय नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण करते एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी।

निरीक्षण में दस्तावेजों के रखरखाव, पंजिकाओं के अद्यतन, पत्रावलियों के सुव्यवस्थित संधारण और आवश्यक अभिलेखों के समयबद्ध संकलन की समीक्षा भी की गई। एसएसपी ने सभी शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए कि अभिलेख नियमित रूप से अपडेट किए जाएं और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से निस्तारित हों। इस दौरान अभिसूचना इकाई नैनीताल के निरीक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा और उनकी टीम की विशेष सराहना की गई। कार्यालय के उत्कृष्ट रखरखाव, कर्मचारियों के बेहतर टर्नआउट और अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण से प्रभावित होकर एसएसपी ने अभिसूचना इकाई को एक हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी क्राइम एवं ट्रैफिक डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, क्षेत्राधिकारी नैनीताल-भवाली रविकांत सेमवाल, पुलिस उपाधीक्षक अंजना, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश कुमार, निरीक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रधान लिपिक हिमांशु पंत, देवेंद्र राजपूत, आशुलिपिक साधना तथा पीआरओ हेमा ऐठानी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पहले अपना काफिला घटाए सरकार: अनिल



**रामनगर:** कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा ने प्रधानमंत्री की डीजल-पेट्रोल बचत और एक वर्ष तक सोना-चांदी नहीं खरीदने की अपील पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कैबिनेट मंत्री पहले अपने विशाल काफिले और सरकारी खर्चों में कटौती कर जनता के सामने उदाहरण पेश करें।

उन्होंने कहा कि चुनावी रैलियों में सैकड़ों वाहनों के उपयोग, हवाई यात्राओं और बड़े काफिलों पर रोक लगाई जानी चाहिए। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिक कार्यक्रम करने के निर्देश दिए जाएं।



मेधावी विद्यार्थियों के साथ विधायक दीवान सिंह बिष्ट। • अमृत विचार

### शिक्षा के साथ खेल व संगीत में भी आगे बढ़ें छात्र

**रामनगर, अमृत विचार:** एमपी हिंदू इंटर कॉलेज, रामनगर में मेधावी छात्र सम्मेलन का आयोजन एवं किचन गार्डन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल और संगीत के क्षेत्र में भी नाम रोशन करना चाहिए। विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चंद्र पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में 21 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के छात्र अक्षत गोपाल ने प्रदेश में टॉप किया, जबकि छात्राएं निहारिका सती एवं नमिता पड़ेलिया ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उत्तराखंड टॉपर अक्षत गोपाल को दो वर्षों तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इस मौके पर बीईओ हवलदार प्रसाद, बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी, विद्यालय प्रबंधक विनय जिंदल, उपप्रबंधक अनिल जिंदल, अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा, नीलम सुंदरियाल गौरव शर्मा एवं चारु चंद्र तिवारी, विद्यालय के शिक्षक मेवालाल, चेतन स्वरूप, प्रभाकर पांडे, राजीव शर्मा आदि रहे।

## सिटी ब्रीफ

### शैली फुटेला को चंपावत जिले की अहम जिम्मेदारी

**किच्छा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान भट्ट ने संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की नई सूची जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं संगठन महामंत्री अजय कुमार के दिशा-निर्देशन में वरिष्ठ नेत्री शैली फुटेला को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नगर की वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष शैली फुटेला को चंपावत जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि कमला चुफाल को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। रुचि चौहान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की मजबूती के लिए समर्पित होकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।


शैली फुटेला।

### 17 मई को होगा क्षत्रिय महासभा का चुनाव

**बाजपुर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (रजि.) की राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के गठन हेतु 17 मई को चुनाव संपन्न होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी एस.एन. सिंह ने बताया कि कुल 15 संचालक पदों पर चयन किया जाएगा, जिसमें आजीवन सदस्यों से 8, विशिष्ट से 2 और सामान्य सदस्यों से 5 पद शामिल हैं। प्रत्येक पद के लिए नामांकन शुल्क 1500 रुपये तय है। सुबह 9 बजे आमसभा के बाद 10 से 12 बजे तक नामांकन होगा। दोपहर 1 से 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी और आवश्यकता पड़ने पर दोपहर 3 से 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद परिणाम घोषित कर अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों का बोर्ड गठित किया जाएगा।

### सीएबीएम में दो दिवसीय प्रवेश प्रक्रिया संपन्न

**पंतनगर :** कॉलेज ऑफ एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश प्रक्रिया 11-12 मई को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। 50 सीटों के लिए आयोजित इस प्रवेश प्रक्रिया में देश के विभिन्न राज्यों से 220 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि 110 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। डीन सीएबीएम डॉ. आरएस जादौन ने कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और मजबूत पूर्व छात्रों के नेटवर्क के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पिछले दो वर्षों में कॉलेज परिसर में आने वाली प्रतिष्ठित कंपनियों एवं सफल प्लेसमेंट्स का भी उल्लेख किया। डॉ. जादौन ने बताया कि प्रथम दिवस अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन माध्यम से भाग लिया, जबकि विशेष अनुरोध करने वाले अभ्यर्थियों का ऑनलाइन साक्षात्कार हुआ।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**
मैं, कोहली, क्रमांक 14647858पी हवलदार/ऑटो तकनीशियन बी वाहन एम रघुनाथ की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूँ, जो वर्तमान में ग्राम- वेंगतास्त्री कोट्टई, डाकघर- वेंगतास्त्री कोट्टई, तहसील-नीलाक कोट्टई, जिला- डिंडीगुल, राज्य- तमिलनाडु में रहती हूँ। मैंने दिनांक 16 अप्रैल 2026 को उत्तराखंड सरकार के समक्ष शपथ पत्र IN-UK64002477414964Y के माध्यम से अपना नाम कोहली से बदलकर कोहली ओ कर लिया है।

**सूचना**
हमारी फर्म मैं भिक्कू मल प्यारे लाल, स्टेशन रोड, काशीपुर जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड का दिनांक 16/01/2000 को पुनर्गठन हो गया था। साझेदार श्री देवकी नंदन बंसल पुत्र श्री दीप चंद अग्रवाल एवं श्रीमती सूरजमुखी W/o श्री दीप चंद अग्रवाल पृथक होकर नए साझेदार श्रीमती विजय अग्रवाल W/o श्री श्री नंदन अग्रवाल एवं श्रीमती सुषमा अग्रबाल W/o श्री अभि नंदन अग्रवाल, निवासी 480, पुष्प विहार, काशीपुर फर्म में प्रविष्ट हुए थे। यह सूचना उपनिबंधन कार्यालय में फर्म के पार्टनरशिप फर्म के रजिस्ट्रेशन के लिए सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। **अभिनंदन अग्रवाल, फर्म साझेदार**

**सूचना**
हमारी फर्म मैं भिक्कू मल प्यारे लाल, स्टेशन रोड, काशीपुर जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड का फर्म के साझेदार श्री श्री नंदन अग्रवाल जी का देहांत 18/01/2018 को हो गया था अतः फर्म पुनर्गठन कर साझेदार श्री श्री नंदन अग्रवाल पुत्र श्री दीप चंद अग्रवाल पृथक होकर नए साझेदार श्री विकास अग्रवाल S/o श्री श्री नंदन अग्रवाल एवं श्री आशीष अग्रवाल S/o श्री श्री नंदन अग्रवाल निवासी 480, पुष्प विहार, काशीपुर फर्म में प्रविष्ट हुए थे। यह सूचना उपनिबंधन कार्यालय में फर्म के पार्टनरशिप फर्म के रजिस्ट्रेशन के लिए सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। **अभिनंदन अग्रवाल, फर्म साझेदार**

**सूचना**
हमारी फर्म मैं भिक्कू मल प्यारे लाल, स्टेशन रोड, काशीपुर जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड फर्म की साझीदार श्रीमती विजय अग्रवाल जी का देहांत 27/04/2025 को हो गया था अतः साझीदार श्रीमती विजय अग्रवाल W/o श्री श्रीनंदन अग्रवाल को पृथक कर बाकी साझीदार के साथ फर्म का पुनर्गठन किया जा रहा है। यदि किसी की फर्म के चेंज से आपत्ति हो तो वह 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति उपनिबंधन कार्यालय रुद्रपुर में दर्ज करें। **अभिनंदन अग्रवाल, फर्म साझेदार**

# सरकारी-निजी सीवर टैंक वाहनों में जीपीएस लगाकर करें निगरानी

## सीडीओ ने जिला गंगा समिति की बैठक में नगर निकायों के अधिकारियों को दिए निर्देश

- **बगैर पंजीकरण वाले वाहनों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** जिला गंगा समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने नगर निकायों को जनपद में शत-प्रतिशत सरकारी व निजी सीवर टैंक वाहनों में जीपीएस अवश्य लगाने और उनकी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो निजी सीवर टैंक वाहन पंजीकरण न कराकर कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज किया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सीवर टैंक वाहन एसटीपी प्लांट में ही सीवर डालें। अन्य जगह सीवर डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने नगर आयुक्त नगर निगम काशीपुर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका किच्छा को एक माह के भीतर कूड़ा निस्तारण कराने के साथ ही फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराएं। लिगेसी वेस्ट को नियमित निस्तारण कराते रहें। कहीं भी कूड़ा डंप न किया जाए।


अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ दिवेश शाशनी। ● अमृत विचार

**ये अधिकारी रहे मौजूद**

डीएफओ यूसी तिवारी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, एसीएमओ डॉ.डीपी सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, सहायक नगर आयुक्त काशीपुर शालनी नेगी, राजू नबियाल, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय गुरमीत सिंह, प्रियंका रैकवाल, प्रतिभा कोहली, एके गुप्ता, दीपक कुमार शर्मा, मनोज दास, राकेश कोटिया, संजय कुमार, राजकुमार भारती, नामित सदस्य डॉ.आशुतोष पंत आदि मौजूद रहे।

उन्होंने खटीमा में एफएसटीपी प्लांट लगाने के लिए अधिशासी अभियंता पेयजल निगम स्टीमेट बनाकर शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण के लिए 15 दिन के भीतर नगर निकायों से ओएमयू कराकर जानकारी देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों से निकलने वाले कूड़े को नजदीकी निकायों में भेजने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी को निर्देश दिए कि औद्योगिक संस्थानों में नियमित निरीक्षण करें। इसके अलावा बिना ट्रीट किये पानी यदि कोई नदी, नालों में पानी डालता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने प्राइवेट व सरकारी चिकित्सालयों से प्रतिदिन निकलने वाला बायोमेडिकल वेस्ट का मानकों के अनुसार निस्तारण कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। सभी विभागीय अधिकारियों को नमामि गंगे व एनजीटी के गाइड लाइनों का अनुपालन करने के निर्देश दिए।

## झांसा देकर 7.83 लाख रुपये की ठगी

- **दो लोगों से हुई साइबर ठगी की घटना, साइबर क्राइम थाना पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके के गांव मलसी और आदर्श कॉलोनी के रहने वाले दो व्यक्तियों को झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव मलसी निवासी सतनाम सिंह ने बताया कि उसका खाता पीएनबी बैंक बिगवाड़ा में है। 5 मई की सुबह 10 बजे उसके मोबाइल पर नकद निकासी का मैसेज आया। जब बैंक जाकर पता किया तो पता चला कि खाते से 6.44 लाख रुपये की निकासी हुई है। पड़ताल में पता चला कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा यूपीआई के माध्यम से ठगी को अंजाम दिया है और रकम किसी दूसरे खाते में गई है।

दूसरी मामले में आदर्श कॉलोनी नई घासमंडी निवासी शंकर सिंह ने बताया कि उसका आवास स्थित एक प्राइवेट बैंक में खाता है। उसके खाते से 1.39 लाख रुपये निकाले गए। जिसका मैसेज मोबाइल पर आने के बाद पता चला। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हर वर्ग के लाभार्थियों तक पहुंचाएं योजना का लाभ


अधिकारियों को निर्देश देते बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य। ● अमृत विचार

- **बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, निराश्रित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश**
- **उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने बैठक में दिए निर्देश**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश सिंह रजवार ने जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को निर्धारित स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य संचालन को लेकर बैठक की। उन्होंने बाल श्रम को रोकने, भिक्षावृत्ति को रोकने और निराश्रित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए।

मंगलवार को बैठक में आयोग के सदस्य ने कहा कि गांव में हर वर्ग के लाभार्थियों तक योजना पहुंचाने के लिए एक रोस्टर बनाएं और आधार कैंप लगाकर योजना का लाभ दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी रुद्रपुर शहर आशा नेगी, रुद्रपुर ग्रामीण हेमा कांडपाल, गदरपुर बीना भंडारी, सितारगंज शोभा जनोटी, काशीपुर शहर मोहिनी बिष्ट, काशीपुर ग्रामीण विमल बाराकोटी, जसपुर शहर एवं जसपुर ग्रामीण इंदिरा बरगली समेत सभी सुपरवाइजर, सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक कविता बडोला, नीमा बिष्ट, कमला अधिकारी, सोनाली जौहरी, दीक्षा कुमारी ठाकुर, अंकित कुमार उपस्थित रहे।

# लालटेन भेंटकर स्मार्ट मीटर का विरोध

- **स्मार्ट मीटर लगने से आ रहे अधिक बिल से हैं आक्रोशित**
- **सिलेंडरों की मूल्य वृद्धि पर 20 को करेंगे चूल्हा जलाओ प्रदर्शन**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्मार्ट मीटर को लेकर लालटेन भेंट प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मांगों का एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को सौंपा।

मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान बीएमपी के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते पार्टी का राष्ट्रव्यापी आंदोलन चल रहा है। इसी के तहत आंदोलन के पहले चरण में स्मार्ट बिजली के मीटर से बढ़ते बिल को लेकर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से लोगों के बिल पहले से अधिक आ रहे हैं। इससे लोग परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि आंदोलन के दूसरे चरण में 20 मई को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की वृद्धि को लेकर चूल्हा जलाओ प्रदर्शन किया जाएगा। तीसरे चरण में 31 मई को डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर दे धक्का आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रभारी धनराज भारती, करन सिंह, नूर हसन, रिंकू बाबा, राधा दास, राहुल कुमार, पुष्पा आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान बीएमपी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## तराई में फिर बदला मौसम का मिजाज

**रुद्रपुर:** तराई में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। कहीं बारिश हुई तो कहीं बादल तो कहीं धूप निकली। इस कारण तराई के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है।

यहां बता दें कि तराई में विगत दिनों बारिश के बाद तापमान में गिरावट आयी थी। इस दौरान लोगों ने राहत महसूस की थी। वहीं पिछले दो-तीन दिन से तेज धूप निकलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं मंगलवार की सुबह काशीपुर में बारिश हुई तो कहीं सुबह से बादल छाये रहे तो कहीं धूप निकली। हालांकि दिनभर ठंडी हवा चलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# फिर सुलगी वेतन वृद्धि की चिंगारी

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** औद्योगिक आस्थान में कुछ समय शांति कायम रहने के बाद अचानक एक बार फिर वेतन वृद्धि की चिंगारी सुलग उठी है। सिडकुल की एक कंपनी के सैकड़ों श्रमिक गांधी पार्क में एकत्रित हुए और भारत सरकार से न्यूनतम वेतनमान बढ़ाने के शासनादेश को लागू करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि सरकार उनकी मांगों पर गौर नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मंगलवार की सुबह होते ही गांधी पार्क में बड़ी संख्या में टीवीएस श्रीचक्रा कंपनी के ठेका श्रमिक एकत्रित होने लगे और धरना प्रदर्शन कर वेतन वृद्धि का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि पिछले कई वर्षों से वह कड़ी मेहनत कर कंपनी को मुनाफा दे रहे हैं और निस्वार्थ भाव से ठेका प्रथा में काम कर रहे हैं।


गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन करते कंपनी के ठेका श्रमिक। ● अमृत विचार

ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा ठेका श्रमिकों का न्यूनतम वेतनमान 21 हजार किए जाने का शासनादेश जारी करने की चर्चा है। बावजूद सिडकुल की कंपनियां वेतन वृद्धि नहीं कर रही है। उन्होंने ऐलान किया कि वेतन बढ़ोतरी नहीं होती है तो श्रमिक उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर नरोत्तम दास, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, उस्मान अली, विनोद कुमार, बाबूराम, सोमपाल, धर्मपाल, अमन कुमार, गुलशन सिंह, राम विलास आदि मौजूद रहे।

# सारा टीम ने की फीका की कार्ययोजना प्रस्तुत

- **नदी को एक जिला एक नदी के तहत किया गया है चिह्नित**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** सीडीओ ने सारा योजना के तहत क्रियांवित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सारा के सचिव व लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार 2025-26 में किये गये कार्यों की प्रगति और 2006-27 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। वहीं सारा टीम ने एक जिला एक नदी के तहत चयनित फीका नदी की कार्ययोजना प्रस्तुत की।

मंगलवार को बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने फीका नदी की कार्ययोजना में अन्य विभागों को जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र ही नोडल विभाग को प्रेषित करने के आदेश दिए। जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अधिक से अधिक तालाब निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य योजना तैयार कर अग्रिम एक सप्ताह में नोडल विभाग सारा व लघु सिंचाई विभाग को प्रेषित करने के लिए निर्देश दिए।इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रुद्रपुर भरत सिंह डांगी, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड काशीपुर संजय कुमार गुप्ता, वन विभाग की एसीएफ शशि देव, सहायक निदेशक मत्स्य विभाग एसके छिम्वाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, पंचायती राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, नगर निगम काशीपुर की एसएनए शालिनी नेगी समेत खंड विकास अधिकारी, सारा टीम व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जबकि कई अधिकारी ऑनलाइन भी जुड़े रहे।

**कार्यालय, नगर पंचायत पोखरी (चमोली)**

संख्या : 68/नं०पं०/ सार्व०सू०/2026-27/ दिनांक : 12 मई, 2026

**"अल्पकालीन निविदा सूचना"**

नगर पंचायत पोखरी द्वारा Ring Faced Account के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले लीगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28 मई 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निविदादाताओं / निविदा कमेटी के सम्मुख खोली जायेगी। सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 27 मई 2026 सांय 5:00 बजे तक निकाय कार्यालय से क्रय की जा सकती है, बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन०एस०सी० / एफ०डी०आर जो कि अधिशासी अधिकारी पोखरी के नाम बन्धक हो और 100 रु० के स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| Ring Faced Account | | | | | |
| 1 | नगर पंचायत पोखरी के लीगेसी वेस्ट निस्तारण | 18.71 | 56130.00 | 2000.00+ जी०एस०टी० | 90 दिन |

1. निर्माण कार्यो नियम व शर्तों के सम्बन्ध में अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।
2. विशेष परिस्थितियों में यदि सार्वजनिक अवकाश की घोषणा होती है तो उपरोक्त कार्यों का सम्पादन आगामी तिथि को की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पोखरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पोखरी**

# शिविर में 25 बच्चों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद के 25 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान चंदन हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बच्चों का गहन परीक्षण किया और कर परामर्श दिया।

मंगलवार को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य विभाग ने चंदन हॉस्पिटल के सहयोग से हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए एक विशेष निःशुल्क आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गंभीर हृदय रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना था। उन्होंने बताया कि जांच के बाद जिन बच्चों में गंभीर समस्या पाई गई और जिन्हें सर्जरी (शल्य चिकित्सा) की आवश्यकता है। उन्हें आगे के उपचार और निशुल्क ऑपरेशन के लिए चंदन हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीपी सिंह, डीपीएम हिमांशु मुस्यूनी, श्रवण कुमार, जावेद, पूरन, आमिर, आजम अंसारी, बीपी जोशी, संजय, पारुल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।


शिविर में परामर्श देते वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. विकास सिंह। ● अमृत विचार

# कुकर्मी को बीस साल का कठोर कारावास

- **वर्ष 2023 थाना किच्छा का था मामला, एफटीएससी न्यायाधीश ने सुनाया फैसला**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** वर्ष 2023 में बालक के साथ कुकर्म करने के दोषी को बीस साल का कठोर कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

किच्छा के रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था कि वह मूलरूप से बरेली का रहने वाला है और पड़ोसी चांद बाबू भी वहीं रहता है। 16 अगस्त 2023 की दोपहर 3 बजे उसके आठ वर्षीय बेटे को अभियुक्त बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और नजदीक खेत में जाकर कुकर्म किया। जब नाबालिग ने शोर मचाया तो अभियुक्त फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली और कुछ दिन बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो संगीता आर्य की अदालत में हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक ने अदालत में आठ गवाह पेश किए और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुकर्मी चांद बाबू को बीस साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड देने का आदेश दिया है।

**राहत** | उर्वरक विक्रेता प्रतिदिन उर्वरक क्रय करने वाले कृषकों की सूची दें, मुख्य कृषि अधिकारी ने दिए निर्देश

# किसानों को मिलेगी 5 बैग यूरिया व 3 बैग डीएपी-एनपीके

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव ने बताया कि विगत दिनों भारत सरकार एवं कृषि निदेशालय के बीच वीसी के माध्यम से बैठक हुई। इसमें उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने एवं कृषकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन उर्वरक वितरण की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

मंगलवार को मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि कृषि निदेशालय उर्वरक वितरण के संबंध में निर्देश मिले हैं। इसमें जीबी पंत विवि पंतनगर के वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुसार प्रति हेक्टेयर 7 बैग यूरिया एवं 3 बैग डीएपी व एनपीके की आवश्यकता होती है। एक हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल पर 5 बैग यूरिया एवं 3 बैग डीएपी व एनपीके उपलब्ध कराया जाएगा। पंतनगर के वैज्ञानिक के सुझाव के अनुसार शेष यूरिया की मात्रा द्वितीय चरण में 10-15 दिन बाद उपलब्ध करायी जा सकती है। जनपद में स्थित विक्रेता प्रति कृषक 6 बैग यूरिया एवं 3 बैग डीएपी व एनपीके से अधिक अपने स्तर से निर्गत नहीं करेंगे।

कृषि भूमि के अनुसार इससे अधिक प्रति कृषक की मांग होने पर कृषक अपने क्षेत्र के कृषि एवं भूमि संरक्षण विकासखंड खटीमा, सितारगंज, रुद्रपुर एवं कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी काशीपुर विकासखंड जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर) संरक्षण अधिकारी, रुद्रपुर के माध्यम से अनुमति प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि कृषक का आधार कार्ड, खतौनी में दर्ज नाम से मिलान आवश्यक रूप से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी उर्वरक विक्रेता प्रतिदिन उन्हें उर्वरक क्रय करने वाले कृषकों की सूची प्रतिदिन सायं 8 बजे तक भेजेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि निदेशालय से प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं किया तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाजपुर सहकारी समिति का उर्वरक लाइसेंस बहाल



**बाजपुर :** क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। बहुद्देशीय प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का निलंबित उर्वरक लाइसेंस विभाग द्वारा बहाल कर दिया गया है। 28 मार्च को लाइसेंस निलंबित होने के कारण किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था और उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर उर्वरक खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा था। समस्या को देखते हुए किसानों ने उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी से मुलाकात कर हस्तक्षेप की मांग की थी। नामधारी ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव ने लाइसेंस बहाली के आदेश जारी किए। लाइसेंस बहाल होने से अब समिति में उर्वरकों की उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो गया है। समय रहते हुए इस समाधान से खेती-किसानी के कार्य बाधित होने से बच गए हैं। क्षेत्र के किसानों ने त्वरित निस्तारण के लिए किसान आयोग के उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में भी ऐसी ही कार्यप्रणाली की उम्मीद जताई है।

## ब्रीफ न्यूज

### घर के ताले तोड़ लाखों के जेवर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर**: तीर्थ यात्रा पर गए एक परिवार के पीछे चोरों ने साकेत नगर क्षेत्र में एक घर के ताले तोड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, साकेत नगर निवासी पीयूष चौहान पुत्र विरेन्द्र सिंह बीते 30 अप्रैल को अपने परिवार के साथ केदारनाथ यात्रा पर गए थे। इस दौरान घर पूरी तरह बंद था और कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। परिवार 4 मई की शाम को यात्रा से वापस लौटा। पीड़ित ने बताया कि जब वे पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में पहुंचे, तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे सोने और चांदी के कीमती जेवरात, 5 हजार की नगदी, एक ब्रांडेड कलाई घड़ी चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान

**काशीपुर**: सूर्या चौकी पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 19 बाइक चालकों के चालान करते हुए 4500 रुपये संयोजन शुल्क वसूला। सोमवार शाम मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या चौकी बॉर्डर पर पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 6 बाइक चालकों के कोर्ट चालान, 8 चालकों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट की कार्रवाई करते हुए करीब 4500 रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं पुलिस ने 5 बाइक चालकों का एमवी एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई नवीन जोशी, रवीश कुमार विश्वकर्मा, कांस्टेबल प्रणय कुमार राठी, सुरेंद्र रावत, सूरज बोरा शामिल रहे।

### 4.85 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर**: कुंडा थाना पुलिस ने ठाकुरद्वारा रोड पर चेकिंग के दौरान एक युवक को स्मैक और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार सुबह पुलिस टीम जब गश्त पर थी, तो सूर्या चौकी से करीब 300 मीटर दूर नैनी कंपनी के पास एक क्षतिग्रस्त कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार के पास खड़े एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, जिसे पकड़ लिया गया। जिसकी पहचान शानू खान निवासी गुलरगट्टी, रामनगर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 4.85 ग्राम स्मैक व 44 हजार रुपये नकदी बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह नशा करने का आदी है और स्मैक बेचने का काम भी करता है। उसने बरामद स्मैक गुड्डू खान निवासी रतुपुरा से खरीदी थी और वह उसे ठाकुरद्वारा चौराहे पर पैसे देने जा रहा था, तभी उसकी कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।


काशीपुर में अभियान चलाती एआरटीओ की टीम। ● अमृत विचार

### 155 स्कूली बसों का चालान, 27 वाहन सीज

**काशीपुर**: काशीपुर, बाजपुर और जसपुर क्षेत्र में परिवहन विभाग ने अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने पर 155 स्कूली बसों का चालान कर 27 वाहनों को सीज कर दिया। इससे स्कूली वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन संदीप वर्मा के नेतृत्व में काशीपुर, बाजपुर और जसपुर में स्कूली बसों के खिलाफ अभियान चलाया गया। एआरटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान 155 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 27 वाहनों को ओवरलोड, बिना फिटनेस, बिना सीसीटीवी कैमरा स्पीड गवर्नर, बिना परमिट और बिना बीमा पाए जाने पर सीज कर दिया गया। बताया कि बच्चों की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। अभियान के दौरान स्कूली बसों की विशेष जांच की गई। अधिकारियों ने बस चालकों को बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाने और सभी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर टीटीओ जगदीश चंद्र, नंदन आर्य, सचिन कुमार, अनिल कुमार सहित परिवहन विभाग की टीम मौजूद रही।

### उत्तरांचल पंजाबी महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक में नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव, घई ने दिया इस्तीफा

# समाज की एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: उत्तरांचल पंजाबी महासभा की एक बैठक देहरादून स्थित यमुना कॉलोनी में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के शासकीय आवास में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश की समस्त इकाइयों के पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा एवं अधिक सशक्त स्वरूप प्रदान करना रहा।

बैठक के दौरान उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष राजीव घई ने अपने अध्यक्ष पद से त्याग पत्र सौंपते हुए संगठन के प्रति अपनी दीर्घकालीन सेवा यात्रा एवं भावनात्मक जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय संगठन को नई ऊर्जा, नई सोच एवं नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाने की भावना से लिया गया है। घई ने वर्ष 2000 से राममूर्ति वीर के नेतृत्व में महामंत्री के रूप में समाज सेवा का अवसर मिलने और बाद में तिलक राज बेहड़ एवं समस्त वरिष्ठ साथियों के सहयोग से उपमा को प्रदेश स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने की यात्रा को याद किया। उन्होंने सभा के समक्ष दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। जिसे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने एवं कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा का उनकी उपस्थिति में प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। दूसरा संगठन की मजबूती, आपसी एकता एवं नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिये नई कोर कमेटी एवं नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रहा। दोनों प्रस्तावों को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। नई कार्यकारिणी एवं संगठनात्मक ढांचे की रूपरेखा तैयार करने के लिए सात सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें दिनेश मनशेहरा, करण मल्होत्रा, राजीव सच्चर, देविन्दर सिंह मान, हरीश मल्होत्रा, राजकुमार फुटेला एवं राज ओबेरॉय को सम्मिलित किया गया।

संगठन के मार्गदर्शन के लिए संरक्षक मंडल में प्रदीप बत्रा कैबिनेट मंत्री एवं विधायक, विश्वास डाबर राज्य मंत्री, शिव अरोरा विधायक रुद्रपुर, सविता कपूर विधायक देहरादून कैंट, तिलक राज बेहड़ विधायक किच्छा, त्रिलोक सिंह चीमा विधायक काशीपुर, दीपक बाली मेयर काशीपुर, विकास शर्मा मेयर रुद्रपुर को शामिल किया गया।


कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा को सम्मानित करते पंजाबी महासभा के पदाधिकारी।

# जमीन म्यूटेशन के नाम पर 20.5 लाख की धोखाधड़ी, चार पर केस

### अधिकारियों और रसूख का दिखाया डर, किस्तों में वसूली गई मोटी रकम, तहरीर दी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: एक व्यक्ति ने जमीन का म्यूटेशन कराने के नाम पर 20.5 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पट्टी कला, मझरा घोसीपुरा, थाना स्वार (रामपुर) निवासी असलम पुत्र स्व. जुम्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व ग्राम सरवरखेड़ा निवासी अय्यूब अली से ठाकुरद्वारा रोड पर लगभग डेढ़ बीघा जमीन खरीदने का सौदा किया था। अय्यूब अली ने कहा कि उसकी जमीन का म्यूटेशन मेरे नाम पर चढ़वा लो, उसके बाद वह उसकी रजिस्ट्री करा देगा। कुछ समय बाद चीमा पेपर मिल के पास स्थित एक ढाबे पर काशीपुर निवासी शाहीने अंजुम से उसकी मुलाकात हुई। जिसे वह पहले से जानता था। शाहीने अंजुम सीआईएसएफ स्टेनो के पद पर दिल्ली में तैनात है। जमीन का म्यूटेशन कराने की बात पर शाहीने अंजुम ने कहा कि गाजियाबाद निवासी पत्रकार दीपक शर्मा के उत्तराखंड के बड़े-बड़े सरकारी अफसरों से अच्छे संबंध है। वह बीस लाख रुपये में म्यूटेशन करा देगा और शाहीने अंजुम ने दीपक शर्मा से उसकी फोन पर बात कराई। कुछ दिन बाद शाहीने अंजुम ने म्यूटेशन चढ़वाने के लिए अपने भाई के खाते में दो लाख रुपये डलवाये। उसके एक दिन बाद शाहीने अंजुम ने फोन कर काशीपुर निवासी सन्नी नाम के व्यक्ति को उसके घर भेजा और एक लाख रुपये मंगा लिये। उसके कुछ समय बाद दीपक शर्मा ने व्हाटसप पर कॉल करके कहा कि कल वह व शाहीने अंजुम आपकी जमीन के म्यूटेशन के संबंध में रुद्रपुर में डीएम से मिलने आ रहे हैं कुछ पैसे लेकर आ जाना। उनके कहने पर वह गांव के दो व्यक्तियों के साथ दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम से डीएम ऑफिस में मिला। जिसके बाद दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम ने कहा कि पांच लाख रुपये दे दो अधिकारियों को देने है। जिसके बाद उसने दीपक शर्मा को दो लाख रुपये दे दिये।

उसी दिन दीपक शर्मा ने अपने फोन से एक व्यक्ति से बात करायी, फिर तीन माह बाद दीपक शर्मा काशीपुर आये और उससे दो लाख रुपये नकद लेकर चले गये। फिर कुछ समय बाद दीपक शर्मा ने उसे फोन पर कहा कि वह दिल्ली व देहरादून के दो खाता नंबर आपको भेज रहा है। उन खातों में दस लाख रुपये डाल दो। जिसके बाद आपका म्यूटेशन तुरंत हो जायेगा। जिसके बाद उसने उसके बताये खातों में सात लाख व दो लाख 99 हजार रुपये डाल दिये। अब वह जब भी दीपक शर्मा से म्यूटेशन कराने की बात कहता तो दीपक शर्मा कहता कि उसकी अफसरो से बात हो रही है जल्द ही जमीन का म्यूटेशन चढ़ जायेगा। उसके बाद दीपक शर्मा ने कहा कि सैमसंग का मॉडल मोबाइल फोन दो म्यूटेशन चढ़ाने वाले अधिकारी को देंगे। जिस पर उसने एक लाख 54 हजार 999 रुपये का मोबाइल खरीद लिया जिसे दीपक शर्मा ने उसके घर से मंगवा लिया। उसके बाद उसने दीपक शर्मा से म्यूटेशन चढ़वाने को कहा तो दीपक शर्मा और शाहीने अंजुम और पैसे देने की बात करते रहते। आज तक जमीन का म्यूटेशन अय्यूब अली के नाम पर नहीं कराया। जब उसने ज्यादा तकाजा किया तो दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम कहने लगे कि तुम्हारी जमीन का म्यूटेशन भी नहीं करायेंगे और न ही तुम्हारे पैसे वापस देंगें अगर पैसे वापस मांगे तो तुम्हें झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर 20.53 लाख रुपए हड़प लिए। एसपी काशीपुर स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।



### ऑटो पार्ट्स की कमी से सप्लाई में आई कमी

**काशीपुर**: ऑटो पार्ट्स की सप्लाई कम होने का आधार दोपहिया ई व्हीकल में देखने को मिला है। सप्लाई में कमी के कारण शोरूम संचालक मार्केट की डिमांड पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

मेहरोत्रा हीरो के संचालक अर्पित मेहरोत्रा के अनुसार दो पहिया ई-वाहनों की बिक्री में कमी आई है। डिमांड के अनुसार अगर सप्लाई मिले तो एक दिन में सौ गाड़ियां भी बेची जा सकती हैं। वही इंदर होंडा के मैनेजर जितेंद्र गांधी ने बताया कि फिलहाल कुछ सेगमेंट में सप्लाई कम हो रही है। जैसे होंडा की एसपी 125 और शाइन 125 ई वाहन नहीं मिल रहे हैं। ग्राहक तो आ रहे हैं लेकिन अभी मार्केट अच्छा नहीं है। वही बाजपुर रोड स्थित सेठी पेट्रोल पंप के स्वामी अमनप्रीत सेठी ने बताया कि पेट्रोल डीजल की आपूर्ति पूरी हो रही है। सप्लाई में कोई कमी नहीं है। बस पहले गाड़ी आने के बाद शाम तक पेमेंट करनी होती थी, अब वह एक दिन पहले करनी पड़ रही है। काशीपुर में सिटी बस का संचालन नहीं होता है। लेकिन कार से ऑफिस जाने वाले अब दो पहिया वाहनों से जा रहे हैं। टैक्सी संचालकों के मुताबिक उनकी बुकिंग में कोई कमी नहीं आई है।

# अब ग्रामीण क्षेत्र से भी उठाया जाएगा कूड़ा


काशीपुर में कूड़ा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते महापौर व ब्लॉक प्रमुख।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कूड़ा प्वाइंटों से कूड़ा उठाया जाएगा। काशीपुर खंड विकास कार्यालय प्रदेश का ऐसा पहला विकास खंड बन गया है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा एकत्र करने के लिए विधिवत कूड़ा गाड़ी का संचालन शुरू किया है।

मंगलवार को इस पहल की शुरुआत महापौर दीपक बाली और ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा ने संयुक्त रूप से कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर महापौर बाली ने इस कदम की सराहना करते हुए वहां मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और आम नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। यह कूड़ा गाड़ी एक स्वयं सहायता समूह संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें क्षेत्र की लगभग 2,500 महिलाएं जुड़ी हैं। संगठन को इस गाड़ी के बदले हर महीने 25 हजार रुपए किराया दिया जाएगा। गाड़ी की कीमत पूरी होने के बाद, यह समूह ही गाड़ी का मालिक होगा। खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से केवल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया जाएगा। इस कचरे को ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा स्थित कूड़ा संग्रह केंद्र पर ले जाया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत के माध्यम से कचरे का रीसाइक्लिंग और निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विजय बॉबी, तीरथ सिंह, बीडीसी सदस्य पंकज मोनू, पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, प्रकाश नेगी, मलकीत सिंह, सीएलएफ दभौरा मुस्तकीम की अध्यक्ष निर्मल कौर आदि मौजूद रहे।

# डायलिसिस के मरीज की मौत, हंगामा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: डायलिसिस पर आए एक मरीज की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

जसपुर के समीप अंगदपुर निवासी 55 वर्षीय सुनील कुमार कई वर्षों से कैंसर पीड़ित थे। उनका ऋषिकेश एम्स से इलाज चल रहा था। मंगलवार को डायलिसिस के लिए पहली बार काशीपुर के गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डायलिसिस की प्रक्रिया के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने लापरवाही बरती और ऑक्सीजन चालू नहीं की, जिससे मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। मरीज की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने अस्पताल के मुख्य द्वार और वार्ड के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रबंधन पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना था कि अस्पताल की लापरवाही ने उनके घर का सदस्य छीन लिया। हंगामे के कारण अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों से वार्ता की और उन्हें उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसएसआई नवीन बुधानी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


काशीपुर में निजी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करते परिजन। ● अमृत विचार

# भाई पर जानलेवा हमला करने वाला किया गिरफ्तार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार**: कोतवाली पुलिस ने मकान बंटवारे के विवाद में अपने ही सगे छोटे भाई पर धारदार हथियार (पाटल) से हमला करने वाले आरोपी शेर अली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त खून से सना पाटल भी बरामद कर लिया है।

मोहल्ला नई बस्ती निवासी अनवर हुसैन और शेर अली के बीच लंबे समय से मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बीते शनिवार की शाम, जब अनवर लकड़ी मंडी स्थित अपनी दुकान के पास टहल रहा था, तभी शेर अली ने उस पर पाटल से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव के दौरान अनवर के बाएं हाथ की कलाई गंभीर रूप से कट गई। बीच-बचाव करने आए शराफत नामक व्यक्ति को भी आरोपी ने घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए काशीपुर ले जाया गया, जहाँ से अनवर हुसैन की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। मामले में अनवर की पत्नी कलसुम जहां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शेर अली (40 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

# संधू को दी शबद कीर्तन से श्रद्धांजलि

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार**: न्यूजीलैंड में एक सड़क दुर्घटना में असमय काल का ग्रास बने ग्राम ऊंचागांव निवासी संदीप सिंह संधू की याद में गुरुद्वारा सिंह सभा में विशेष समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वर्गीय निर्मल सिंह के पुत्र संदीप सिंह की आत्मिक शांति के लिए रखे गए पाठ के भोग के उपरान्त रागी जत्थे ने कीर्तन किया। भाई सोहन सिंह ने आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि जीवन और मृत्यु गुरु का हुक्म है, जिस पर विज्ञान का भी वश नहीं चलता। ज्ञानी इकबाल सिंह द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिए विशेष अरदास की गई। इस भावुक क्षण में संदीप के पुत्र सतकीरत सिंह को ''जिम्मेदारी की दस्तार'' (पगड़ी) सौंपी गई।

संदीप के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य लोग आगे आए। हरमिंदर सिंह ढिल्लों सहित कई समाजसेवियों ने परिवार को लाखों रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस मौके पर संदीप की माता गुरदीप कौर, पत्नी नवजोत कौर, सर्व प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा आदि उपस्थित रहे।



समागम में कीर्तन करता भाई सोहन सिंह का रागी जत्था। ● अमृत विचार

# कैंटर से टकराकर डंपर चालक की गई जान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार**: राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। घटना दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नामधारी पेट्रोल पंप के पास की है, जहां एक तेज रफ्तार डंपर आगे चल रहे कैंटर में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया।

सूचना मिलते ही दोराहा चौकी प्रभारी देवेंद्र मेहता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद डंपर के केबिन को काटकर चालक अजीम (40 वर्ष), निवासी रामपुर (यूपी) को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस के जरिए उसे तत्काल सरकारी अस्पताल बाजपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच के अनुसार, डंपर रुद्रपुर से काशीपुर की ओर जा रहा था।


क्षतिग्रस्त डंपर का केबिन।

### शिक्षकों को फरवरी से नहीं मिला वेतन

**काशीपुर**: राज्य सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राज्य में सहायता प्राप्त चार सौ से अधिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग आठ सौ शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को बजट के अभाव में वेतन न मिलने का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें पत्र भेजा। उन्होंने बताया कि फरवरी और मार्च 2026 का वेतन आहरित किए जाने संबंधी आदेश संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही निर्गत किए जा चुके थे।

# अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया


प्रशिक्षण के समापन पर कार्यक्रम में शिरकत करते बीडीओ शेखर जोशी, बैंक एवं संस्था के अधिकारी, प्रशिक्षक व प्रशिक्षिणार्थी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार**: ब्लॉक मीटिंग हॉल में जिला अग्रणी बैंक ऊधम सिंह नगर और बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी पंतनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12 दिवसीय ''घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण'' कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। 29 अप्रैल 2026 से शुरू हुए इस शिविर में क्षेत्र की 30 महिला लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर मीनाक्षी पांडे ने महिलाओं को अगरबत्ती, धूपबत्ती, संब्राणी और हवन के दीये बनाने का व्यावहारिक ज्ञान दिया। आरसेटी की निदेशक उर्वशी अग्रवाल ने प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रणाली और ऋण प्रक्रियाओं की जानकारी दी, ताकि वे अपना उद्यम स्थापित कर सकें। वरिष्ठ जिला समन्वयक सुरेश विश्वकर्मा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। समापन अवसर पर खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने सभी को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री इंजीनियर की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

जसपुर खुर्द पशुपति विहार की कृष्णा कॉलोनी निवासी विजय कुमार (45) पुत्र देवेंद्र सिंह रामनगर रोड स्थित एक फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। बीते सोमवार की शाम उनकी घर में अचानक तबियत बिगड़ गई। तब परिजन उनको आनन-फानन में गिरीताल स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों के मुताबिक विजय कुमार ने रविवार को नाइट ड्यूटी करके सोमवार की सुबह घर आ गए थे। सोमवार को दिनभर घर में ही थे। इसी बीच शाम को समय अचानक हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे एक बेटा अंकुर (17) और एक बेटी वंशिका व पत्नी समेत अन्य परिजनों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। वहीं मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर पुलिस ने विसरा जांच के लिए भेज दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### मंदिर के दानपात्र को तोड़कर नकदी उड़ाई

**काशीपुर :** मानपुर रोड स्थित रामपुरम कॉलोनी निवासी विपिन कुमार अग्रवाल पुत्र विश्वनाथ अग्रवाल ने कटोराताल पुलिस चौकी में तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि कॉलोनी में भगवान शिव जी का प्राणेश्वर मंदिर है। बीते सोमवार की देर रात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए मंदिर के दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी नकदी, मंदिर में रखे पीतल की लगभग सवा फीट ऊंची आरती चोरी कर ली। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे तब हुई। कॉलोनी वासियों ने पुलिस में तहरीर सौंपकर घटनाक्रम का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### 10.95 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जसपुर :** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही करते हुए एक स्मैक तस्कर दबोचा है। सोमवार को एसआई हरीश आर्य ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी नशा तस्कर मो नाजिम को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 10.95 ग्राम स्मैक बरामद की है। कोतवाल राजेश पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### चार मोटरसाइकिलों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कोतवाली में दर्ज चोरी के मुकदमों की तफ्तीश के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आशीष मंडल निवासी बंगाली कॉलोनी को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चार अलग-अलग जगहों से चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन स्प्लेंडर प्लस और एक ग्लैमर बाइक बरामद की है।

### 566 दिन बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं

**दिनेशपुर :** पुलिस को 23 अक्टूबर 2024 को मोहनपुर के पास सड़क किनारे मिले संदिग्ध बैग से 25-30 साल की अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव बरामद हुआ था। शव को बेरहमी से तोड़-मरोड़ कर बैग में भरा गया था। घटना को 566 दिन बीत चुके हैं, लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने उत्तराखंड समेत कई राज्यों में लापता महिलाओं का रिकॉर्ड खंगाला, पर कोई सुराग नहीं मिला।

# गल्ले से ढाई लाख चोरी सीसीटीवी में घटना कैद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अनाज मंडी बाजपुर में स्थित एक फर्म के गल्ले से डुप्लीकेट चाबी के जरिए नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। फर्म स्वामी ने अपने ही कर्मचारी, उसके पुत्र और एक अन्य युवक पर मिलीभगत कर ढाई लाख रुपये चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

बेरिया रोड लखनपुर निवासी फर्म स्वामी हेमंत यादव ने पुलिस को बताया कि उनकी अनाज मंडी में "हेमंत बारदाना ट्रेडर्स" नाम से फर्म है। फर्म पर गांव का ही एक व्यक्ति काम कार्यरत है और मालिक के बाहर रहने पर दुकान की देखरेख भी करता है। कुछ दिनों से गल्ले में रकम कम होने का संदेह था। बताया गया कि 10 मई को दोपहर करीब 12 बजे, जब फर्म स्वामी दुकान में बैठे मोबाइल देख रहे थे, तभी उनके मोबाइल में सीसीटीवी फुटेज सामने आई। फुटेज में कर्मचारी का पुत्र और उसका दोस्त गल्ले में डुप्लीकेट चाबी लगाकर रुपये निकालते दिखाई दिए। गल्ला चेक करने पर नकदी कम पाई गई। तहरीर के अनुसार जब इस बाबत कर्मचारी से पूछताछ की गई और वीडियो दिखाई गई, तो वह घबरा गया और मोबाइल से वीडियो डिलीट करने का प्रयास करने लगा। बमुश्किल मोबाइल वापस लिया गया। आरोप है कि चोरी की इस घटना में कर्मचारी की भी संलिप्तता है और उसके कहने पर दोनों युवक काफी दिनों से गल्ले से रुपये निकाल रहे थे। कुल करीब 2.50 लाख रुपये चोरी किए जाने का दावा किया है।

## घर पर खड़ी बाइक का काशीपुर में चालान

**सितारगंज:** जनपद में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिसौना निवासी दलजीत कौर की बाइक घर पर खड़ी थी, लेकिन मोबाइल पर आए एक संदेश ने उन्हें हैरान कर दिया। 12 मई को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बाइक का काशीपुर के टांडा तिराहा पर यातायात नियमों के उल्लंघन में ई-चालान कटा है। पीड़िता का कहना है कि जिस समय का चालान दिखाया गया है, उस समय उनकी बाइक घर के आंगन में खड़ी थी। महिला ने आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक के नंबर की फर्जी प्लेट लगाकर वाहन चला रहा है। सितारगंज पुलिस द्वारा मामले में ठोस कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने अब एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### प्रदेश की सरकार पर साधा निशाना, महिला सुरक्षा व किसानों की समस्याएं उठाईं

# कांग्रेस महामंत्री ने गदरपुर से पेश की दावेदारी

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में प्रेस कांफ्रेंस करतीं कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार।

**अमृत विचार:** कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में 65 गदरपुर सीट से अपनी दावेदारी पेश कर दी है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं के लिए प्रदेश की सरकार पर विकास के नाम पर जनता को ठगने का आरोप लगाया।

मंगलवार को अपने निजी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने महिला प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की डबल इंजन सरकार पर जमकर हमला बोला और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। महामंत्री हालदार ने कहा कि वह वर्ष 2003 से कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न दायित्वों का निर्वाह करती आ रही हैं। संगठन में जमीनी स्तर पर काम करने का लंबा अनुभव है। जबकि उन्होंने 2012 से लगातार अपनी दावेदारी पेश है। अब 2027 में 65 विधानसभा गदरपुर से जनता की सेवा के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं। पार्टी हाईकमान ने मौका दिया तो पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगीं और गदरपुर की आवाज विधानसभा में उठाएंगी। उन्होंने गदरपुर विधानसभा की समस्याएं गिनाते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं जस की तस हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास के नाम पर जगह-जगह सरकारी अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानें खुलवाने का काम तेजी से कर रही है, जबकि बेरोजगार युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि जनता ने मौका दिया तो वे इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता से हल कराएंगी। इस मौके पर नगराध्यक्ष नारायण हालदार, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, युवा नेता किशोर हालदार, महिला नेत्री कंचन मंडल, अजय राय उपस्थित रहे।

# आयो सांवरिया सरकार, मेरा...

### किच्छा में श्री श्याम कीर्तन महोत्सव में झूमे श्रद्धालु, गायक कलाकारों ने समां बांधा

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री खाटू नरेश मित्र मंडल के तत्वाधान में चौथे विशाल श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर बाहर से आए गायक कलाकारों ने समां बांध दिया और पूरी रात खाटू नरेश की महिमा का बखान किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर झूमते नाचते नजर आए।

नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित भव्य श्री श्याम कीर्तन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक प्रतिनिधि गौरव राज बेहड़ ने श्याम बाबा के दरबार में श्रद्धापूर्वक माथा टेककर दीप जलाते हुए श्याम दरबार का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बेहड़ ने कहा कि मान्यता है कि सच्चे हृदय से खाटू जी महाराज की पूजा अर्चना एवं भक्ति करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, आरोग्यता एवं लोक कल्याण की मंगल कामना की। इस मौके पर बीती रात्रि करीब 9:30 बजे शुरू हुआ भजनों का सिलसिला मंगलवार की सुबह तड़के करीब 3:30 बजे तक चलता रहा। पूरी रात सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में खाटू नरेश की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में मुंबई से आए प्रसिद्ध गायक सुमित सैनी, कानपुर से आई "शर्मा सिस्टर" बिट्टू शर्मा एवं आलिया शर्मा तथा खटीमा निवासी गायक अमन मारवाड़ी ने मधुर आवाज में खाटू नरेश एवं भगवान भोलेनाथ के भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। गायिका बिट्टू शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई खाटू नरेश के "शीशदान की अमर कथा", आयो सांवरिया सरकार - लीले पर चढ़के, मेरा खाटू नरेश आदि भजन सुनाकर सभी को मोहित कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में पूरी रात्रि श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी- चावल एवं कॉफी का प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम कीर्तन महोत्सव में श्रद्धालुओं के बीच खेली गई फूलों की होली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी विजयपाल यादव, विजय प्रकाश उर्फ लाला भाई, विवेकदीप सिंह, बंटी पपनेजा, गुलशन सिंधी ने पूजा अर्चना कर उत्तराखंड एवं नगर वासियों के लिए सुख-समृद्धि, आपसी भाईचारे, चौमुखी विकास की कामना की। मौके पर कमेटी सदस्य शानू गोयल, विजय गुप्ता, गेंदन लाल, हिमांशु पटेल, रमेश, शैलेश सक्सेना, बंटी, अस्मित अग्रवाल के अलावा श्रीकांत राठौर, राजीव चौधरी, विशाल गुप्ता, केतन कालरा आदि मौजूद रहे।

## पीएम आवास के लाभार्थी को लगा लाखों का चूना

**किच्छा:** नगर के वार्ड नंबर 2 निवासी टीकाराम शर्मा के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऋण लेना मुसीबत बन गया है। नैनीताल बैंक की किच्छा शाखा की गंभीर लापरवाही के कारण पीड़ित को लाखों की सब्सिडी के बदले मात्र 734 रुपये प्राप्त हुए।

टीकाराम ने फरवरी 2019 में मकान के लिए 8.50 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कराया था। आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने हुडको को भेजी गई फाइल में ऋण राशि 8.50 लाख के बजाय मात्र 2,000 रुपये दर्शा दी। इस तकनीकी ''धोखाधड़ी'' के चलते पीड़ित को नियमानुसार मिलने वाली बड़ी सब्सिडी से वंचित रहना पड़ा। सब्सिडी न मिलने और बैंक के दबाव के कारण पीड़ित को सगे-संबंधियों से कर्ज लेकर करीब 12.75 लाख रुपये बैंक को चुकाने पड़े। पीड़ित का आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने गलती स्वीकारने के बावजूद ढाई साल तक उसे गुमराह किया और आरटीआई का जवाब भी नहीं दिया। मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके पीड़ित ने अब जिलाधिकारी नितिन भदोरिया को शिकायती पत्र देकर दोषी शाखा प्रबंधक पर कार्रवाई करने और रुकी हुई सब्सिडी दिलाने की मांग की है।



देहरादून में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में विजेता बच्चे। ● अमृत विचार

### डायनेस्टी की छात्रा अंशिका व साक्षी ने जीते पदक

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म की दो छात्राओं ने युवा कल्याण विभाग के इंडोर हॉल आंबला देहरादून में उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 23 वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अंशिका धामी ने रजत व साक्षी भंडारी ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने बच्चों और प्रशिक्षक विजय रावत को बधाई दी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, भरत बिष्ट, सुरेश ओली, हेमलता बोरा, शिल्पा सक्सेना, लिंसी, ऊषा चौसाली, कल्पना चंद, सविता रावत, दीपा भट्ट, माया जोशी, अंजू चंद, रुचि चौहान, किरन खर्कवाल आदि ने भी बधाई दी है।

### राज्य स्तरीय बास्केटबॉल के लिए 4 बच्चे चयनित



**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल चार विद्यार्थियों चंचल भट्ट, पीयूष धामी, साहिल सिंह और जतिन कन्याल का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना ने बताया कि बास्केटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अपनी मेहनत, लगन एवं निरंतर अभ्यास के बल पर चारों विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय टीम में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह भी कहा कि बच्चे हाल ही में देहरादून में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने बच्चों को बधाई दी है।



प्रतियोगिता में विजेता बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### बाल संस्कार शिविर में विजेताओं को मिले पुरस्कार

**सितारगंज :** भारत विकास परिषद की महिला विंग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर के अंतर्गत कला एवं गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को सितारगंज के एक निजी विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज श्री राणा, कार्यक्रम संयोजक ममता गोयल, प्रीति अग्रवाल और गिरिजा पंत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथि राज श्री राणा ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों को प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। ममता गोयल ने कहा कि प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सीमा सिंघल, प्रधानाचार्या रश्मि बुधलाकोटि, कोमल मित्तल, तन्वी जैन, प्रीति अग्रवाल, पूनम झिनझीरिया, अध्यक्ष अमित गोयल, महेश मित्तल आदि मौजूद रहे।

# ... हो रण में कूद पड़े महाराणा

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थारू सांस्कृतिक महा संगठन के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में थारू समाज की संस्कृति की झलक ने सभी का मन मोहा।

भुड़ाई में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, सतीश चंद्र भट्ट ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थरूवाटी गीत " हो रण में कूद पड़े महाराणा ", " आओ रे सब मिल जुल खेलें होली " का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं प्रथम थारू लोक गायिका स्वर्गीय रिंकू राणा को याद किया गया। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप थारु सांस्कृतिक उत्थान समिति द्वारा सुंदर प्रस्तुति असम का बिहू नृत्य, नेपाली, स्थानीय, जौनसार के लोक कलाकारों द्वारा अपनी शानदार बेजोड़ प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कोमल राणा, त्रिनेत्र सिंह, लक्ष्मी राणा, आलोक, राहुल, कशिश राणा, रोशनी, पायल, वैशाली, समीर, परविन्द्र सिंह, सरिता, कन्हैया, ज्योति, रजत, विष्णु, अनीस आदि कलाकारों ने प्रस्तुति दी। ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह राणा, शोभा देवी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## टोल प्लाजा पर लगी वाहनों की कतार

**जसपुर:** जगतपुर पट्टी टोल प्लाजा पर वाहनों के लगने वाले लंबे जाम की समस्या से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन टोल प्लाजा पहुंची। यहां किसानों ने व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए मैनेजर से वार्ता की और जल्द व्यवस्था को दुरुस्त कराने को कहा। मंगलवार को टोल प्लाजा पर पहुंचे भाकियू कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर जाम लगने की समस्या को लेकर प्रबंधक से वार्ता की। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम की स्थिति न सुधरी तो उनके द्वारा टोल प्लाजा को फ्री करा दिया जाएगा। बता दें कि बीते कई दिनों से सिस्टम में खामी के कारण जगतपुर पट्टी टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं।




वॉलीबाल खिताब के साथ विजेता प्रशासनिक भवन की टीम। ● अमृत विचार

### प्रशासनिक भवन टीम ने वॉलीबाल का खिताब जीता

**पंतनगर :** पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से सत्र 2025-26 की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षा विभाग, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं प्रशासनिक भवन ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना के साथ बेहतरीन प्रदर्शन का किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार को सुरक्षा विभाग और प्रशासनिक भवन की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें प्रशासनिक भवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 के सेट से जीत हासिलकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस दौरान प्रभारी शारीरिक शिक्षा डॉ. जीएस बोहरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान क्लब के मुख्य संयोजक शशांक शर्मा, सचिव अशोक कुशवाहा, क्रिकेट संयोजक नीरज कुमार एवं वज़ीर अहमद का विशेष योगदान रहा।

# डिजिटल युग में पुस्तकों से जुड़ रहे बच्चे



विकास भारती स्कूल में पुस्तकों के साथ विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह, प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता व स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** आधुनिक तकनीक और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच विद्यार्थियों को पुनः पन्नों की दुनिया से जोड़ने के लिए विकास भारती स्कूल ने एक सराहनीय पहल की है। विद्यालय परिसर में दो दिवसीय भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वाध्याय की प्रवृत्ति जगाना और उनके बौद्धिक विकास को नई दिशा देना है।

मेले का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के चेयरमैन व भाजपा नेता चौधरी संसार सिंह ने कहा कि वर्तमान में डिजिटल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की एकाग्रता प्रभावित हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि अध्ययन संस्कृति को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन अनिवार्य हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र होती हैं। नियमित पठन न केवल ज्ञानवर्धन करता है, बल्कि सकारात्मक व्यक्तित्व का निर्माण भी करता है।

## खनन बंद होने पर वाहन स्वामी भड़के

**सितारगंज।** नंधौर नदी के उकरौली गेट पर खनन की निर्धारित सीमा (लिमिट) समाप्त होने के बाद कार्य बंद कर दिया गया है। इससे नाराज वाहन स्वामियों और चालकों ने मंगलवार को एमबीआर गेट पर सांकेतिक जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नैनीताल जनपद के अन्य गेटों पर लिमिट बढ़ाकर कार्य जारी रखा गया है, जबकि उकरौली गेट को बंद कर उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया गया है।

वाहन स्वामियों ने वन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उकरौली गेट के वाहनों को संचालित गेटों में समायोजित किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# दो निजी स्कूली बसों को किया सीज

संवाददाता, दिनेशपुर




दिनेशपुर में स्कूल के वाहनों की जांच करती परिवहन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने दिनेशपुर क्षेत्र से चलने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ बड़ा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग ने दो स्कूल बसों को मौके पर ही सीज कर दिया। वहीं दर्जन भर बसों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। अचानक हुई कार्रवाई से वाहन संचालकों व स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया।

मंगलवार की प्रातः परिवहन कर अधिकारी मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने दिनेशपुर क्षेत्र से नगर के साथ गूलरभोज, गदरपुर, रुद्रपुर व किच्छा को चलने वाली स्कूल बसों को रोककर गहन जांच अभियान चलाया। टीम ने बच्चों को स्कूल ले जा रही बसों के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इसमें फिटनेस प्रमाणपत्र, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर और आपातकालीन द्वार सहित अन्य सुरक्षा मानकों को परखा गया। चेकिंग अभियान के दौरान कई स्कूल बसों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। परिवहन विभाग ने तुरंत सख्ती दिखाते हुए कई वाहनों को हिदायत देते हुए छोड़ दिया। वहीं नियमों का उल्लंघन करने पर दो बसों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। परिवहन कर अधिकारी मुकुल अग्रवाल ने बताया कि पूरे उत्तराखंड में स्कूल वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## दो घरों से अवैध शराब की बरामद

**सितारगंज :** आबकारी विभाग की टीम ने दो घरों में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी के नेतृत्व में विभाग ने गांव लौका, गोठा और पंडरी में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने दो घरों से अवैध कच्ची शराब बरामद की। जबकि, कई संदिग्ध घरों में ताले लटके मिले। वहीं, मामले में विभाग ने कई अज्ञात लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले गोठा के जंगल में एक ग्रामीण का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। ग्रामीणों ने घटना के पीछे कच्ची शराब और नशे की लत को जिम्मेदार ठहराया था। महिलाओं ने इस मामले में पुलिस को शिकायत की थी।

**ब्रीफ न्यूज**

### अल्मोड़ा में सिटी बस सेवा का किराया घटा

**अल्मोड़ा :** नगर में संचालित सिटी बसों का किराए में रियायत से लोगों को राहत मिली है। अब नगर निगम की ओर से मुख्यालय से न्यू कलक्ट्रेट और विकास भवन तक का किराया 20 रुपया तय कर दिया गया है। पहले इस रूट का किराया 30 रुपया प्रति यात्री था। दरअसल, अल्मोड़ा नगर से पांडेखोला स्थित न्यू कलक्ट्रेट और विकास भवन तक नगर निगम की ओर से दो सिटी बसों का संचालन किया जाता है। जिसका पूर्व में प्रति व्यक्ति किराया 30 रुपये निर्धारित किया गया था। अब लोगों की मांग पर नगर निगम ने किराए में दस रुपये की छूट देने का निर्णय लिया है। वहीं, नए किराये की दरों को लेकर नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा ने आदेश जारी किए हैं। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई है।

### बिजली लाइन मरम्मत के दौरान मजदूर की मौत

**बागेश्वर :** किच्छा निवासी सुल्तान अंसारी पुत्र अलाउद्दीन बागेश्वर के झिरौली क्षेत्र में बिजली के पोल गाड़ने और लाइन मरम्मत का कार्य कर रहे थे। सोमवार शाम कार्य के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उन्हें काफलीगैर चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर गरजा जूनियर शिक्षक संघ

## हवालबाग खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

- **कर्मचारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई**
- **तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**


अल्मोड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते जूनियर शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर मंगलवार को मोर्चा खोल दिया। नाराज शिक्षकों ने हवालबाग स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

धरना स्थल पर शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से वे अपनी मांगों के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे शिक्षकों में रोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों ने जूनियर शिक्षकों को टीईटी में छूट देने, वेतनमान विसंगति दूर करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, त्रिस्तरीय कैडर व्यवस्था लागू करने, समयबद्ध पदोन्नति, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण और बेहतर चिकित्सा सुविधा सहित 13 सूत्रीय मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जूनियर शिक्षक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं, द्वाराहाट में भी शिक्षकों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। धरना-प्रदर्शन में पंकज पांडे, सुरेश चंद्र नैनवाल, नारायण सिंह, कमला बिष्ट, बंसती रावत, रेशमा चौधरी, इंदु तिवारी, सुशीला गुरुरानी, गायत्री बिष्ट, चंद्रा राणा, स्नेहलता त्रिपाठी, शीबा सिद्दीकी, संजय जोशी, चंद्रा जोशी, निर्मला उपाध्याय, दीपक चंद्र पांडे, नरेंद्र बोरा, पुष्कर कुंवर, जगदीश चंद्र, हेमा कोहली, चंदन बोरा, पंकज पंत, त्रिलोक अधिकारी, शोभा नेगी, प्रकाश रौतेला, सुरेंद्र सिंह, रमेश आगरी, बसंत साह और जगदीश बुधानी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### डीडीए की समाप्ति को लेकर प्रदर्शन

**अल्मोड़ाः** पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। समिति से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में धरना देकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि डीडीए की वजह से पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समिति पिछले सात वर्षों से डीडीए हटाने की मांग कर रही है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए डीडीए की नियमावली उपयुक्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि डीडीए को समाप्त कर नगर निकायों को प्राधिकरण संबंधी अधिकार दिए जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

धरने में पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं समिति संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, हेम चंद्र तिवारी, चंद्रमणी भट्ट, हेम जोशी, प्रतेश कुमार पांडे, शहाबुद्दीन, लक्ष्मण सिंह ऐठानी और भारत रत्न पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सल्ट में दहशत का पर्याय बना बाघ किया ट्रैंकुलाइज


सल्ट के तड़म में वन विभाग की टीम द्वारा ट्रैंकुलाइज किया गया बाघ। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- **वन विभाग ने देर रात पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजा**

**अमृत विचारः** सल्ट विकासखंड के तड़म क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना बाघ आखिरकार वन विभाग के कब्जे में आ गया। सोमवार देर रात वन विभाग की टीम ने बाघ को ट्रैंकुलाइज कर पकड़ लिया। इसके बाद बाघ को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया।

बीते नौ दिनों से क्षेत्र में बाघ की दहशत बनी हुई थी। तल्ला सल्ट के तड़म गांव के बौरड़ा क्षेत्र में तीन मई की शाम एक वन्यजीव ने ग्रामीण महिपाल सिंह पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल था। ग्रामीणों का दावा था कि हमला बाघ या गुलदार ने किया है। दीपक सिंह के निर्देश पर वन विभाग ने चार टीमों का गठन किया था। टीमों ने 25 ट्रैप कैमरे और एक ड्रोन की मदद से जंगल में लगातार सर्च अभियान चलाया। साथ ही विशेषज्ञ शिकारियों की टीम भी वन्यजीव की तलाश में जुटी हुई थी।

सोमवार को वन विभाग ने पांच की जगह सात पिंजरे लगाए। देर रात विशेषज्ञ टीम की नजर बाघ पर पड़ी, जिसके बाद बिना देरी किए उसे ट्रैंकुलाइज कर काबू में कर लिया गया। बाद में बाघ को पिंजरे में बंद कर मंगलवार को रामनगर स्थित रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया। बाघ के पकड़े जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

# डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के निर्देश

- **अवैध शराब, ओवरलोडिंग और अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश**

**संवाददाता, बागेश्वर**


बागेश्वर में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को राजस्व संवर्धन की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व वृद्धि से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग और पुलिस को अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं परिवहन विभाग को ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई बढ़ाने तथा सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से नियमित निरीक्षण करने को कहा।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में समय से राशन उपलब्ध कराने और राशन कार्डों के सत्यापन एवं अद्यतन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उप जिलाधिकारियों को राशन कार्ड सत्यापन का रेंडम वेरिफिकेशन करने तथा राशन गोदामों और सस्ता गल्ला दुकानों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में राज्य कर विभाग को जनपद के सभी होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने संबंधी रिपोर्ट बुधवार तक उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने श्रम अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को कार्यों में लापरवाही के मामलों में विभागीय कार्रवाई के लिए पत्राचार करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में श्रद्धा रावत ने विभागीय जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान एन.एस. नबियाल, सभी एसडीएम और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश

**संवाददाता, चम्पावत**

**अमृत विचारः** मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सभागार चम्पावत में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा एवं चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा व्यवस्थाओं, मानव संसाधन, धुलाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वच्छकों के अनुबंध की प्रक्रिया जनपद स्तर से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रस्ताव या कार्यवाही से पूर्व अनुमोदन से संबंधित सभी विवरण स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किए जाएं।

डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता, अस्पतालों में उपकरणों की स्थिति तथा आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय सहित सभी उपजिला चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। साथ ही एएनएम सेंटर और डिलीवरी सेंटर को अधिक सक्षम एवं सुविधायुक्त बनाने पर जोर दिया। कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

बैठक में डॉ. जीएस खाती, सीमा बंगवाल, डॉ. देवेश चौहान सहित जनपद के सभी सीएमएस और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन मेडिकल स्टोरों को नोटिस जारी

- **औषधि निरीक्षक ने अल्मोड़ा में चलाया निरीक्षण अभियान**
- **सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**


अल्मोड़ा में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करतीं औषधि निरीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलेभर में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का मेडिकल स्टोरों के खिलाफ निरीक्षण अभियान जारी है। मंगलवार को पूजा जोशी ने नगर क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने मेडिकल प्रतिष्ठानों के ड्रग लाइसेंस की वैधता जांची। साथ ही दवाओं के स्टॉक, बिक्री और खरीद रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि दवाओं की बिक्री और खरीद पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी में तथा पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही की जाए। इसके अलावा मेडिकल स्टोरों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और उनकी रिकॉर्डिंग की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

जांच में तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेडिकल स्टोरों का लगातार औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


टनकपुर उपजिला चिकित्सालय का निरीक्षण करतीं दर्जा राज्यमंत्री हेमा जोशी।

### दर्जा मंत्री ने किया उपजिला अस्पताल का निरीक्षण

**टनकपुर, अमृत विचार :** हेमा जोशी ने मंगलवार को उपजिला चिकित्सालय टनकपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभा जोशी, डॉ. मोहम्मद उमर और डॉ. ललित मोहन रखोलिया ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। विभागीय अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों और वार्ड नर्सों की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग की मांग उठाई। इस पर दर्जा राज्यमंत्री हेमा जोशी ने मनीष कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर अस्पताल की आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। हेमा जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों से जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि टनकपुर अस्पताल के ट्रामा सेंटर को अस्तित्व में लाने का कार्य भी प्रगति पर है। इस मौके पर डॉ. आफताब आलम, डॉ. मानवेंद्र शुक्ला, डॉ. नोनिहाल सिंह, डॉ. जितेंद्र जोशी, फार्मासिस्ट महेश भट्ट, जेएस कुंवर, अनिल गड़कोटी, मोहित रहे।

# नियमितीकरण को रोडवेज कर्मी मुखर

**संवाददाता, टनकपुर**


टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी।

**अमृत विचारः** नियमितीकरण की मांग को लेकर रोडवेज के संविदा और विशेष श्रेणी कर्मचारी अब आंदोलन की राह पर उतरने लगे हैं। मंगलवार को विशेष श्रेणी कर्मचारी संगठन के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के टनकपुर कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो 21 मई से टनकपुर में प्रदेश स्तरीय क्रमिक अनशन और एक जून से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। कर्मचारी अवकाश लेकर आंदोलन में शामिल होंगे।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि रोडवेज के लगभग तीन हजार संविदा और विशेष श्रेणी चालक, परिचालक तथा कार्यशाला कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। संगठन ने मांग की कि नियमितीकरण नियमावली में संशोधन कर कट ऑफ डेट वर्ष 2026 तक बढ़ाई जाए और विशेष श्रेणी कार्मिकों को भी नियमावली में शामिल कर नियमित नियुक्ति दी जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द अमल नहीं हुआ तो घोषित कार्यक्रम के तहत आंदोलन को तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र भट्ट ने कहा कि वर्ष 2022 में हुए आंदोलन के दौरान तत्कालीन विधायक स्वर्गीय कैलाश गहतोड़ी के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया था, लेकिन चार वर्ष बाद भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ज्ञापन देने वालों में सुनील कलौनी, नरेश अधिकारी, सतीश उप्रेती, राजेंद्र रावत, प्रकाश पांडेय और सचिन श्रीवास्तव आदि रहे।

### कराटे में बनबसा के खिलाड़ी छाए

**बनबसाः** बनबसा के खिलाड़ियों ने 8 से 11 मई तक देहरादून में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में आठ वर्षीय कविश अधिकारी ने कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर लोहा मनवाया।

वहीं आठ वर्षीय पूर्णिमा दुबे ने काता एवं कुमिते दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कृष्णकांत कौशल, आकांक्षा मुरारी, सिंपी राणा, दीपांशु, लक्ष्य गहतोड़ी और प्रिंस खोलिया ने स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा उमंग सिंह भंडारी, अंशिका धामी, अक्षया और रितिका रावत ने रजत पदक हासिल किए। वहीं अभिषेक, साक्षी भंडारी और तनुजा ज्याला ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।



आर्मी स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ बना विजेता

**रानीखेत, अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत द्वारा सेंटर कमांड क्लस्टर-6 स्तर की अंडर-17 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सेना के सोमनाथ ग्राउंड में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जनरल बीसी जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल पिथौरागढ़, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत तथा आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया। समापन समारोह में केआरसी रानीखेत से गुरप्रीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। प्रतियोगिता के अंतर्गत कई लीग मैच आयोजित किए गए। कड़े मुकाबलों के बाद जनरल बी.सी. जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल पिथौरागढ़ विजेता रही, जबकि आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। मनमोहन देव, सूरज कुमार, दीपक मेहरा, दीपक शाही एवं रवि तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**


इंजीनियरिंग कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाती पुलिस और मेडिकल टीम।

**अमृत विचारः** द्वाराहाट पुलिस और मेडिकल टीम द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र और छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा जनपद के स्कूलों, कॉलेजों, नगरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नशे के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। साथ ही नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं की सहमति से ड्रग्स डिटेक्शन किट के माध्यम से सैंपल भी लिए गए, ताकि नशा उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वाराहाट विनोद जोशी, डॉ. दीपांकर डेनियल, धरम सिंह, डॉ. रविशंकर सिंह राणा, डॉ. संदीप जोशी, प्रज्ञा नयाल राणा, नरेश चौहान और दीवान सिंह बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**शिविर** | अमोड़ी महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण शिविर का समापन, प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने बताया योग का महत्व

# तन और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है योग

- **प्रशिक्षक हरीश चन्द्र ओझा ने योगासन का अभ्यास कराया**
- **सर्वाइकल व कमर दर्द से संबंधित आसनों का भी अभ्यास कराया**

**संवाददाता, टनकपुर**


अमोड़ी महाविद्यालय में योगाभ्यास करते योग साधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में आयोजित सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर में योग प्रशिक्षक हरीश चन्द्र ओझा ने छह मई से 12 मई तक प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

योग साधकों ने पश्चिमोत्तानासन, तितली आसन, गोमुखासन, त्रिकोणासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त कर योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। शिविर में एक्यूप्रेशर, सुजोक और मर्म चिकित्सा के माध्यम से सर्वाइकल व कमर दर्द से संबंधित आसनों का भी अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक हरीश चन्द्र ओझा ने बताया कि बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को योग से जोड़ना उनका प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से गंभीर रोगों के निवारण पर भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने कहा कि योग तन और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। इससे शारीरिक बीमारियों से राहत मिलने के साथ मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से महाविद्यालय में संचालित नियमित प्रातःकालीन योगाभ्यास में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर नीमा भट्ट, भागीरथी भट्ट, सुलोचना भट्ट, तुलसी भट्ट, गीता भट्ट, ग्राम प्रधान रेखा बोरा, दीपक सिंह बोरा, प्रिया भट्ट, तारा विश्वकर्मा और देवेन्द्र सिंह नेगी सहित कई लोग मौजूद रहे।



साहस के बगैर आप कोई अच्छा काम नहीं कर सकते हैं।
-इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री



## संकल्प और संकेत

प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती' केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय मनोबल को मजबूत करने वाला सशक्त संदेश भी है। यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, वैश्विक ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता विश्व राजनीति को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों को केवल घरेलू राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के संदर्भ में भी समझना होगा।

भारत आज ऐसे वैश्विक दौर में खड़ा है, जहां बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र हो चुकी है। चीन सीमा और रणनीतिक प्रभाव के स्तर पर चुनौती बना हुआ है। पाकिस्तान लगातार अस्थिरता और आतंकवाद के माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। पश्चिमी शक्तियां कभी-कभी व्यापार, मानवाधिकार, प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक अपेक्षाओं के माध्यम से दबाव बनाती दिखाई देती हैं। ऊर्जा बाजार, डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भी आधुनिक दौर में रणनीतिक दबाव के औजार बन चुकी हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का संदेश वस्तुतः यह था कि भारत बाहरी दबावों के बावजूद अपनी स्वतंत्र नीति और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। सोमनाथ अमृत महोत्सव को 'प्रेरणा पर्व' बताने के पीछे भी यही सोच दिखाई देती है। सोमनाथ मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की पुनर्स्थापना और आत्मविश्वास का प्रतीक भी माना जाता है। इतिहास में अनेक आक्रमणों और विध्वंस के बाद भी उसका पुनर्निर्माण भारतीय समाज की सांस्कृतिक जिजीविषा का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री इस प्रतीक को आधुनिक भारत की आत्मनिर्भरता और पुनरुत्थान की कथा से जोड़ते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस अवसर पर परमाणु परीक्षणों और चंद्रयान-3 के 'शिवशक्ति' नामकरण का भी उल्लेख किया। इसका निहितार्थ स्पष्ट है— भारत अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को विरोधाभासी नहीं, बल्कि पूरक मानता है। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में सरकार 'विकास और विरासत' को साथ लेकर चलने का राजनीतिक-सांस्कृतिक विमर्श गढ़ रही है। एक ओर हाईवे, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और अंतरिक्ष कार्यक्रम की चर्चा होती है, दूसरी ओर काशी, अयोध्या, महाकाल और सोमनाथ जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा जाता है। यह भाजपा की व्यापक वैचारिक राजनीति का भी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे संकट की आशंकाओं के बीच जनमानस को भयभीत होने से रोकना चाहते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, ट्रंप द्वारा ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद युद्धविराम के वेंटीलेटर पर होने जैसा कठोर बयान, ईरान-संबंधी तनाव और तेल बाजार की अनिश्चितता स्वाभाविक रूप से भारत जैसी ऊर्जा आयातक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

### प्रसंगवश

## उच्च शिक्षा में प्रासंगिक होता 'मार्केट फॉर लेमन्स'

भारत में उच्च शिक्षा का तीव्र विस्तार अवसरों के साथ-साथ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आया है। एक ओर विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। ऐसे समय में अर्थशास्त्री जॉर्ज अकेलॉफ का 'मार्केट फॉर लेमंस' सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक दिखाई देता है। इस सिद्धांत के अनुसार जब उपभोक्ता को किसी वस्तु की वास्तविक गुणवत्ता की सही जानकारी नहीं होती, तब निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद बाजार पर हावी हो जाते हैं और अच्छे उत्पाद पीछे हट जाते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी उपभोक्ता हैं और संस्थान सेवा प्रदाता। जब विद्यार्थियों को संस्थानों की वास्तविक स्थिति, शिक्षकों की गुणवत्ता, रोजगार संभावनाओं, शोध कार्य और आधारभूत सुविधाओं की सही जानकारी नहीं मिलती, तब वे कमज़ोर संस्थानों में प्रवेश लेने को विवश हो जाते हैं।




डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका


भारत में उच्च शिक्षा का विस्तार मुख्य रूप से नीतिगत प्रयासों के कारण हुआ है। नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने, दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहन देने, ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने पर बल दिया। इससे शिक्षा तक पहुंच बढ़ी और अधिक विद्यार्थियों को अवसर मिला, परंतु संस्थानों की गुणवत्ता उसी गति से विकसित नहीं हो सकी। अनेक निजी संस्थान आकर्षक विज्ञापन, भव्य परिसर और बड़े-बड़े दावे करके विद्यार्थियों को अपनी ओर खींचते हैं, जबकि वास्तविकता में वहां योग्य शिक्षक, शोध वातावरण और रोजगारपरक शिक्षा का अभाव होता है। सरकारी आंकड़े भी अक्सर विलंब से आते हैं या सामान्य लोगों की समझ से परे जटिल रूप में उपलब्ध होते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी और अभिभावक सही निर्णय नहीं ले पाते। यही स्थिति निम्न गुणवत्ता वाले शिक्षा बाजार को जन्म देती है।

इसी समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था प्रारंभ की। इसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन निश्चित मानकों के आधार पर करना है। इसमें शिक्षण व्यवस्था, संसाधन, शोध कार्य, स्नातक परिणाम, समावेशन और प्रतिष्ठा जैसे पहलुओं को देखा जाता है। इस व्यवस्था ने पहली बार विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच दिया, जहां वे विभिन्न संस्थानों की तुलनात्मक स्थिति जान सकते हैं। इससे संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ी और अनेक कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों ने शिक्षकों की नियुक्ति, शोध प्रकाशनों, रोजगार सहायता केंद्रों और आधारभूत सुविधाओं में सुधार करना प्रारंभ किया।

इस रैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता के संकेत उपलब्ध कराए। अब विद्यार्थी केवल विज्ञापनों या प्रचार सामग्री पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि संस्थान की स्थिति, शोध प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम और समावेशन जैसी जानकारियों को देखकर निर्णय ले सकते हैं। इससे सूचना के अभाव की समस्या में कुछ कमी आई है। सरकार के लिए भी यह एक महत्त्वपूर्ण नीति उपकरण सिद्ध हुआ है, जिसके माध्यम से विभिन्न संस्थानों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन संभव हुआ है। फिर भी यह व्यवस्था पूर्ण समाधान नहीं है। इसकी सबसे बड़ी सीमा यह है कि यह काफी हद तक संस्थानों द्वारा स्वयं दिए गए आंकड़ों पर आधारित रहती है। यदि कोई संस्थान गलत या बढ़ा-चढ़ाकर जानकारी दे, तो रैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## बंगाल में राजनीतिक प्रारब्ध और सत्ता ध्रुवीकरण की प्रक्रिया






रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


पश्चिम बंगाल की पॉलिटिकल सोशियोलॉजी का करीब से अध्ययन किया जाए तो मालूम होता है कि बीजेपी का सत्ता में आना एक बुनियादी बदलाव का संकेत है। केंद्रित राजनीति से हटकर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को ममता ने काफी बदला, लेकिन उनका क्षेत्रीयवाद किसी को सुहाया नहीं। अबकी बार कई पार्टियों के बीच मुकाबले की जगह मुख्य रूप से दो पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसके परिदृश्य के मुख्य नए बदलावों में अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों को सामाजिक रूप से शामिल करने पर ज़ोर, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण में तेज़ी और चुनाव के बाद होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी शामिल है।

एशियाई जर्नल ऑफ़ कंपरेटिव पॉलिटिक्स के छह मई सन् 2022 के अंक में प्रकाशित एक शोधपत्र 'रीथिंकिंग रीजनल पॉलिटिक्सः बियोंड द 2021 वेस्ट बंगाल इलेक्शन्स' में समीक्षक विपिन कुमार चिरकरा ने कहा कि बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब मार्क्सवादी/क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है; यह चुनिंदा धर्मनिरपेक्षता से हटकर 'बंगाली हिंदू सभ्यता' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

> बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है।

सन् 2022 में आकलन करते समय चिरकरा ने कहा, 'बीजेपी ने वामपंथी/कांग्रेस की जगह मुख्य विपक्षी दल का स्थान ले लिया है, जिससे चुनाव अब तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई बन गए हैं।' बीजेपी ने ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल और जंगल महल में, को अपने पक्ष में करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे पारंपरिक, अभिजात वर्ग-संचालित राजनीतिक ढांचे टूट रहे हैं। अगर हमें इसे बहुत अच्छे से समझना है, तो हमें सन् 1891 में हर्बर्ट रिज्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' के अलावा दो और महत्वपूर्ण स्रोतों जैसे कि आशुतोष मित्र की 1953 में प्रकाशित किताब 'द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' एवं बंगाल के विभाजन से पहले के जो जिला गज़ेटीयर्स सन् 1905 से 1910 के बीच में तैयार किए गए और जिलों की सेटलमेंट रिपोर्ट्स को देखना होगा।

बंगाल में सवर्णों, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों के सामाजिक-धार्मिक व्यवहार, फिरोजशाह तुगलक के ज़माने से बंगाल में मुसलमानों का आगमन और सरदारों को जागीरें देने से स्थानीय हिंदुओं का अवसान, सन् 1947 का विभाजन और पोस्ट-कॉलोनियल पॉलिटिक्स के अलावा बंगाल में अंग्रेजों के समय की जागीरदारी प्रथा और किसानों के जबरदस्त शोषण के इतिहास में सन् 2000 और 2026 के बीच के पॉलिटिकल बदलावों को समझना होगा। विदेशियों और विधर्मियों की आधीनता के अलावा शोषण के लंबे इतिहास ने यहां वाम को उभारा, लेकिन वामदलों को राजनीति से बाहर करने के लिए ममता ने जो पॉलिटिक्स की, उसकी डायनामिक्स को समझे बिना बीजेपी के सत्तासीन होने की डायनामिक्स को भी नहीं समझा जा सकता।

ममता के विद्रोही तेवर किसी गहन आर्थिक-सामाजिक बदलाव का द्योतक नहीं थे, बल्कि एक प्रकार के खतरनाक क्षेत्रीयवाद का परिचायक रहे। इस लंबे दौर में बंगाल की बौद्धिकों की भूमिका बंगाल के आवाम की बहबूदी के लिए नहीं रही, बल्कि अंग्रेजों को प्रभावित करने, कॉलोनियल लिगेसी को बनाए रखने और एक अलग इलीट वर्ग के उदय से जुड़ी रही। कम्युनिस्टों के शासन काल में बंगाल के इंडस्ट्रियल परिदृश्य को मजदूरों के अराजक आंदोलनों ने ध्वस्त कर दिया। मुर्शिदाबाद से संचालित नबाबी संस्कृति को कलकत्ता की कॉलोनियल चकाचौंध ने फीका कर दिया और वे स्थल सिर्फ एक टूरिस्ट अट्रैक्शन बन कर रह गए।

सन् 1947 के बाद से बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों (दार्जिलिंग) को सिर्फ मनोरंजन स्थल समझा गया और वहां विकास के नाम कलकत्ता की सरकारों ने कुछ न किया। परिणाम स्वरुप सुभाष घीसिंग के नेतृत्व में हिंसक आंदोलन हुए, जिन्हें सेंट्रल गवर्नमेंट ने ही कंट्रोल किया, लेकिन दार्जिलिंग हिल्स ऑटोनोमस काउंसिल बनाने की कीमत पर।

हिंदू सांस्कृतिक पहचान पर बढ़ा हुआ ज़ोर सिर्फ ममता की राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिणाम है, जिसकी जड़ में मुस्लिम समाज को सामान अवसर और सामान विकास से परे हटकर स्टेट फंड्स से भारी उपकार राशि आवंटित की गई और दक्षिण-पश्चिम के जिलों के किसानों की तरक्की के लिए जो पैसा खर्च होना था, उसे डाइवर्ट कर दिया गया। इससे क्षेत्रीय धार्मिक इर्ष्या को बढ़ावा मिला। धार्मिक अभिव्यक्तियों का संभावित सामान्यीकरण किया जाना सही नहीं था।

बंगाल के सामने लंबे समय से चले आ रहे औद्योगिक ठहराव को हल करने की चुनौती है, साथ ही बीजेपी को बंगाल में अब एक विरोध-आधारित आंदोलन से हटकर एक सत्ताधारी पार्टी के रूप में काम करना सीखना है। अतीत के राजनीतिक ठहराव को समाप्त करते हुए तीव्र सांस्कृतिक और राजनीतिक बदलावों पर अब एक पब्लिक डिस्कोर्स की जरूरत है, जोकि बंगाल की यूनिवर्सिटीज़ और शांति निकेतन के बौद्धिकों को सोचना है।

ममता बनर्जी ने जिस तरह से पंद्रह सालों में बंगाल को 'मेरा बंगाल' कहकर पीड़ित बताया, वह बंगाल की जनता के साथ एक भावात्मक धोखे से अधिक नहीं निकला। भारत में इस समय एक तरह की राजनीतिक आक्रामकता देखने को मिल रही है, और इसके साथ ही एक 'पुनर्सांस्कृतिकरण' की प्रक्रिया भी बड़ी ही सूक्ष्मता से सामाजिक रीति-रिवाजों को बदल रही है। राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अराजकता की इस प्रचंडता को काबू कर पाना व्यवहारिक राजनीति का अभिन्न अंग है, जिसके लिए हर बार केंद्रीय सिक्यूरिटी फोर्सेज का बढ़ता इस्तेमाल एक तीव्र सूचक के तौर से हमारे सामने है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे– सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं– ये नाकामी के सबूत हैं। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या जवाहरलाल नेहरू 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान असफल थे। उस समय लोगों से सोना दान करने के लिए कहा गया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी इसी तरह की अपील की थी।

–सुधांशु त्रिवेदी
भाजपा प्रवक्ता



## एआई के जिन्न पर मस्क की चेतावनी के निहितार्थ




डॉ. शिवम भारद्वाज
एसोसिएट प्रोफेसर


आधुनिक दुनिया में साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था से सीधे जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। जिस तरह दुनिया का बड़ा हिस्सा डिजिटल ढांचों पर निर्भर होता जा रहा है, उसी अनुपात में साइबर खतरों का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक ऐसे औजार के रूप में देखा जा रहा है, जो इन खतरों से निपटने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है, लेकिन यही वह बिंदु भी है, जहां उम्मीद और आशंका साथ-साथ खड़ी दिखाई देती हैं।

मशहूर टेक कारोबारी एलन मस्क और ओपनए आई के बीच चल रहा अदालती विवाद इसी बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। मस्क का आरोप है कि ओपन एआई की स्थापना सुरक्षित और मानव-हितैषी एआई विकास के जिस उद्देश्य से हुई थी, वह अब भारी निवेश और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के दबाव में एक अलग दिशा में बढ़ रही है। इस विवाद को केवल निजी या कारोबारी टकराव मानकर खारिज करना आसान होगा, लेकिन इससे उठने वाला सवाल कहीं अधिक गंभीर है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

> एलन मस्क और ओपन एआई के बीच चल रहा अदालती विवाद बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

मस्क यह चेतावनी भी दे चुके हैं कि आने वाले वर्षों में एआई इंसानी निर्णय क्षमता से आगे निकल सकती है, मनमानी कर सकती है। उनकी आशंकाओं को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह सच है कि एआई अब केवल निर्देश मानने वाली प्रणाली नहीं रह गई है। वह पैटर्न पहचानती है, प्राथमिकताएं तय करती है और कई बार इंसान से तेज फैसले लेने लगती है। यही कारण है कि एआई को लेकर बहस अब तकनीकी सुविधा की नहीं, बल्कि नियंत्रण और जवाबदेही की बन चुकी है।

एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां ऐसे उन्नत एआई मॉडल विकसित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य दुनिया के डिजिटल ढांचों— नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और साइबर प्रणालियों की कमजोरियों को पहले से पहचानना है। दावा यह है कि ये मॉडल लाखों पंक्तियों के कोड और नेटवर्क गतिविधियों का विश्लेषण कर उन खामियों को भी खोज सकते हैं, जिन्हें इंसानी विशेषज्ञ वर्षों तक नहीं पकड़ पाते। इस संदर्भ में 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' जैसी पहलें महत्वपूर्ण हो जाती हैं। पहली नजर में यह तकनीक साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि लगती है। दुनिया भर में सरकारें, बैंकिंग प्रणाली, ऊर्जा संयंत्र, अस्पताल और रक्षा संस्थान लगातार साइबर हमलों के खतरे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि एआई संभावित हमलों का पहले से पता लगा सके और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बना सके, तो यह स्वाभाविक रूप से उपयोगी प्रतीत होता है।

समस्या यहीं से शुरू होती है। अगर कोई उन्नत एआई मॉडल नेटवर्क की कमजोरियां असाधारण गति से खोज सकता है, तो वही क्षमता किसी साइबर अपराधी या शत्रुतापूर्ण संगठन के हाथों में हमले का औजार भी बन सकती है। यही वजह है कि कुछ कंपनियां अपने सबसे शक्तिशाली मॉडलों को सार्वजनिक रूप से जारी करने से हिचक रही हैं और उन्होंने इन्हें अभी केवल चुनिंदा टेक कंपनियों और सुरक्षा संस्थानों के साथ सीमित दायरे में साझा किया है।

दुनिया में पहले ही ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां एआई आधारित प्रणालियों ने गंभीर गलतियां कीं। स्वास्थ्य सेवाओं में इस्तेमाल किए गए कुछ एल्गोरिद्म ने जरूरतमंद मरीजों को कम प्राथमिकता दी, क्योंकि वे पक्षपाती आंकड़ों पर आधारित थे। रियल-एस्टेट क्षेत्र में एल्गोरिद्मिक मॉडल बाजार की जटिलता को समझ नहीं पाए और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। कुछ बॉट्स ने संवेदनशील मानसिक स्थिति वाले लोगों को संतुलित करने के बजाय उनके भ्रम को और मजबूत किया। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि मशीनें तार्किक दिख सकती हैं, लेकिन उनका तर्क हमेशा मानवीय संदर्भ नहीं समझता।

मस्क की चिंता भी मोटे तौर पर इसी दिशा में है। उनका कहना है कि यदि एआई का विकास केवल मुनाफ़े और प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के साथ आगे बढ़ा, तो सुरक्षा और नैतिकता पीछे छूट जाएंगी। यह डर पूरी तरह निराधार नहीं लगता, क्योंकि एआई विकास की वर्तमान दौड़ में अरबों डॉलर का निवेश और 'पहले बाजार में पहुंचने' की होड़ शामिल है। ऐसे माहौल में स्वैच्छिक संयम लंबे समय तक टिक पाना कठिन है।

इसका असर केवल कारोबार या साइबर सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। लोकतंत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। डीपफेक, फर्जी सूचनाएं और लक्षित डिजिटल प्रचार पहले ही सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर रहे हैं। एआई की मदद से सच और झूठ के बीच की रेखा और धुंधली होती जा रही है। यही वजह है कि कई विशेषज्ञ अब एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक चुनौती भी मानने लगे हैं। यहीं से नीति और शासन का प्रश्न केंद्रीय हो जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी 'कॉव' की

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सन् 1961 में भारत आईं। एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान एक गुलदस्ता उनपर फेंका गया, जिसे उछलकर बीच में ही किसी ने कैच कर लिया, उस समय महारानी ने चौंककर उन्हें देखा और मुस्कुरा कर कहा 'गुड क्रिकेट'। वो शख्स कोई और नहीं, बल्कि तत्कालीन आईबी के सहायक निदेशक आरएन कॉव थे, जो बाद में 'रॉ' चीफ बने।




रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर


जब इंदिरा जी सत्ता में आईं, तो उन्हें देश के लिए विदेशी खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए एक खुफिया एजेंसी की जरूरत महसूस हुई और उन्होंने आईबी के अच्छे आफिसरों को लेकर 'रॉ' यानी Research and Analysis Wings का गठन किया। रॉ की कमान संभालने के बाद उन्होंने इसे प्रोफेशनल खुफिया एजेंसी के तौर पर बनाया, ब्लूप्रिंट सरकार को दिया, पर खुद ही रॉ के लिए ढाई सौ एजेंट चुने। उनका प्रभाव इतना था कि सभी रॉ एजेंटों को 'कॉवब्यायज' ही कहा जाता था। आरएन कॉव वाराणसी से थे, उनका जन्म 10 मई 1918 को और मृत्यु 20 जनवरी 2002 को हुई, उन्होंने पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के साथ काम किया। आजाद भारत में वे आईबी के सहायक निदेशक बने। इस दौरान उन्हें पंडित नेहरु की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया।

कॉव जब आईबी के सहायक निदेशक थे, उस समय उन्हें एक खुफिया ऑपरेशन करने का मौका मिला था, एअर इंडिया का एक विमान जिसका नाम था 'कश्मीर प्रिंसेस'। वो हांगकांग से जकार्ता के लिए जाने वाला था और उसमें चीन के प्रधानमंत्री यूएन लाई वाडुंग जाने वाले थे। अंतिम समय में स्वास्थ्य कारणों से वे नहीं जा पाए और विमान इंडोनेशिया के तट पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तब कॉव साहब को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने जांच करके बताया कि इसमें ताइवान की खुफिया एजेंसी का हाथ है, चीनी प्रधानमंत्री उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाकर सम्मानित किया।

इस जांच के लिए उस समय आईबी चीफ भोलानाथ मलिक ने स्पेशली उनका नाम नेहरु जी को भेजा था, क्योंकि ये बेहद संवेदनशील थी, इसमें पांच देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। पहली तो भारत जिसका विमान था, दूसरी वो विमान अमेरिका में बना था। तीसरी चीन के प्रधानमंत्री उसमें जाने वाले थे, चौथी विमान हांगकांग से उड़ा था और इंडोनेशिया की सीमा पर गिरा था।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ओपेक से यूएई के अलग होने का वैश्विक प्रभाव

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस की अपनी लगभग 59 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक रूप से समाप्त कर दी। यूएई के इस अलगाव की चर्चाओं ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इस निर्णय का तेल की कीमतों, आपूर्ति-प्रणाली और वैश्विक आर्थिक संतुलन पर व्यापक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूएई की ओपेक में लगभग 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और यह इस समूह का लगभग तीसरा बड़ा उत्पादक है।

ओपेक की स्थापना सितंबर 1960 में हुई थी। यह तेल उत्पादक देशों के बीच एक समन्वयक संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। ओपेक का कार्य तेल उत्पादन को नियंत्रित करके कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। यूएई जैसे महत्वपूर्ण भागीदार के इस संगठन से अलग होने से ओपेक की एकजुटता प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी और वैश्विक ऊर्जा बाजार में संतुलन भी बदल सकता है।




प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी


यूएई के इस निर्णय का सीधा प्रभाव तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। ओपेक की ताकत उसके सदस्य देशों के बीच उत्पादन को नियंत्रित करने की सामूहिक क्षमता में निहित है। यूएई इस व्यवस्था से बाहर आकर स्वतंत्र रूप से उत्पादन बढ़ाता है, तो वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों में गिरावट आ सकती है, हालांकि यह गिरावट स्थायी नहीं होगी, लेकिन यह वैश्विक बाजार को काफी हद तक अस्थिर करने में निर्णायक सिद्ध होगी। दीर्घकाल में, जब ओपेक में समन्वय कमजोर होगा, तब बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिससे तेल कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव हो सकता है।

यूएई के अलग होने से स्पष्ट है कि ओपेक के भीतर मतभेद बढ़ रहे हैं। इससे अन्य सदस्य देश, जैसे सऊदी अरब, कुवैत, इराक, लीबिया, इंडोनेशिया आदि भी अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इस प्रकार, वैश्विक ऊर्जा शासन में विखंडन की प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिससे ओपेक के अस्तित्व पर भी प्रश्न खड़े हो सकते हैं।

यूएई का निर्णय वैश्विक आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि कीमतें गिरती हैं, तो परिवहन और उत्पादन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण संभव होगा। इसके विपरीत, यदि कीमतों में अस्थिरता बढ़ती है, तो यह आपूर्ति-श्रृंखला को प्रभावित कर सकती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। तेल के सस्ता होने से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर और पवन ऊर्जा में निवेश की गति भी धीमी हो सकती है, जो 'ग्रीन ट्रांजिशन' की दिशा को प्रभावित करेगा और दीर्घकाल में नेट जीरो का लक्ष्य भी प्रभावित होगा।

भारत पर इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे, क्योंकि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करते हैं। ऐसे में तेल की कीमतों में कोई भी परिवर्तन सीधे भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यूएई द्वारा तेल का उत्पादन बढ़ाने से तेल की कीमतों में गिरावट होना स्वाभाविक है और यह स्थिति भारत के लिए लाभकारी अवसर के रूप में उभरेगी। भारत सस्ते तेल का लाभ उठाकर अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ा सकता है, जिससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम होगी। यूएई के इस कदम से स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और यूएई रुपये और दरहम में तेल भुगतान से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

चर्चित ब्रितानी कलाकार बैंक्सी का नवीनतम मूर्तिशिल्प, जिसे मध्य लंदन के वॉटरलू पैलेस में स्थापित किया गया है। समकालीन कला के उस हस्तक्षेपकारी स्वभाव को और तीव्रता से रेखांकित करती है, जहां कला केवल रूप-सौंदर्य तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सत्ता, विचारधारा और सार्वजनिक चेतना के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करती है। यह कृति, जिसमें एक सूटधारी राजनेता अपने ही झंडे से अंधा होकर शून्य की ओर अग्रसर है। समकालीन राजनीतिक विवेक के उस संकट का रूपक बन जाती है, जिसकी झलक आज दुनियाभर के कई देशों में स्पष्ट हो चुकी है।

# बैंक्सी की वाटरलू मूर्ति

## वैश्विक प्रतिक्रियाएं और समकालीन कला





बैंक्सी की निजता अभी तक एक रहस्य ही है, किंतु इस बार उनके द्वारा या उनके नाम से स्थापित यह मूर्तिशिल्प कुछ नए सवाल भी उठाते हैं। यहां यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस बार बैंक्सी की कृति एक प्रमुख शहरी स्थल पर 'स्थापित' होती है, न कि पारंपरिक ग्राफिटी की तरह किसी 'अवैध हस्तक्षेप' के रूप में।

जाहिर है ऐसे में यह परिवर्तन समकालीन कला की संस्थागत स्वीकृति की ओर संकेत करता है। पहले जहां बैंक्सी की कला 'विरोध' के रूप में दीवारों पर उभरती थी, वहीं अब वही कला शहर के दृश्य-परिदृश्य का अधिकृत हिस्सा बनती दिखती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

यहां एक द्वंद्व उत्पन्न होता है कि क्या यह अब भी प्रतिरोध की कला है या वह धीरे-धीरे सत्ता-संरचना द्वारा स्वीकृत हो रही है? या कहें कि घुलमिल रही है। वैश्विक कला आलोचना में यह बहस नई नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी जीन-मिशेल बास्किया और कीथ हेरिंग जैसे कलाकारों के साथ भी यही हुआ, जहां उनकी कलाकृतियां पहले तो सड़क की विद्रोही कला के तौर पर सामने आई किंतु अंततः उनकी कृतियां कला दीर्घाओं और कला बाजार का हिस्सा बन गईं।

बहरहाल इस मूर्ति पर विश्वभर में मिली प्रतिक्रियाओं को मुख्यतः तीन श्रेणी में रखकर समझा जा सकता है, जिसमें पहली है राजनीतिक प्रतिक्रिया, जिसके तहत कई विश्लेषकों ने इसे दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद और अधिनायकवाद की तीखी आलोचना के रूप में देखा है। यूरोप, अमेरिका और एशिया के संदर्भों में यह कृति उस 'अंध राष्ट्रवाद' की ओर संकेत करती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकता है।

वहीं कलात्मक/सौंदर्यशास्त्रीय प्रतिक्रिया के तहत इसे कला समीक्षकों के एक वर्ग द्वारा इसकी न्यूनतावादी संरचना और सशक्त रूपक को सराहा जा रहा है। क्योंकि यहां बैंक्सी बिना किसी जटिल संरचना के, एक सीधी दृश्य भाषा में गहन राजनीतिक अर्थ या संदेश संप्रेषित करते हैं, जो समकालीन 'राजनीतिक अभिव्यक्ति वाली कला' की प्रमुख विशेषता है। उधर इस मूर्तिशिल्प पर संशय और आलोचना भी सामने है। क्योंकि कुछ आलोचकों ने इस कृति की 'प्रामाणिकता' और 'अनामता' पर प्रश्न उठाए हैं। क्योंकि बैंक्सी की पहचान को लेकर वर्षों से चल रही जिज्ञासा और समय-समय पर हुए असफल खुलासे इस धारणा को जन्म देते हैं कि यह संभवतः किसी एक



व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक संगठित बौद्धिक समूह का कार्य हो सकता है।

यहां बैंक्सी एक 'कलाकार' से अधिक एक 'बनाए गए मिथक' के तौर पर चिन्हित होते हैं। एक ऐसा मिथक बनकर, जो समकालीन समाज में आलोचनात्मक आवाज को सुरक्षित दूरी से व्यक्त करने का माध्यम बन गया है। वैसे यदि हम इसे वैश्विक कला इतिहास के संदर्भ में देखें, तो यह कृति 20 वीं सदी में प्रचलित हुए अवां-गार्द और क्रांतिकारी कला-आंदोलनों की उत्तराधिकारी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, व्लादिमीर टैटलिन की कृति 'तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का स्मारक' (Monument to the Th ird Internat ional) एक यूटोपियन भविष्य की कल्पना करता है, जहां कला और राजनीति एक नई सामाजिक संरचना का निर्माण करते हैं।

इसी प्रकार, चर्चित सोवियत मूर्तिशिल्प 'श्रमिक और कोलखोज महिला' (Worker and Kolkhoz Woman) प्रगति, श्रम और सामूहिकता के आदर्श को महिमामंडित करती है। बात मूर्तिकार रामकिंकर बैज की कृति 'मिल की पुकार' (Mill Call) भारतीय आधुनिक मूर्तिकला का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसमें श्रमिकों को मिल की पुकार पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दर्शाया गया है, जो औद्योगिक श्रम-संस्कृति और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक है। आकृतियों की गतिशीलता, खुरदरी सतह और स्थानीय सामग्री का प्रयोग इसे अकादमिक यथार्थवाद से अलग करता है। यह कृति श्रम की गरिमा, वर्ग-चेतना और आधुनिक भारत के उभरते औद्योगिक समाज को व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें लोक जीवन की सहजता और आधुनिकतावादी प्रयोगधर्मिता का अनूठा संगम भी दिखाई देता है।

### वैचारिक हस्तक्षेप और कला

बैंक्सी की यह कृति इन परंपराओं के विपरीत बतौर एक "विरोधी स्मारक" सामने आती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में यह किसी आदर्श की स्थापना नहीं करती, बल्कि आदर्शों के विघटन को सामने लाती है। जहां इससे पहले के मूर्तिशिल्प 'स्थिर सत्य' का प्रतिनिधित्व करती थीं, वहां बैंक्सी का यह मूर्तिशिल्प या संस्थापन 'संदेह' और 'संकट' का प्रतिनिधित्व करती है। स्पष्ट है कि इस मूर्तिशिल्प के माध्यम से बैंक्सी एक बार फिर यह सिद्ध करते हैं कि समकालीन कला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि वैचारिक हस्तक्षेप भी है। किंतु इस बार उनकी कला एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वह एक साथ प्रतिरोध भी है और संस्थागत स्वीकृति का हिस्सा भी।

ऐसे में यह अनुमान है कि इसके पीछे किसी बौद्धिक समूह की भूमिका हो सकती है, वैश्विक आलोचना में भी समय-समय पर उठता रहा है। परंतु शायद बैंक्सी जैसे किसी कलाकार की वास्तविक शक्ति इसी 'अनिश्चितता' में ही निहित है। बहरहाल, यह मूर्ति हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि क्या समकालीन कला अब भी सत्ता के विरुद्ध एक स्वतंत्र आवाज है या वह स्वयं सत्ता-संरचना का एक परिष्कृत उपकरण बनती जा रही है? जाहिर है बैंक्सी यहां इस प्रश्न का उत्तर तो नहीं देते, लेकिन वे इस प्रश्न को और धारदार जरूर बना देते हैं।

# मलाणा गांव : जहां होती है अकबर की पूजा

अनोखी परंपरा

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव अपनी अनोखी परंपराओं, प्राचीन शासन व्यवस्था और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यह गांव आधुनिकता से काफी हद तक दूर है और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को आज भी सहेजकर रखा हुआ है। मलाणा की सबसे रोचक विशेषताओं में से एक यह है कि यहां मुगल सम्राट अकबर को देवता के रूप में पूजा जाता है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि अकबर ने किसी समय इस गांव के लोगों को न्याय दिलाया था, जिसके बाद से उन्हें देवतुल्य मानकर सम्मान दिया जाता है। यहां का प्रमुख देवता जमलू देवता माने जाते हैं, जिनके आदेशों और परंपराओं का पालन गांव के सभी निवासी करते हैं।

इस गांव की सामाजिक व्यवस्था भी अत्यंत अनूठी है। मलाणा को भारत के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक माना जाता है, जहां आज भी पारंपरिक पंचायत प्रणाली के तहत निर्णय लिए जाते हैं। यहां बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यदि कोई बाहरी व्यक्ति गांव की दीवार, घर, मंदिर या किसी वस्तु को छू लेता है, तो उसे जुर्माना देना पड़ता है, जो आमतौर पर 1000 से 2500 रुपये तक हो सकता है। इस संबंध में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि पर्यटक नियमों का उल्लंघन न करें।

यहां खरीदारी का तरीका भी अलग है। बाहरी लोग दुकानों के अंदर प्रवेश नहीं कर सकते और न ही किसी वस्तु को सीधे छू सकते हैं। ग्राहक दुकान के बाहर खड़े होकर सामान मांगते हैं, दुकानदार कीमत बताता है और पैसे बाहर ही रखवाए जाते हैं। इसके बाद सामान भी बाहर ही रख दिया जाता है। यह व्यवस्था गांव की शुद्धता और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई गई है।

मलाणा अपनी विशिष्ट भाषा "कनाशी" के लिए भी जाना जाता है, जिसे केवल स्थानीय लोग ही समझते हैं। इसके अलावा, यह गांव अपनी उच्च गुणवत्ता वाली 'मलाणा क्रीम' (हशीश) के कारण भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है, हालांकि यह अवैध है और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाई गई है। पर्यटकों के लिए यहां ठहरने की अनुमति गांव के भीतर नहीं होती। उन्हें गांव के बाहर टेंट या गेस्टहाउस में रुकना पड़ता है। हर साल हजारों पर्यटक इस रहस्यमयी गांव की परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए यहां आते हैं। मलाणा न केवल अपनी अलग पहचान के कारण आकर्षित करता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।





आर्ट गैलरी

# प्रतीकों के जादूगर की चर्चित कृति 'द मास्क'

द मास्क के. जी. सुब्रमण्यन की चर्चित कृतियों में से एक है, जिसमें उन्होंने पहचान और सामाजिक व्यवहार के विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। इस पेंटिंग में 'मुखौटा' केवल चेहरे को ढंकने वाली वस्तु नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे अनेक व्यक्तित्वों का प्रतीक बनकर उभरता है।

चित्र में साहसिक रेखाओं, चटख रंगों और बहुआयामी आकृतियों का प्रयोग किया गया है। पेंटिंग के विभिन्न हिस्से दर्शकों को अलग-अलग भावनाओं और अर्थों की ओर ले जाते हैं। कहीं रहस्य का भाव दिखाई देता है, तो कहीं व्यंग्य और आत्मविश्वास की झलक मिलती है।

इस कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह दर्शक को सोचने पर मजबूर करती है कि समाज में लोग किस प्रकार अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग चेहरे पहनते हैं।

आधुनिक शैली में बनी यह पेंटिंग भारतीय लोक कला की झलक भी प्रस्तुत करती है, जो सुब्रमण्यन की कला की खास पहचान रही है। द मास्क केवल एक चित्र नहीं, बल्कि मनुष्य की पहचान, सामाजिक संबंधों और आंतरिक मनोविज्ञान पर आधारित एक गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति है।

### सुब्रमण्यन के बारे में

के. जी. सुब्रमण्यन भारतीय आधुनिक कला जगत के ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सुंदर सेतु बनाया। वे केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि लेखक, शिक्षक, शिल्पकार और विचारक भी थे। उनकी कला में भारतीय लोक संस्कृति, मिथक, ग्रामीण जीवन और आधुनिक समाज की जटिलताओं का अनूठा मिश्रण दिखाई देता है।

1924 में केरल में जन्मे सुब्रमण्यन ने बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय से कला शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में शांतिनिकेतन से भी जुड़े। उन्होंने कला को केवल दीर्घाओं तक सीमित न रखकर आम जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। वे मानते थे कि कला लोगों के अनुभवों और संस्कृति से जन्म लेती है। उनकी रचनाओं में रंगों की जीवंतता, प्रतीकों का प्रयोग और कल्पनाशीलता प्रमुख रूप से दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला के साथ-साथ भित्ति चित्र, खिलौने, रेखाचित्र और लेखन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। भारतीय आधुनिक कला को नई दिशा देने वाले कलाकारों में उनका नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,559.24 | 23,379.55 |
| गिरावट | 1,456.04 | 436.30 |
| प्रतिशत में | 1.92 | 1.83 |

सोना प्रति 10 ग्राम 1,52,270

चांदी प्रति किलो 2,90,000

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार,13 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के आभूषण 152500, गिन्नी जेवर 148500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 267000 अनुमानित

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
चावल :शरबती- 6000-7700 बासमती- 10000-12600 परमल- 2200-3600
दाल दलहन-काला चना- 5200-6400 साबुत चना दाल- 6200 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 11000-12500 दाल उड़द- 9000-11400 साबुत मसूर दाल- 7200-7800 मसूर दाल- 9000 10200 उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 10000-10500अरहर दाल- 9200 -11200 लोबिया/करमानी- 1500-2200

## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो की ग्रेट कनेक्शन फेस्ट सेल शुरू

**नई दिल्ली।** विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को ग्रेट कनेक्शन फेस्ट की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बताया कि यह सेल 12 मई से 15 मई जारी रहेगा और टिकट 22 मई से 30 सितंबर 2026 की यात्रा के लिए बुक कराये जा सकेंगे। यह सेल सभी रूट पर मान्य है। इसके तहत सभी शुल्कों और करों समेत घरेलू मार्गों पर न्यूनतम किराया 3,999 रुपये और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 9,999 रुपये है।

# तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक फिसला

## 2.75 प्रतिशत बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड

**रुपया 40 पैसे टूटकर अबतक के निचले स्तर 95.68 प्रति डॉलर**

मुंबई, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 3,412 में गिरावट रही जबकि 869 शेयर लाभ में रहे। वहीं 129 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ।

चार कारोबारी सत्रों में, बीएसई सूचकांक 3,399.28 अंक यानी 4.36 प्रतिशत लुढ़का जबकि निफ्टी 951.4 अंक यानी 3.91 प्रतिशत नीचे आया है।

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 40 पैसे लुढ़ककर 95.68 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

### कच्चे तेल की कीमतों से आया दबाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर आने से घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। आईटी और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट व्यापक रही। आईटी शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा क्योंकि एआई (कृत्रिम मेधा) संचालित मूल्य दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

**नुकसान में रहे शेयर :-** सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में तेजी रही।

### मिडकैप 2.92 , स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़का

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.92 प्रतिशत नीचे आया।
- छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़क गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,437.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे
- एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी,चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था।
- अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे।

# उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा, छोड़ें संरक्षणवाद की प्रवृत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश पहला मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है

गौबा ने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है। उन्होंने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है।

# भारत के पास दो माह का ईंधन भंडार पेट्रोलियम कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान संभव: पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद दो महीने के ईंधन भंडार के साथ भारत को आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। हालांकि, यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं और खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमारे पास आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत ने संकट की शुरुआत पर्याप्त भंडार के साथ की थी और तब से घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। साथ ही, मंत्री ने खुदरा कीमतों को स्थिर रखने से बढ़ रहे वित्तीय दबाव को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि लागत और बिक्री मूल्य का कुल अंतर बढ़कर लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया है और एक तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये का घाटा पूरे क्षेत्र के वार्षिक लाभ को खत्म कर सकता है।

पिछले 10 सप्ताह से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद, सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पेट्रोल और डीजल दो साल पुरानी दरों पर ही मिल रहे हैं।

इस समय कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 42 रुपये और रसोई गैस पर 674 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। पुरी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दूरदर्शी बताया। स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि कल से कोई लॉकडाउन या राशनिंग लागू होने वाली है, यह चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश है।

## निवेश की पाठशाला

# सोने के बढ़ते आयात को क्यों घटाना है जरूरी

कारोबार डेस्क



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर मितव्ययिता अपनाने की अपील के बीच भारत में सोने का बढ़ता आयात चर्चा का केंद्र बन गया है। मोदी ने रविवार को कहा था कि सरकार लोगों को पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की कोशिश कर रही है। ईंधन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल, सोने की खरीद टालने तथा विदेश यात्राओं को स्थगित करने जैसे कदम उठाने की जरूरत है ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। इसी बीच भारत में सोने का आयात तेजी से बढ़ा है, जिससे सरकार और अर्थशास्त्री चिंतित हैं। भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है। आइए समझते हैं इससे जुड़ी हर बात...

### भारत कितना सोना आयात कर रहा है?

- 2019-20: 28.2 अरब डॉलर
- 2020-21: 34.62 अरब डॉलर
- 2021-22: 46.14 अरब डॉलर
- 2022-23: 35 अरब डॉलर
- 2023-24: 45.54 अरब डॉलर
- 2024-25: 58 अरब डॉलर
- 2025-26: 71.98 अरब डॉलर (रिकॉर्ड स्तर)

यानी सिर्फ एक साल में सोने का आयात 24% से ज्यादा बढ़ गया।

### कम खरीदा तो आयात बढ़ा कैसे

पिछले साल सोना खरीदा कम गया, फिर भी आयात बढ़ गया, आखिर क्यों? दरअसल आयात की मात्रा घटी, लेकिन बिल बढ़ गया।

वर्ष 2024-25 में आयात : 757 टन

वर्ष 2025-26 में आयात : 721 टन

सोना कम आया, लेकिन उसका कुल खर्च बहुत बढ़ गया।

### वजह क्या है?

वास्तव में सोने की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। पहले कीमत : लगभग 76,600 डॉलर प्रति किलो थी जो अब बढ़कर लगभग 99,800 डॉलर प्रति किलो हो गयी है।

दिल्ली में सोने का भाव करीब 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुका है।

### लोग इतना सोना क्यों खरीद रहे हैं

- **शादी और आभूषण :** भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि परंपरा और शादी-ब्याह का हिस्सा है।
- **सुरक्षित निवेश:** जब दुनिया में युद्ध, तनाव या आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है, तब लोग शेयर बाजार की बजाय सोने में पैसा लगाना सुरक्षित मानते हैं।

### सोना कहां से खरीदता है भारत

1. स्विट्जरलैंड – लगभग 40%
2. संयुक्त अरब अमीरात (UAE) – 16% से ज्यादा
3. दक्षिण अफ्रीका – लगभग 10%

### ज्यादा सोना आयात होने से नुकसान क्या है

- **व्यापार घाटा बढ़ता है :** भारत विदेशों से ज्यादा सामान खरीद रहा है और कम बेच रहा है। इसे ही व्यापार घाटा कहते हैं। 2025-26 में व्यापार घाटा बढ़कर 333 अरब डॉलर हो गया।
- **विदेशी मुद्रा पर दबाव :** सोना खरीदने के लिए भारत को डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है।
- **चालू खाते का घाटा :** आरबीआई के अनुसार चालू खाते का घाटा बढ़कर 13 .2 अरब डॉलर हो गया है।

### सरकार क्या कदम उठा रही है?

- **आयात पर नियंत्रण :** सरकार ने सोना, चांदी और प्लेटिनम के आयात नियम सख्त किए हैं।
- **आयात शुल्क में बदलाव :** 2022 में शुल्क बढ़ाकर 15% किया गया था। 2024-25 बजट में इसे घटाकर 6% कर दिया गया।

**सरकार ने शुल्क क्यों घटाया?**
तस्करी कम करने के लिए, ज्वेलरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए

### विशेषज्ञ क्यों चिंतित

- आर्थिक संस्था ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (GTRI) का कहना है कि यूएई के जरिए सोना आयात तेजी से बढ़ रहा है।

**यूएई से सोने का आयात : 2022 : 2.9 अरब डॉलर 2023 : 6.7 अरब डॉलर, 2025 : 16.5 अरब डॉलर**

विशेषज्ञों का कहना है कि दुबई खुद ज्यादा सोना पैदा नहीं करता, लेकिन दूसरे देशों का सोना वहां से होकर भारत आ रहा है ताकि कम टैक्स का फायदा मिल सके।

### काम की बात

- वैश्विक तनाव बढ़ा तो सोना और महंगा हो सकता है। साथ ही जब देश ज्यादा डॉलर खर्च करता है, तो रुपये पर दबाव पड़ सकता है और चीजें महंगी हो सकती हैं।
- विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ सोने पर निर्भर रहने की बजाय निवेश को अलग-अलग जगह बांटना बेहतर होता है। सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। सरकार चाहती है कि लोग अनावश्यक सोना खरीदने से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा और व्यापार संतुलन सुरक्षित रह सके।

# भारत-ओमान एफटीए एक जून से लागू होने की संभावना: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक जून से लागू होने की उम्मीद है। इस समझौते पर पिछले साल दिसंबर में हस्ताक्षर किए गए थे।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आज मेरी ओमान टीम के साथ अच्छी बैठक हुई और संभावना है कि ओमान मुक्त व्यापार समझौता एक जून, 2026 से लागू हो जाएगा।

ओमान टीम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भारत आई हुई है। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान समेत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात की ओमान में पहुंच शुल्क मुक्त होगी। दूसरी तरफ, भारत खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा।

# छह प्रतिशत रह सकती है 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है। साख निर्धारण एजेंसी ने अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा।

एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा, 2027 के लिए भी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 0.5 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

एजेंसी के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज ने साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है।

# विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो। सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है।

**सतर्कता जरूरी**

**सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मुख्य आर्थिक सलाहकार-भारत संकट से निपटने को बेहतर स्थिति में**

# भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट 'भुगतान संतुलन का एक वास्तविक दबाव परीक्षण' है, जिसका मुद्रास्फीति, चालू खाते और विनिमय दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार संघर्ष के मौजूदा माहौल से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपने कच्चे तेल की आवश्यकता कर 87 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। इसमें से 46 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर या उसके निकट से गुजरता है, जहां औसतन टैंकर यातायात में गिरावट आई है। हमारी एलपीजी जरूरत का 60% आयात किया जाता है, जिसमें से 90% से अधिक खाड़ी देशों के माध्यम से आता है। बाहर से अपने परिवार को भेजे जाने वाले पैसे का 38% खाड़ी देशों से आता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, पश्चिम एशिया संकट कोई विदेश नीति संबंधी चिंता नहीं है जो कभी-कभार आर्थिक नियोजन को प्रभावित करती हो। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि विश्वसनीय रूप से चालू खाते का प्रबंधन करना, उसका वित्तपोषण करना और मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट को रोकना वृहद आर्थिक मोर्चे पर वित्त वर्ष 2026-27 की आर्थिक अनिवार्यताएं हैं। भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद, राजकोषीय मजबूती का रास्ता, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार एक ऐसा आधार प्रदान करते हैं जिससे देश इस माहौल में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।

### यह रणनीतिक गलती होगी

नागेश्वर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर संघर्ष की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उभरती अर्थव्यवस्थाएं जो इस धारणा पर योजना बना रही हैं कि 2020 से पहले की वैश्विक आर्थिक संरचना स्वयं को पुन: स्थापित कर लेगी, वास्तव में यह एक 'रणनीतिक गलती' होगी। सीईए ने कहा कि यह भी आवश्यक है कि रणनीतिक स्पष्टता हो ताकि यह समझा जा सके कि व्यापारिक संबंधों, प्रौद्योगिकी साझेदारियों, आपूर्ति श्रृंखला संरचना और गठबंधन निर्माण को पुनर्गठित करने के लिए सीमित समय ही उपलब्ध है, जो अगली अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था को आकार देगा।

### बड़े उद्योग समय पर करें एमएसएमई का भुगतान

सीईए वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बड़े उद्योगों को एमएसएमई को उनके बिल का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी हों और पूंजी की लागत कम हो सके। एमएसएमई बड़े उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी का स्रोत नहीं होने चाहिए बल्कि इसके विपरीत होना चाहिए। इन उद्यमों की पूंजी लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। नागेश्वरन ने कहा कि एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध होने से नवाचार के लिहाज से सकारात्मक परिवेश बनेगा।

# खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी ने बढ़ाई खुदरा महंगाई

## चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 % बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी



खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के गहनों की कीमतें एक साल पहले की तुलना में तेजी से बढ़ने से अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई बढ़ी है। पिछले साल मार्च में यह 3.40 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर रही जबकि इस साल मार्च में यह 3.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। पान-तंबाकू आदि की कीमत 4.76 प्रतिशत बढ़ी। रेस्त्रां एवं होटल के कमरों की मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रही। खाने-पीने के सामान में टमाटर की कीमत सालाना 35 प्रतिशत और फूल गोभी की 26 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, आलू 24 प्रतिशत, प्याज 18 प्रतिशत और मटर सात प्रतिशत सस्ता हुआ। चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 प्रतिशत बढ़े। सोना, हीरा और प्लेटिनम के गहने 41 प्रतिशत महंगे हुए। आंकड़ों में बताया गया है कि 50 लाख से अधिक की आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना में खुदरा महंगाई सबसे अधिक 5.81 प्रतिशत रही। आंध्र प्रदेश में यह 4.20 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.18 और कर्नाटक में चार प्रतिशत रही। राजस्थान में मुद्रास्फीति की दर 3.52 फीसदी रिकॉर्ड की गयी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेंट स्टीफंस के 145 साल के इतिहास में पहली महिला प्राचार्य



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पहली बार महिला प्राचार्य की नियुक्ति की घोषणा की है। कॉलेज की सुप्रीम काउंसिल ने घोषणा की है कि प्रो. सुसान एलियास एक जून 2026 से कॉलेज की 14वीं प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बिशप और कॉलेज के अध्यक्ष द राइट रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा जारी इस आदेश के साथ ही कॉलेज के 145 साल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। यह पहला मौका है, जब इस संस्थान की कमान किसी महिला के हाथों में होगी। कॉलेज के चेयरमैन पॉल स्वरूप ने कहा कि प्रोफेसर एलियास कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। उन्होंने उनकी नियुक्ति को सेंट स्टीफंस में अत्याधुनिक तकनीक लाने वाला कदम बताया।

### दिल्ली में पूर्वोत्तर की महिला पर छेड़छाड़ के बाद हमला

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने दिल्ली में पूर्वोत्तर की एक महिला के साथ छेड़छाड़ और उस पर हमले को लेकर मंगलवार को चिंता जताई और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बार-बार हिंसा और भेदभाव के मामलों को अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता। ऐसी घटनाओं में कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। दिल्ली पुलिस के अनुसार नेहरू प्लेस में 10 मई को सुबह करीब साढ़े छह बजे एक होटल के बाहर चाय स्टॉल के समीप दो महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने छेड़छाड़ के बाद उन पर हमला किया। एक महिला असम की है और दूसरी बिहार की। घटना में शामिल चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर विवाद में मारे गए नौ लोग

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद के बाद प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में मंगलवार को सात लोग मारे गए और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में हुई। यह इलाका राजधानी पेशावर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस ने बताया कि इलाके में पेड़ों की कटाई को लेकर दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद झड़प हुई। इस घटना में सात लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आसपास के इलाकों से भारी संख्या में पुलिस बल भेजे गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई

## युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर ईरान के रुख से निराश अमेरिकी राष्ट्रपति गंभीरता से कर रहे हैं विचार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रंप के सहयोगियों के हवाले से यह दावा किया है। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि दूसरे समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं।

सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। सीएनएन ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रंप की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

**मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान की भूमिका पर भी शक**



### पश्चिम एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान की 14 सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने एक्स पर कहा, ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है। कोई भी और दृष्टिकोण पूरी तरह बेनतीजा रहेगा और एक के बाद एक असफलता के अलावा यह कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। उधर, ट्रंप ने संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

### एक महीने बंद रहा होर्मुज तो 2027 तक जारी रहेगा तेल संकट

**सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने किया आगाह**

**दोहा।** सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर शुरू नहीं होती तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था।

### यूएई में अगले साल तक सिर्फ 60 प्रतिशत रहेगा गैस का उत्पादन

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण यूएई का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर नहीं लौट पाएगा। एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है।

### भारत में रूसी तेल का आयात 15% घटा

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चा तेल आयात अप्रैल माह में 15 प्रतिशत से अधिक घट गया जिसका मुख्य कारण एक प्रमुख रिफाइनरी का रखरखाव के लिए बंद होना रहा। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने यह रिपोर्ट जारी की है।

# पंजाब: सतर्कता विभाग के कार्यालय पर छापा, अफसरों के तीन दलाल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने राज्य कर के अफसर की शिकायत पर की कार्रवाई
- डीजी का रीडर फरार, रिश्वत लेकर निपटाए जा रहे थे मामले

सीबीआई ने 13 लाख रुपये के रिश्वत मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के मोहाली स्थित सतर्कता विभाग कार्यालय पर देर रात छापा मारा। इस दौरान फरार होने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को पीछा करके पकड़ लिया गया। इनमें से दो विभाग के उच्चाधिकारियों के लिए दलाली करने वाले बिचौलिए हैं।

सीबीआई ने यह कार्रवाई पंजाब के एक राज्य कर अधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की जिसने विकास गोयल और उनके बेटे राघव गोयल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने महानिदेशक (डीजीपी सतर्कता), पंजाब के कार्यालय में एक शिकायत को बंद कराने के बदले 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोप था कि दोनों आरोपी डीजीपी सतर्कता (पंजाब) के रीडर सहित वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे। वे आश्वासन दे रहे थे कि रिश्वत देने पर मामला सुलझा लिया जाएगा। डीजी सतर्कता के रीडर ओपी राणा ने भी रिश्वत देने पर शिकायत को बंद करने का भरोसा दिया था।

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच में साजिश में राणा की संलिप्तता सामने आई है। बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान आरोपियों ने मांग को 20 लाख रुपये से घटाकर 13 लाख रुपये कर दिया और साथ ही राणा के लिए एक सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 मोबाइल फोन की भी मांग की। रिश्वत के लेनदेन की पुष्टि के बाद सीबीआई ने चंडीगढ़ में छापा मारा, जहां आरोपियों के सहयोगी अंकित वाधवा को 13 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रिश्वत के पैसे और फोन भी कब्जे में ले लिया गया। इसी बीच निगरानी के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों से सूचना मिलने के बाद राघव गोयल, विकास गोयल और राणा मौके से भाग निकले। सीबीआई की टीम ने उनका पीछा कर पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास राघव और विकास को पकड़.लिया। उनके दो सुरक्षाकर्मियों को भी हिरासत में ले लिया।

### घर से मिले लाखों रुपये, आपत्तिजनक दस्तावेज

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि मलोट में गोयल और चंडीगढ़ में राणा के आवासीय परिसरों की तलाशी के दौरान नौ लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई की जांच में राणा और गोयल के बीच लंबित सतर्कता मामलों से संबंधित संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान का भी खुलासा हुआ है। सीबीआई के मुताबिक इस बड़ी साजिश की जांच की जा रही है। आरोपियों को आधिकारिक तौर पर पुलिस की सुरक्षा दी गई थी। आरोपियों के साथ एके-47 राइफल से लैस पुलिसकर्मियों की तैनाती और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# उत्तरी-पश्चिम में भीषण गर्मी, दक्षिण पूर्वोत्तर में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी और दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने बुधवार को एक तरफ जहां राजस्थान के लिए भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वही दूसरी तरफ बंगाल की खाड़ी में इस सप्ताह के अंत तक मानसून आने के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पहुंचने के आसार हैं। फिलहाल बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो दिनों में और मजबूत हो सकता है। उधर, मैदानी इलाकों में जारी गर्मी के प्रकोप के बीच राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्म हवाएं चलेगीं। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी अगले 4-5 दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा।



कानपुर चिड़ियाघर में गर्मी से परेशान बाघ।

- बंगाल की खाड़ी में इसी सप्ताह मानसून पहुंचने का अनुमान

दूसरी तरफ, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 13 से 18 मई के बीच बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में भी बुधवार को मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई है। उत्तर भारत में 15 मई से एक नया 'पश्चिमी विक्षोभ' सक्रिय होगा, जिसके असर से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

# नारायणपुर में हथियारों और विस्फोटकों का भारी जखीरा बरामद

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जंगलों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की गई है। अबूझमाड़ के जंगलों में भी छिपाए गए हथियारों को तलाश करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।




पिछले एक महीने से जिले के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कई छिपे डंप खोज निकाले, जहां से अत्याधुनिक हथियार, जिंदा कारतूस, बीजीएल सेल, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, वायरलेस सेट, बैटरी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक करोड़ से ज्यादा कैश के अलावा तीन एके-47 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, दो .303 राइफल, एक .315 राइफल, दो 12 बोर बंदूक और दो देसी कट्टे बरामद किए गए। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में जिंदा कारतूस, मैगजीन और बीजीएल सेल भी जब्त किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने 132 बीजीएल सेल, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, छह बंडल कॉर्डेक्स वायर, वॉकी-टॉकी सेट, मोटोरोला वायरलेस सेट, बिजली वायर, रेडियो सेल और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से नक्सलियों की हथियार आपूर्ति और आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

- नक्सलियों पर कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला

# चीन की जासूस निकली अमेरिकी शहर की मेयर

वाशिंगटन, एजेंसी

कैलिफोर्निया के अर्काडिया शहर की मेयर एलीन वांग ने चीन के अवैध एजेंट के रूप में काम करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक वांग ने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है और उम्मीद जा रही है कि वह लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में भी अपना अपराध स्वीकार करेंगी।

संघीय अभियोजकों ने बताया कि वांग (58) और उस समय उनके मंगेतर रहे याओनिंग माइक सन पर चीन के सरकारी अधिकारियों के इशारे पर अमेरिका में चीन का प्रचार करने का आरोप है। सन (65) पिछले साल अक्टूबर में एक संघीय अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने के बाद चार साल की जेल की सजा काट रहा है। एक संबंधित याचिका में वांग ने उन पर लगे आरोप अदालत में स्वीकार करने पर सहमति जताई है और इस अपराध के लिए उन्हें अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। वांग नवंबर 2022 में अर्काडिया सिटी काउंसिल के लिए चुनी गई थीं, जो पांच सदस्यीय शासी निकाय है और इसमें महापौर का चयन बारी-बारी से होता है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के फर्स्ट असिस्टेंट यूएस अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा, हमारे देश में वे लोग जो गुपचुप तरीके से विदेशी सरकारों के इशारों पर काम करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। एफबीआई के काउंटरइंटेलिजेंस और जासूसी प्रभाग के सहायक निदेशक रोमन रोज़ावस्की ने कहा, एलीन वांग ने स्वीकार किया है कि वह गुप्त रूप से चीन सरकार के हितों के लिए काम कर रही थीं।



- जुर्म स्वीकार कर पद से इस्तीफा दिया, 10 साल हो सकती है जेल

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** – आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ है। धन आगमन के नए स्रोत खुल सकते हैं। वाणी पर संयम रखें।

**मिथुन** – आज का दिन व्यापारिक समझौतों के लिए अनुकूल है। मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** – आज खर्चों में अधिकता रह सकती है। व्यर्थ की भागदौड़ से थकान महसूस हो सकती है। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। शाम का समय दोस्तों के साथ बिताएंगे। पुराने अटके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** – आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक दायरे में विस्तार होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कठिन कार्य भी आसानी से हल हो जाएंगे। मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु** – आज व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आपसी समझ में सुधार देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर देगी।

**मकर** – आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**कुंभ** – आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। मन में संतोष का भाव रहेगा। रचनात्मक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन** – आज यात्राएं लाभदायक सिद्ध होंगी। अकारण चिंता से बचें। सुख-सुविधाओं की वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है।

### ब्रिटेन : लगातार बढ़ते दबाव के बीच स्टॉर्मर का पद छोड़ने से इन्कार

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टॉर्मर ने इस्तीफा देने के बढ़ते दबाव के बावजूद मंगलवार को पद पर बने रहने के अपने संकल्प को दोहराया। स्टॉर्मर ने कैबिनेट मंत्रियों से कहा कि पिछले सप्ताह ब्रिटेन भर में हुए स्थानीय चुनावों में उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं, लेकिन वह संघर्ष जारी रखेंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि नेता को हटाने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा, देश चाहता है कि हम शासन करें। मैं वही कर रहा हूं।

# जिनपिंग से मुलाकात में ट्रंप व्यापार ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत

वॉशिंगटन/बीजिंग, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रंप का 2017 के बाद यह चीन का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है जो दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है।

ट्रंप 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रंप की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया।

- बीजिंग रवाना हुए अमेरिकी राष्ट्रपति, दो दिन के शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

### 182 देशों के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में करेंगे वैश्विक ध्यान

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान का भव्य आयोजन होगा। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में 182 देशों के करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से एक साथ ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिन पूर्व ही इस आयोजन के लिए नवनिर्मित दिव्य ध्यान परिसर का उद्घाटन कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, डिजिटल युग के तनाव से मुक्ति के लिए यह आंतरिक संतुलन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, सर्बानंद सोनोवाल, मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह सहित कई राज्यों के राज्यपाल और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी और फिल्म जगत से रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, मोहन बाबू व अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी गुरुदेव के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। ये आयोजन गुरुदेव द्वारा 45 वर्षों से दिए जा रहे शांति और मानवीय सेवा के संदेश को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। यह उस वैश्विक शांति संदेश का जीवंत स्वरूप होगा, जिसे वह साढ़े चार दशकों से विश्वभर में प्रसारित कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाएगा, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी चरितार्थ करेगा।



- आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होगा कार्यक्रम

**संयुक्त राष्ट्र** | गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# दुनिया में वैज्ञानिक प्रगति को संकीर्ण नजरिए से देखा गया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रगति को लंबे समय से संकीर्ण नजरिए से देखा गया। अब भी उन ऐतिहासिक विकृतियों को सुधारने की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का शीर्षक 'शून्य से अनंत तक गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' है।

इस प्रदर्शनी को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी तरह की इस पहली ऐतिहासिक प्रदर्शनी का सोमवार को अपनी न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान उद्घाटन किया, जो समहिता (दक्षिण एशियाई पांडुलिपि इतिहास और पाठ्य संग्रह) परियोजना का हिस्सा है। जयशंकर ने कहा, हम जो यहां एकत्र हुए हैं, वे केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं। हम उस सभ्यता का अवलोकन कर रहे हैं जिसका जन्म भारत की बौद्धिक मिट्टी में हुआ था। यह एक ऐसी विरासत है जिसका संबंध जितना अतीत से है, उतना ही भविष्य से भी है।



संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### गणित में भारत के योगदान पर केंद्रित है प्रदर्शनी

यह उन प्राचीन गणितीय अवधारणाओं पर प्रकाश डालती है जिनकी जड़ें भारत में हैं और जो आगे हजारों वर्षों में पूरी दुनिया में फैलीं, इनमें शून्य, दशमलव स्थान मान प्रणाली, बीजगणित और एल्गोरिदम से लेकर ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संच, द्विआधारी गणना, और रेखागणित का बौधायन-पायथागोरस प्रमेय शामिल हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल के खगोल विज्ञान और गणित संप्रदाय तक के विद्वानों के योगदान को दर्शाया गया है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 मई, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, एकादशी 13 .29 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तर भाद्रपद 14 मई 00 .27 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

### सुडोकू -148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |



''मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी। ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'' –साक्षी मलिक, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हल्द्वानी, बुधवार, 13 मई 2026


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–494 रन
- केएल राहुल दिल्ली–477 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –475 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–18 विकेट

# प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**11** मैचों में सात जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स ने बनाई लय

रायपुर, एजेंसी

प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है। रायपुर की तेज गर्मी में दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है। एक ऐसी टक्कर के लिए, तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है। शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है। एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई



और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी ज़रूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिंचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज़ जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताज़ा कर दी है। इस सीज़न में उनके द्वारा लिए गए 21 विकेट एक ऐसे गेंदबाज़ की कहानी बयाँ करते हैं, जो आज भी लय, गेंद की मूवमेंट और नियंत्रण को ज़्यादातर दूसरे गेंदबाज़ों के मुकाबले कहीं बेहतर समझता है। लेकिन जहाँ आरसीबी का प्रदर्शन लगातार एक जैसा और स्थिर रहा है, वहीं केकेआर का सफ़र उतार-चढ़ावों और नाटकीयता से भरा रहा है। अभी कुछ ही हफ़्ते पहले तक तो ऐसा लग रहा था कि उनका यह अभियान अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है। चोटों ने बॉलिंग को कमज़ोर कर दिया था, बैटिंग में आत्मविश्वास की कमी थी, और पॉइंट्स टेबल भी कोई रहम नहीं दिखा रहा था। फिर भी, इस अनिश्चितता के बीच कहीं न कहीं, कोलकाता को अपनी खोई हुई चमक मिल ही गई।

अब वे लगातार चार मैच जीतकर रायपुर पहुँचे हैं, और उनके साथ है उस टीम की ऊर्जा जिसे अब किसी बात का डर नहीं है। इस वापसी की अगुवाई न्यूज़ीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज़ फिन एलन ने की है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी नाबाद सेंचुरी से केकेआर की वापसी का ज़ोरदार ऐलान कर दिया। कैमरन ग्रीन अब उसी दबदबे के साथ मैचों पर असर डालना शुरू कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद हर किसी को उनसे थी।

# हरियाणा के पहलवानों ने जीते 26 पदक

## सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता : हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया

गोंडा (नवाबगंज)

**अमृत विचार** : नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोमवार को हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा साबित कर दिया। खेले गए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर कुल 26 पदक अपने नाम किए। दमदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया।

अभी तक प्रतियोगिता में हरियाणा ने 235 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तर प्रदेश 91 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। अखाड़े में हरियाणा के पहलवानों की तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीसरे दिन महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा के संजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सुशील कुमार को रजत मिला, जबकि प्रदीप और हरिकेश ने कांस्य पदक हासिल किए। 60 किग्रा वर्ग में संदीप ने हरियाणा की झोली में एक और स्वर्ण डाला। दिल्ली के हर्ष को रजत पदक मिला। हिमांशु और साहिल/अशोक ने कांस्य पदक अपने नाम किए। 63 किग्रा वर्ग में विजय ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का दबदबा कायम रखा। महाराष्ट्र के विनय रजत पदक विजेता रहे, जबकि सोनू और परवीन ने कांस्य पदक जीते। 67 किग्रा वर्ग में निशांत ने बेहतरीन दांव-पेंच के दम पर स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के विकास को रजत मिला। दिल्ली के कुलदीप और उत्तर प्रदेश के मुकुल चौहान ने कांस्य पदक हासिल किए। 72 किग्रा वर्ग में एसएससीबी के सूरज ने स्वर्ण पदक जीता। यूपी के गौरव दुहून को रजत मिला। हरियाणा के नवीन और विकास राणा ने कांस्य पदक हासिल किए। 77 किग्रा वर्ग में हरियाणा के विकास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश के सन्नी बैसला रजत पदक विजेता रहे। अंकित बूरा और धीरज कुमार मलिक ने कांस्य पदक जीते। 82 किग्रा वर्ग में मनजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा को बढ़त दिलाई। उमेश को रजत पदक मिला, जबकि सचिन और दीपक पुनिया ने कांस्य पदक हासिल किए। 87 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र के तेजपाल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के सागर को रजत मिला। दिल्ली के विकास दलाल और उत्तर प्रदेश के मानव शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। 97 किग्रा वर्ग में आशीष ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की स्थिति और मजबूत कर दी। पंजाब के अभिमन्यु रजत पदक विजेता रहे। निखिल और विशेष चौहान ने कांस्य पदक जीते। 130 किग्रा वर्ग में मेहर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का शानदार अभियान पूरा किया। विपिन को रजत पदक मिला, जबकि परवेश और पीयूष कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किए।



गोंडा : ग्रीको रोमन मुकाबले में एक दूसरे से भिड़ते पहलवान।

### साक्षी ने विनेश मामले में पीएम मोदी से की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विनेश फोगाट के रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के साथ चल रहे झगड़े में दखल देने की अपील की है। साक्षी ने गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से मना किए जाने के बाद अपनी साथी रेसलर का साथ दिया है। विनेश, जिन्होंने पिछले साल अपने रिटायरमेंट का फैसला बदल दिया था, को डब्ल्यूएफआई द्वारा डोप टेस्ट में शामिल न होने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद मुकाबला करने से रोक दिया गया था। इस विवाद के बावजूद, विनेश सोमवार को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद में गोंडा गईं, लेकिन उन्हें हिस्सा लेने की इजाज़त नहीं दी गई।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 2. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 3. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

# गेंदबाज़ी व फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया : श्रेयस अय्यर

धर्मशाला, एजेंसी

पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाज़ी और फील्डिंग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाज़ी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाज़ों के दो कैच छोड़े। वे इस सीज़न में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज़्यादा हैं। अय्यर ने कहा, "मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फ़ील्डिंग और गेंदबाज़ी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज़्यादा बनाए थे।" जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ युज़वेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबाज़ी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहाः "उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज़ गेंदबाज़ों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए।"



**हाईलाइट**

### अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नयी दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

### टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है, उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो "ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों।" टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सज़ा को मान लिया।

### डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरोपियन टी20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोषित किया गया है। यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफ़ास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी-मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी20 लीग भी है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज

**थाईलैंड ओपन बैडमिंटन**

बैंकॉक, एजेंसी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मुकाबले में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को 21-19, 21-18 से हराया।

# गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स के खिलाफ बनाए 168 रन




अहमदाबाद, एजेंसी।

साईं सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल के मैच में पांच विकेट पर 168 रन बनाये। सुदर्शन ने 44 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। वहीं सुंदर ने 33 गेंद में सात चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिये प्रफुल्ल हिंगे ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये जबकि कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट चटकाया।

सनराइजर्स के तेज गेंदबाजों ने गुजरात के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ यह टीम इस पिच पर सौ रन पर आउट हो गई थी। साइ सुदर्शन को अपने संयम का फायदा मिला और उन्होंने चौथे विकेट के लिये सुंदर के साथ 60 रन की साझेदारी की। हिंगे ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाये और छह ओवर के बाद गुजरात टीम दो विकेट पर 34 रन ही बना सकी थी जो इस सत्र में उसका सबसे कम स्कोर है। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (पांच) खुशकिस्मत थे जब नीतिश कुमार रेड्डी दूसरे ओवर में उनका रिटर्न कैच नहीं लपक सके। लेकिन अगले ओवर में वह हिंगे की गेंद पर मिड आन पर हेनरिच क्लासेन को कैच थमा बैठे। हिंगे ने खतरनाक जोस बटलर (सात) को भी सस्ते में आउट किया जिनका कैच विकेट के पीछे ईशान किशन ने लपका।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी।



पदक जीतने के बाद एक-दूसरे के साथ भारतीय मुक्केबाज।

# लक्ष्य फाइनल में, चार भारतीय मुक्केबाजों को मिला कांस्य

ताशकंद, एजेंसी।

भारत के लिये एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5 - 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5 - 0 से हराया।

यश यादव (50 किलो) को मंगोलिया के एस उसुखबातार ने 4 - 1 से मात दी जबकि निवेश पाल 54 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुलबोसित युर्सुनबोएव से 5 - 0 से हार गए। नमन (70 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुवोहिद अब्दुमाजिदोव ने 3 - 2 से हराया।

**पीड़ा**

वर्ष 2023 के एशियाई खेल में दीपक पूनिया ने जीता था रजत पदक

# पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुआ मेरा करियर

गोंडा, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक एक समय 86 किलोग्राम वर्ग में भारत की तरफ से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवान थे। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तब से उनका एकमात्र अच्छा प्रदर्शन एशियाई खेल 2023 में रहा जहां उन्होंने रजत पदक जीता था।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट जीता था लेकिन वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वर्तमान नीति के अनुसार एशियाई खेलों के लिए 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की योग्यता नहीं रखते हैं। इस नीति में यहां चल रहे टूर्नामेंट के नतीजों पर गौर नहीं किया जाएगा। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'' उन्होंने कहा, ''जब आप हर दूसरे या तीसरे महीने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो आपको अपनी कमजोरी का पता चलता है और आप उसमें सुधार करते हैं।

लेकिन अगर आपको साल में केवल एक विश्व चैंपियनशिप या केवल एक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलता है तो प्रदर्शन में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।'' भारत के प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने 2023 में डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उन्होंने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय ने तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और एक तदर्थ समिति ने लंबे समय तक इसका संचालन किया। इसके चलते भारत में टूर्नामेंट और कुश्ती गतिविधियों में व्यवधान पैदा हुआ। यह मामला अभी अदालत में है। दीपक से जब पूछा गया कि वह भी विरोध प्रदर्शन स्थल पर आए थे तो उन्होंने कहा, ''मैं अभी उन बातों पर चर्चा नहीं करना चाहता। रहने दीजिए।'' हरियाणा के इस पहलवान ने 2025 में विश्व चैंपियनशिप में अपने निराशाजनक प्रदर्शन का कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करना और अभ्यास के लिए साथियों की कमी को बताया। पदक राउंड से काफी पहले ही उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया और वह 11वें स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने अभ्यास में गलतियां कीं। विश्व चैंपियनशिप से पहले मुझे कोई अच्छा स्पैरिंग पार्टनर (अभ्यास के लिए साथी पहलवान) नहीं मिला। स्पैरिंग पार्टनर बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।'' दीपक ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अगले एशियाई खेलों में 86 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों में अपने पदक का रंग बदलना है। मैं एशियाई खेलों में मौका पाने के लिए ही इस प्रतियोगिता में भाग ले रहा हूं।

